दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर

3 राजधानी — छत्तीसगढ़ में बनेगा सिंचाई विकास...

4 अभिव्यक्ति — संविधान पर नफरती विचारधारा के...

9 मनोरंजन/व्यापार — तो मूवी डेट के साथ आलिया-रणबीर का...

11 खेल — अब चार दिनों का हो सकता है टेस्ट...

www.navpradesh.com

रायपुर, मंगलवार 31 दिसम्बर, 2019, पौष शुक्ल पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-316 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

झारखण्ड में झामुमो के नेतृत्व में गठबंधन सरकार के गठन के बाद अब देश के आधे राज्यों में क्षेत्रीय दलों की सरकार बन गई है। इन गिने चुने राज्यों में भाजपा और कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियों की सरकार है, उसमें भी अधिकांश में वे क्षेत्रीय पार्टियों की बैसाखी के सहारे है। क्षेत्रीय क्षत्रपों की ताकत लगातार बढ़ती जा रही है। स्थिति यह है कि राष्ट्रीय दल उनके पिछलग्गू बनने के लिए बाध्य हैं। यदि राष्ट्रीय पार्टियां राज्यों में इसी तरह सिकुड़ती रही तो वह दिन दूर नहीं दिखता जब केन्द्र में भी क्षेत्रीय पार्टियों की अगुवाई में सरकार बनने लगे।

महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर नानाभाऊ पटोले के दिल को छू गया राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव

छत्तीसगढ़ जैसा कार्यक्रम महाराष्ट्र में भी : नानाभाऊ पटोले

अश्विन अगाड़े

रायपुर। महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर व रविवार को राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के समापन समारोह के अध्यक्ष रहे नानाभाऊ पटोले ऐसा महोत्सव अपने राज्य महाराष्ट्र में कराने के लिए लालायित हैं। समारोह समाप्त होने के बाद पटोले ने नवप्रदेश से खास चर्चा में कहा, 'इस कार्यक्रम को देखने के बाद मैंने भी यह ठान लिया है कि ऐसा कार्यक्रम महाराष्ट्र में आयोजित किया जाए। इसके लिए मैं महाराष्ट्र के संस्कृति विभाग को प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहूंगा।' पटोले का अपने क्षेत्र में खासा प्रभाव है। किसान उन्हें अपने हितैषी व युवा अपने आईकॉन के रूप में देखते हैं। विदर्भ के साथ ही महाराष्ट्र की राजनीति की इस बड़ी शख्सियत ने नवप्रदेश

महाराष्ट्र में योजनाओं के प्रचार प्रसार संबंधी शिवसेना वाले बैनर-पोस्टर पर कहा- ये किसी कार्यकर्ता का सिर्फ अपनी पार्टी व नेता के प्रति लगाव, मतभेद जैसी बात नहीं

संवाददाता अश्विन अगाड़े के साथ अपने प्रदेश की आदिवासी संस्कृति, विदर्भ के किसानों-सिंचाई व्यवस्था, महाराष्ट्र में गठबंधन सरकार के कामकाज समेत विभिन्न मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। पेश है बातचीत के अंश...

● आपने अपने भाषण में कहा कि आप महाराष्ट्र सरकार को ऐसा कार्यक्रम कराने की सलाह देंगे, आपके मन में क्या चल रहा है?

हमारे पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य की भव्यता व यहां देश-विदेश से पहुंचे आदिवासी भाई-बहनों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मुझे अहसास हुआ कि आदिवासियों की कला संरक्षित करने का काम ऐसे महोत्सवों से निश्चित रूप से होगा। मेरे दिमाग में चल रहा है तभी मैंने महाराष्ट्र में भी ऐसा आयोजन कराने की बात कही है। संस्कृति विभाग को इस संबंध का प्रस्ताव बनाने के लिए कहूंगा। महाराष्ट्र में भी 20 जिलों में आदिवासी बसते हैं। उनकी कला, संस्कृति व परंपरा को संजोने के लिए ऐसे आयोजन कराने ही होंगे।

● छत्तीसगढ़ के बारे में आप क्या कहेंगे, सरकारी योजनाओं को लेकर आपके मन में क्या कोई सुझाव है?

छत्तीसगढ़ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मोदी का सीएए पर जन समर्थन के लिए सोशल मीडिया कैम्पेन

नयी दिल्ली, (वार्ता)। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर छिड़े विवाद के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आधिकारिक नमो एप पर इस कानून के लिए जनसमर्थन जुटाने के उद्देश्य से एक अभियान शुरू किया है।

यह अभियान देश के विभिन्न हिस्सों में सीएए को लेकर बढते विरोध प्रदर्शनों के बीच शुरू किया गया है। इससे पहले भी सरकार ने सीएए को लेकर विभिन्न मंचों पर स्थिति स्पष्ट की है और इससे संबंधित प्रशन और उनके जवाब भी दिये हैं। खुद प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री ने भी बार बार कहा है कि यह कानून किसी की नागरिकता लेने के लिए नहीं बल्कि प्रताड़ित शरणार्थियों को नागरिकता देने के बारे में है।

सीएए हैशटैग के साथ समर्थन की अपील

नमो एप पर 'इंडिया स्पोर्ट्स सीएए ' हैशटैग से एक अभियान शुरू किया गया है जिसमें लोगों से इस कानून का समर्थन करने की अपील की गयी है। इसके लिए श्री मोदी की निजी वेबसाइट के ट्विटर हैंडल पर ट्विट भी किया गया है। इसमें इंडिया स्पोर्ट्स सीएए हैशटैग के साथ इसका समर्थन करने की अपील और कारण भी बताया गया है। ट्विट में लिखा है, सीएए प्रताड़ित शरणार्थियों को नागरिकता देने के बारे में है और यह किसी की नागरिकता लेने के लिए नहीं है। नमो एप के वालंटियर माड्यूल के वायस सेक्शन में इस हैशटैग को जानकारी, ग्राफिक्स, वीडियो और अन्य चीजों के लिए देखें। इसे शेयर करें और सीएए के लिए अपना समर्थन प्रकट करें।

यूपीएससी का ऑल इंडिया 5वां रैंकर आईएएस घूस लेते गिरफ्तार

नई दिल्ली ए.। सतर्कता विभाग ने एक लाख रुपए घूस लेते हुए एक आईएएस अधिकारी को गिरफ्तार किया है। 2009 बैच के ओडिसा कैडर के अधिकारी विजय केतन उपाध्याय को भुवनेश्वर से उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब वे एक फार्म हाउस के मालिक से घूस ले रहे थे। 2008 के सिविल सेवा परीक्षा में उपाध्याय ने पांचवीं रैंक हासिल की थी।

अधिकारियों ने बताया कि सूचना के आधार पर उपाध्याय के बालासोर और भुवनेश्वर स्थित आवास पर छापेमारी की गई थी। उपाध्याय की गिरफ्तारी के बाद राज्य सरकार ने उन्हें निलंबित कर दिया है। उपाध्याय वर्तमान में ओडिसा हॉर्टिकल्चर विभाग के डायरेक्टर हैं। उपाध्याय की गिरफ्तारी के बाद सतर्कता विभाग के अधिकारियों ने बताया, 'पिछले कुछ सप्ताह से ऐसी सूचनाएं मिल रही थीं कि हॉर्टिकल्चर विभाग के डायरेक्टर घूस ले रहे हैं। इसी के बाद हमने उनपर नजर रखनी शुरू कर दी और इसी कड़ी में यह कार्रवाई की गई है।'

उपाध्याय की गिरफ्तारी उस वक्त हुई है जब विपक्ष पटनायक सरकार पर आरोप लगा रहा था कि राज्य सरकार केवल राज्य सरकार के छोटे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है जबकि बड़े कथित तौर पर बड़े भ्रष्टाचार में शामिल आईएएस और आईपीएस अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

पिछले 9 साल में सतर्कता विभाग ने 9 आईएएस अधिकारियों के खिलाफ 11 मामले दर्ज किए हैं। वहीं 227 केस ओएएस अधिकारियों के खिलाफ हैं। विभाग ने 6 केस में चार्जशीट दाखिल कर दी है। एक केस में फाइनल रिपोर्ट दे दी गई है जबकि चार मामलों में अभी भी जांच जारी है।

खास खबर

पहली बार इस वर्ष रेल दुर्घटनाओं में एक भी जान नहीं गई

नई दिल्ली, (वार्ता)। रेलवे के इतिहास में वर्ष 2019 ऐसा पहला साल रहा जिसमें रेल दुर्घटनाओं के कारण किसी भी इंसान की जान नहीं गयी तथा इस साल रेलवे ने मेक इन इंडिया के तहत विश्वस्तरीय लेकिन दुनिया की सबसे सस्ती सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत के नाम से पटरी पर दौड़ायी और 114 साल पुराने रेलवे बोर्ड के सेवा तंत्र में क्रांतिकारी बदलाव किया।

कार नहर में गिरी, 6 की मौत, पांच घायल

ग्रेटर नोएडा (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में जनपद गौतमबुद्ध नगर के थाना दनकौर इलाके में सोमवार को घने कोहरे और तेज रफ्तार के कारण हुए हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए।

ठंड ने दिल्ली में तोड़ा 119 साल का रिकॉर्ड

नई दिल्ली/नवप्रदेश। दिल्ली में ठंड ने पिछले 119 साल का रेकॉर्ड तोड़ दिया है। यहां 1901 के बाद सोमवार दिसंबर का सबसे ठंडा दिन रहा। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम साढ़े पांच बजे दिल्ली ■ शेष पृष्ठ 8 पर

उपद्रव के बाद बदला ले रही है यूपी पुलिस

लखनऊ। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने नागरिकता संशोधन कानून और एनआरसी को लेकर योगी सरकार और यूपी पुलिस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उपद्रव के बाद अब पुलिस जुल्म कर रही है। प्रियंका ने आरोप लगाया कि यूपी पुलिस और प्रशासन सीएम योगी आदित्यनाथ के बदला लेने के बयान के आधार पर कार्रवाई कर रहा है।

योगी भगवा वस्त्र धारण करते हैं जो हमें शांति और करुणा सीखाता है, बदला लेना नहीं : प्रियंका

प्रियंका ने सीएम योगी पर भी निशाना साधा और कहा कि वह भगवा वस्त्र धारण करते हैं जो हमें शांति और करुणा सिखाता है, बदला लेना नहीं।

विरोध प्रदर्शनों में मरे लोगों के परिजनों की मदद करें कार्यकर्ता

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ देशभर में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हताहत हुए लोगों के परिजनों से मिलकर उन्हें पूरी मदद उपलब्ध कराने का आह्वान किया है। श्री गांधी ने सोमवार को कहा कि वह खुद पीड़ित परिजनों से मिलकर उनकी मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। असम में दो दिन पहले उन्होंने पीड़ित परिवारों के सदस्यों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और प्रदेश कांग्रेस के नेताओं को उनकी मदद करने के लिए कहा है।

हिंदुत्व को बदनाम कर रही हैं प्रियंका : दिनेश

लखनऊ(ए.) । अब यूपी के डेप्युटी सीएम दिनेश शर्मा ने कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों पर हमला बोला है। डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रदेश की शांति को नष्ट करने के लिए ये लोग दुष्प्रचार करने की होड़ लगा रहे हैं। ये सब वोटबैंक तैयार करने का रिहर्सल कर रहे हैं। दिनेश शर्मा ने यह भी कहा कि प्रियंका गांधी हिंदुत्व को बदनाम करने की कोशिश कर रही हैं। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए दिनेश शर्मा ने कहा, 'एसपी और कांग्रेस के लोगों को लोकसभा चुनाव में हार के बाद अपना वोटबैंक खिसकता दिखाई दिया। ये लोग अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के नाम पर यह भूल गए हैं कि वे दंगाइयों को समर्थन देने का काम कर रहे हैं।

पीएम आवास में लगी आग

नई दिल्ली/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास परिसर में सोमवार की शाम आग लग गई। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। आग बुझाने के लिए 9 गाड़ियां और 4 एंबुलेंस घटना स्थल पर रवाना कर दिए गए। पीएमओ की ओर से जारी सूचना के अनुसार शॉर्ट सर्किट के कारण बंगला नंबर नौ में मामूली आग लग गई। घटना गंभीर न होने से दमकलकर्मियों को इस पर काबू पाने में ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी। लेकिन सुरक्षा के तौर पर सभी जरूरी कदम उठाए गए। कुछ ही देर में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया।

सड़क को कर दिया गया था बंद: पीएम आवास 7 एलकेएम की सड़क को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार, 'शॉर्ट सर्किट के कारण बंगला नंबर नौ में मामूली ■ शेष पृष्ठ 8 पर

समाजिक बंधनों के सामने हारी मोहब्बत

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। किसी ने सच ही लिखा है ईबाददत का दूसरा नाम है मोहब्बत। सुधा से शहजाद और शहजाद से सुधा भी बेइंतहा मोहब्बत करते थे। दोनों की मोहब्बत को उनके घरवालों ने महज मजाक समझा और सख्ती से उनके रिश्तों को नकार दिया। फिर भी प्यार ने रास्ता तलाशा और शहजाद खान तहसील कार्यालय में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर काम में लगा और सुधा भी अकलतरा से उसके साथ रहने चली आई। परिजनों का विरोध चंद रोज में शांत हो जाएगा यह सोच दोनों प्रेमी लिव इन रिलेशन में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ दो प्रेमियों के प्यार के रिश्ते पर परिवार का एतराज बनी मौत की वजह

■ सुधा और शहजाद ने लिखा मम्मी-पापा माफ करना और लगा लिए फांसी

मरने के बाद समझ आया प्यार

दोनों के बीच मोहब्बत कितनी ईमानदा थी यह उनके एक साथ घातक कदम उठाने के बाद परिजनों को समझ आई। युवा शहजाद खुद के बल पर अपना और सुधा का खर्च उठाने के लिए ही तहसील दफ्तर में कम्प्यूटर ऑपरेटर का काम कर रहा था। सुधा भी सभी विरोध सहते हुए सक्ती के शहजाद के साथ अकलतरा से आकर जांजगीर में रहने लगी थी। शादी के लिए फिर भी जब परिवार वाले तैयार नहीं हुए तो बेबस प्रेमियों ने आत्महत्या करना ही बेहतर समझा। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रायपुर-कबीरधाम जिले के स्कूलों का समय बदला

■ जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया आदेश

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। रायपुर और कबीरधाम जिले में कड़ाके की ठंड और शीतलहर चलने के कारण विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को ठंड से बचाने के लिए विद्यालयीन समय में परिवर्तन की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए 31 दिसम्बर से स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर द्वारा जारी आदेशानुसार परिवर्तित समय अनुसार दो पाली में संचालित विद्यालयों में से कनिष्ठ विद्यालयों का समय प्रातः 8.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक और वरिष्ठ विद्यालयों का समय दोपहर 12.45 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। एक पाली में संचालित शालाएं यथावत प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक संचालित होंगी। यह आदेश जिले में संचालित समस्त शासकीय, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रदेश में कड़ाके की ठंड, शीतलहर जारी

छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड व शीतलहर सोमवार को भी जारी रही, जिसका असर जनजीवन पर भी पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अभी कड़ाके की ठंड जारी रहेगी, वहीं प्रदेश के उत्तर पश्चिम क्षेत्रों के जिलों में कहीं-कहीं पर हल्की बारिश या बौछारें पड़ने की भी संभावना जतायी है।

सीएम उद्धव के बेटे आदित्य को भी मिली कैबिनेट बर्थ

महाराष्ट्र मंत्रिमंडल विस्तार

एक माह में दूसरी बार डिप्टी सीएम बने अजित

मुंबई/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का रविवार को विस्तार हो गया। राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने मंत्रियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। एक माह सात दिन के भीतर अजित पवार दूसरी बार महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री बने हैं। जबकि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के पुत्र आदित्य ठाकरे समेत कुल 36 विधायकों ने मंत्रिपद की शपथ ली है।

आदित्य ठाकरे समेत 27 को कैबिनेट मिनिस्टर बनाया गया है, जबकि 9 विधायकों को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राज्यपाल को टोकना पड़ा शपथ ले रहे मंत्रियों को

शपथ ग्रहण के दौरान राज्यपाल को शपथ लेने वाले मंत्रियों को टोकना पड़ा। उन्होंने कहा कि शपथ के दौरान जो शपथ विधि दी गई है उसी के अनरूप शपथ लें। दरअसल शपथ ले रहे एक मंत्री केसी पड़वी ने कुछ निर्धारित शपथ में कुछ अन्य जोड़ा था। जिसके चलते राज्यपाल उन पर बिफर गए और सभी मंत्रियों को हिदायत दी।

गरमा-गरम

नियुक्ति — **जनरल रावत आज होंगे रिटायर, मनोज मुकुंद नरवणे देश के अगले आर्मी चीफ बनेंगे**

रावत बनेंगे देश के पहले सीडीएस

नई दिल्ली। सेनाध्यक्ष बिपिन रावत देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ होंगे। केंद्र सरकार ने रविवार को ही सीडीएस पोस्ट के लिए उम्र की सीमा बढ़ाई थी। बता दें कि रावत 31 दिसंबर को सेनाध्यक्ष पद से रिटायर हो रहे हैं। रावत की जगह मनोज मुकुंद नरवणे नए आर्मी चीफ होंगे।

बता दें कि सीडीएस का पद 'फोर स्टार' जनरल के समकक्ष होगा और सभी सेनाओं के प्रमुखों में सबसे ऊपर होगा। गौरतलब है कि रक्षा मंत्रालय ने सेना नियमों, 1954 में कार्यकाल और सेवा के नियमों में संशोधन किया है। मंत्रालय ने 28 दिसंबर की अपनी अधिसूचना में कहा है कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ या ट्राई-सर्विसेज प्रमुख 65 साल की आयु तक सेवा दे सकेंगे। इसमें कहा गया, 'बशर्ते की केंद्र सरकार अगर जरूरी समझे तो जनहित में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की सेवा को विस्तार दे सकती है।' जनरल बिपिन रावत, सेना प्रमुख पद से 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होंगे। मौजूदा नियमों के अनुसार, तीन सेवाओं के प्रमुख 62 साल की आयु तक या तीन साल तक सेवा दे सकते हैं।

कैबिनेट में पद और चार्टर को मिली थी मंजूरी

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24 दिसंबर को सीडीएस पोस्ट और इसके चार्टर एवं ड्यूटीज को मंजूरी दे दी थी। खास बात यह है कि सीडीएस, पद छोड़ने के बाद किसी भी सरकारी पद को ग्रहण करने के पात्र नहीं होंगे।

क्यों पड़ी जरूरत?

करगिल युद्ध के दौरान सामने आई खामियों से सीख लेकर इसका फैसला लिया गया। ऐसा तीनों सेनाओं के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए किया गया है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

करगिल युद्ध के बाद दिया गया था सुझाव

सीडीएस थलसेना, वायुसेना और नौसेना के एकीकृत सैन्य सलाहकार होगा। 1999 में गठित की गई करगिल सुरक्षा समिति ने इस संबंध में सुझाव दिया था। चीफऑफडिफेंस स्टाफकी नियुक्ति का मकसद भारत के सामने आने वाली सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को ऐतिहासिक सैन्य सुधार की घोषणा करते हुए कहा था कि भारत की तीनों सेना के लिए एक प्रमुख होगा, जिसे चीफऑफडिफेंस स्टाफ कहा जाएगा। प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की अध्यक्षता में एक कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया जो चीफऑफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति के तौर-तरीकों और उसकी जिम्मेदारियों को अंतिम रूप देने का काम किया।

अलविदा 2019: कई सख्त फैसलों के लिए जाना जाएगा यह साल

नई दिल्ली(ए.)। गरीब सवर्णों को आरक्षण पर मुहर के साथ शुरू हुआ साल 2019 नागरिकता संशोधन कानून के साथ खत्म हो रहा है। इस एक साल में इतने बड़े फैसले लिए गए हैं कि इतिहास जब भी ठोस फैसलों वाली तारीखों को खंगालेगा तब 2019 सबसे आगे की पंक्ति में मौजूद नजर आएगा। मोदी सरकार की सत्ता में वापसी के बाद अनुच्छेद 370 खत्म करना और नागरिकता पर नया कानून बनाना सबसे ज्यादा दूरगामी प्रभाव डालने वाले फैसले रहे हैं। सरकार के बड़े और कड़े फैसलों पर पंकज पाण्डेय की रिपोर्ट-

दोबारा प्रचंड बहुमत से सत्ता में आने के दो महीने बाद सरकार ने संवैधानिक आदेश पारित कर जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को खत्म करने का साहसिक निर्णय लिया। एक झटके में राज्य का विशेष दर्जा खत्म हुआ और 31 अक्तूबर से जम्मू कश्मीर और लद्दाख नए केंद्रशासित प्रदेश बन गए। इसके तहत जम्मू कश्मीर को सात दशकों से अलग ध्वज, अलग संविधान की अनुमति थी। सरकार का संकेत स्पष्ट था कि वह बड़े और कड़े फैसले लेने में सियासी नफे-नुकसान की परवाह नहीं करेगी। 370 हटाना भारत के एक भू-भाग पर ही नहीं, बल्कि देश और दुनिया में हलचल पैदा करने वाला फैसला था। सतर्क सरकार इस पर न सिर्फ संसद की मुहर लगवाने में सफल रही बल्कि चाकचौबंद सुरक्षा इंतजामों से कश्मीर में अशांति की तमाम आशंकाओं को निराधार साबित किया। कूटनीतिक मोर्चे पर भी भारत ने पाकिस्तान और उसके साथ खड़े चीन की हर चाल नाकाम कर दी।

शाह ने पहले ही दे दिए थे संकेत

जम्मू-कश्मीर के खास दर्जे को समाप्त कर उसके विधिवत एकीकरण का फैसला गृह मंत्री अमित शाह के एजेंडे में सबसे ऊपर था। शाह ने इस पर अपनी मंशा जाहिर करने में भी संकोच नहीं किया। संसद में कश्मीर पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा था कि 370 संविधान का अस्थायी प्रावधान है। जुलाई में पत्रकारों से मुलाकात में भी उन्होंने इसका साफ

संकेत दिया था। लिहाजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हरी झंडी के साथ इसकी तैयारी शुरू कर दी गई। शाह ने बतौर गृह मंत्री पहली बड़ी बैठक कश्मीर पर ही की।

अलगाववादी नेता हिरासत में

पुलवामा हमले के बाद घाटी के अलगाववादी नेताओं की सुरक्षा वापस ले ली गई और अमरनाथ यात्रा रोककर बड़े पैमाने पर केंद्रीय बलों की तैनाती की गई और इसके बाद इतिहास बनते देर नहीं लगी। फैसले के चार महीने से ज्यादा समय बीतने के बाद जम्मू कश्मीर में तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों समेत मुख्यधारा के तमाम नेता व अलगाववादी अभी भी या तो हिरासत में हैं या जेल में। जिन लोगों ने शांति कायम रखने के बॉन्ड पर दस्तखत किए हैं, उन्हें छोड़ा जा रहा है। कई हफ्तों बाद लैंडलाइन फोन और मोबाइल नेटवर्क तो बहाल हो गए लेकिन कारगिल को छोड़कर बाकी जगह इंटरनेट सेवाएं अब भी निलंबित हैं।

संगठन ही नहीं, व्यक्ति भी आतंकी घोषित होगा

सरकार ने यूएपीए एक्ट में संशोधन किया। इसके तहत व्यक्ति विशेष को आतंकी घोषित किया जा सकेगा। नया यूएपीए कानून आतंकी गतिविधियों में लिप्त या उसे प्रोत्साहित करने वाले किसी व्यक्ति को आतंकी घोषित करने का अधिकार देता है। पहले संगठनों को ही आतंकी घोषित करना संभव था। चार सितंबर को नए कानून के तहत दाऊद इब्राहिम, हाफिज सईद, मौलाना मसूद अजहर और जकीउर रहमान लखवी को आतंकी घोषित किया।

एमसीआई के स्थान पर एनएमसी

मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) में फैले भ्रष्टाचार के चलते इस संस्था को खत्म करने की कोशिश पहले भी कई सरकारों ने की थी, हालांकि कोई इसमें सफल नहीं हो सका। यह काम वर्ष 2019 में जाकर हो सका, जब संसद ने मानसून सत्र में नेशनल मेडिकल कमीशन विधेयक को मंजूरी दी।

पीओके पर रणनीति की चर्चा

तीन तलाक की कुप्रथा पर पाबंदी और नागरिकता कानून पर मुहर ऐसे फैसले हैं, जो साबित करते हैं कि सरकार तय एजेंडे पर आगे बढ़ने को प्रतिबद्ध है। साल बीतते-बीतते राष्ट्रवाद की एक अलग परिभाषा तय करके केंद्र सरकार ने अपने समर्थक वर्ग की उम्मीदों का ग्राफकई गुना बढ़ा दिया है। इसके आधार पर अब पीओके पर कब्जे की रणनीति को लेकर भी चर्चा होने लगी है।

संसद के शीतकालीन सत्र में नागरिकता संशोधन विधेयक को पारित करवाकर सरकार ने अपने एक और कोर एजेंडे को पूरा किया। इसके जरिये पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में धार्मिक प्रताड़ना का शिकार होने वाले हिन्दू सहित छह अल्पसंख्यक समुदायों को नागरिकता का रास्ता साफहो गया है। इस मुद्दे पर देश भर में विरोध और समर्थन के बीच सरकार अपने इरादे पर दृढ़ नजर आ रही है।

कॉरपोरेट टैक्स में ऐतिहासिक कमी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सितंबर में कॉरपोरेट टैक्स की दरों में ऐतिहासिक कटौती की घोषणा की। पुरानी कंपनियों के लिए कॉरपोरेट टैक्स दर को 30% से घटाकर 22% और नई मैन्यूफैक्चरिंग कंपनियों के लिए यह दर 25% से घटाकर 15% कर दी गई।

गरीब सवर्णों को आरक्षण मिलेगा

चुनाव के पहले इसी साल सात जनवरी को केंद्रीय कैबिनेट ने गरीब सवर्णों को 10 फीसदी आरक्षण वाले विधेयक को अपनी मंजूरी दी थी। अगले चार दिनों में संसद के दोनों सदनों ने इसे अपनी मंजूरी प्रदान कर दी। 12 जनवरी को राष्ट्रपति ने हस्ताक्षर किए और इसी दिन इसे अधिसूचित कर दिया गया। सरकार यह सभी वर्गों को समझाने में सफल रही कि इससे एससी-एसटी या पिछड़े वर्ग के आरक्षण पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

बालाकोट एयर स्ट्राइक

14 फरवरी को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमला हुआ जो सबसे भीषण हमलों में से एक था। जैश-ए-मोहम्मद ने सीआरपीएफकी एक बस को निशाना बनाया, जिसमें 40 जवान शहीद हो गए। जवाब में भारत ने 12 दिन बाद यानी 26 फरवरी को पाकिस्तान के अंदर बालाकोट में आतंकी शिविरों पर बमबारी की। इसमें 200 से ज्यादा आतंकवादी मारे जाने का दावा किया गया। बालाकोट के बाद भारत की सीमा में घुसने की हिमाकत भी पाक को भारी पड़ी। विंग कमांडर वर्द्धमान अभिनंदन ने पाक के एफ16 को मार गिराया। अभिनंदन को एलओसी पार पकड़ भी लिया गया लेकिन बाद में पाक को उन्हें छोड़ना पड़ा।

एसपीजी की सुरक्षा सिर्फ प्रधानमंत्री को मिलेगी

सरकार ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को मिली एसपीजी सुरक्षा वापस लेने का निर्णय भी लिया। उन्हें अब सीआरपीएफकी जेड-प्लस सुरक्षा दी गई। इस फैसले के कुछ दिनों बाद गृह मंत्री ने संसद के दोनों सदनों से इससे जुड़े कानून को भी पारित करा लिया। नए कानून के तहत प्रधानमंत्री और उनके परिवार को ही एसपीजी सुरक्षा मिलेगी। पूर्व प्रधानमंत्री भी इसके दायरे में नहीं होंगे।

वर्षांत में करोड़पति बना गया यह शेयर, 6 साल में करीब 1600% का दिया फायदा

नई दिल्ली(ए.)। शेयर बाजार में निवेश जोखिम भरा जरूर होता है पर जब यह देता है तो छप्पड़ फाड़कर देता है। वैसे तो बैंक या पोस्ट ऑफिस में पैसा जमा करना सबसे सुरक्षित निवेश माना जाता है, लेकिन इस पर मिलने वाला ब्याज महंगाई दर की तुलना में कम ही होता है। यानी चाहकर भी आप अपनी जमा रकम से करोड़पति नहीं बन पाएंगे। इसके लिए आपको जोखिम उठाना पड़ेगा। अगर जल्दी करोड़पति बनना है तो शेयर बाजार में निवेश करें, लेकिन किसी विशेषज्ञ की सलाह पर। आज हम आपको ऐसे शेयर के बारे में बताने जा रहे हैं जो केवल 6 साल में अपने निवेशकों को करोड़पति बना गया।

बांबे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में कुल मिलाकर करीब 10,000 कंपनियां लिस्टेड हैं। इन्हीं में से कई कंपनियां ऐसी हैं, जिन्होंने निवेशकों को करोड़पति बना दिया है। इनमें से कुछ ने 10 साल का समय लिया तो कुछ ने उससे भी ज्यादा का, लेकिन एक कंपनी ने केवल 6 साल में ही अपने निवेशकों को करोड़पति बना दिया है।

6 साल में करीब 1600 प्रतिशत का रिटर्न

हम बात कर रहे हैं आरती इंडस्ट्रीज की। इस कंपनी में 6 साल पहले जिसने भी 6 लाख रुपये का किया होगा, यह साल खत्म-खत्म होते 1 करोड़ रुपये हो जाएंगे। यानी इसके शेयरों में करीब 16 गुना की बढ़ोत्तरी हुई है। इस कंपनी के शेयर का रेट आज से ठीक 6 साल पहले यानी दिसंबर 2013 में 46 रुपये का था। वहीं इस शेयर का रेट 30 दिसंबर 2019 को 835.65 रुपये का था। इस तरह इस शेयर में निवेश 6 साल में करीब 1600 प्रतिशत का फायदा दे चुका है।

केमिकल कारोबार में है आरती इंडस्ट्रीज

आरती इंडस्ट्रीज डायवर्सिफाइड केमिकल कंपनी है। यह बेंजीन बेस्ड उत्पाद तैयार करती है। कंपनी की कुल आमदनी में 60 प्रतिशत योगदान बेंजीन से तैयार केमिकल्स का है। इसके अलावा कंपनी एनिलीन और सल्फ्यूरिक एसिड कंपाउंड्स भी तैयार करती है, जिसकी कारोबार में हिस्सेदारी करीब 12 प्रतिशत है। आरती इंडस्ट्रीज डाई, पिगमेंट्स, एग्रोकेमिकल्स, फार्मास्युटिकल्स और रबड़ केमिकल्स तैयार करती है।

एंटी सीएए प्रोटेस्ट से रेलवे को 80 करोड़ का नुकसान

रेलवे बोर्ड के चेयरमैन बोले- उपद्रवियों से सरकार वसूलेगी कीमत

नई दिल्ली(ए.)। नागरिकता कानून संशोधन (सीएए) के विरोध प्रदर्शनों के दौरान रेलवे की 80 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्तियां नष्ट हो गईं और अब विभाग उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज पर उपद्रवियों से इसकी कीमत वसूलेगी। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन विनोद कुमार यादव ने यह जानकारी दी है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि पिछले 10 दिनों में सीएए विरोध प्रदर्शन के दौरान सबसे ज्यादा नुकसान बंगाल में और पूर्वी रेलवे को हुआ है। कुल नुकसान का यह करीब 80त्न (72.19 करोड़ रुपये) है। नुकसान के मामले में दक्षिण-पूर्व रेलवे दूसरे नंबर पर और उसके बाद उत्तर-पूर्व फ्रंटियर रेलवे का नंबर है। आरपीएफके डीजी अरुण कुमार ने बताया कि पूर्वी रेलवे का बड़ा हिस्सा पश्चिम बंगाल में पड़ता है और सबसे ज्यादा नुकसान इसी जोन को हुआ है। उन्होंने बताया कि बंगाल में हावड़ा, सियालदह और मालदा सबेस ज्यादा प्रभावित इलाके रहे।

पंजाब में नहीं लागू होने देंगे नागरिकता कानून, सीएए के खिलाफ एड़ी चोटी का जोर लगाएगी कांग्रेस: अमरिंदर सिंह

नई दिल्ली(ए.)। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा है कि उनकी सरकार राज्य में नागरिकता संशोधन अधिनियम को लागू नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसके खिलाफ ऐड़ी चोटी का जोर लगा देगी। बता दें कि ये बातें अमरिंदर ने एक मार्च में अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। बता दें कि नागरिकता संशोधन कानून को लेकर देशभर में कई जगह विरोध देखने को मिला है। इस दौरान काफी हिंसा और आगजनी के मामले सामने आए।

यहां बता दें कि इस विधेयक के जरिए बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए हिंदुओं, सिख, जैन, पारसी, बौद्ध और ईसाइयों के लिए बिना वैध दस्तावेजों के भी भारतीय नागरिकता हासिल करने का रास्ता साफ हो जाएगा। भारत की नागरिकता के लिए 11 साल देश में निवास करना जरूरी है लेकिन इस संशोधन के बाद बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के शरणार्थियों के लिए निवास अवधि को घटाकर 6 साल करने का प्रावधान है। बिल में इस खास संशोधन को देश के अवैध प्रवासियों की परिभाषा बदलने के सरकार के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

कांग्रेस और ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट धार्मिक आधार पर नागरिकता देने को लेकर इसका विरोध कर रहे हैं। दरअसल इस सोशोधन को 1985 के असम करार का उल्लंघ्न बताया जा रहा है जिसमें साल 1971 के बाद बांग्लादेश से आए सभी धर्मों के नागरिकों को निर्वासित करने की बात कही गई थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने सीएए के समर्थन से जुड़ा आध्यात्मिक गुरु का वीडियो किया पोस्ट

नयी दिल्ली(ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के समर्थन में अभियान का प्रसार करने के लिए सोमवार को आध्यात्मिक गुरु सदगुरु जग्गी वासुदेव का एक वीडियो पोस्ट किया।

पीएम मोदी ने ट्वीट किया, ''सीएए से जुड़े पहलुओं की स्पष्ट व्याख्या तथा और भी चीजें सदगुरू से सुनिए। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ का हवाला दिया है और हमारी भाईचारे की संस्कृति का बेहतरीन तथा शानदार तरीके से उल्लेख किया है। इसके साथ ही उन्होंने निहित स्वार्थ वाले कुछ समूहों की गलत सूचनाओं को बेनकाब किया है।'' प्रधानमंत्री की निजी वेबसाइट के ट्विटर हैंडल पर भी एक संदेश पोस्ट किया गया है जिसमें कहा गया है कि सीएए उत्पीड़न का शिकार हुए शरणार्थियों को नागरिकता देने के लिए है और इसमें किसी की नागरिकता लेने की बात नहीं की गई है।

'नागरिकता' बच्ची का बना जन्म प्रमाणपत्र, 2013 में पाकिस्तान से आया था परिवार

नई दिल्ली(ए.)। सीएए लागू होने की खुशी में 'नागरिकता' नाम पाने वाली बच्ची का जन्म प्रमाणपत्र बन गया है। सोमवार (30 दिसंबर) को उत्तरी दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति के अध्यक्ष घर जाकर उसे प्रमाणपत्र सौपेंगे। 11 दिसंबर को राज्यसभा से नया नागरिकता कानून पास हुआ था। इसकी खुशी में मजनूं का टीला में रह रहे एक शरणार्थी परिवार ने दो दिन पहले जन्मी अपनी बेटी का नाम नागरिकता रखा था। सात साल से मजनूं का टीला इलाके में रह रहे इस परिवार के पास नागरिकता नहीं थी। बच्ची की मां आरती ने कहा था कि बेटी घर की लक्ष्मी होती है। इसके जन्म के साथ ही हमारी नागरिकता का रास्ता खुल गया है। नए कानून के नाम पर उन्होंने अपनी बेटी का नाम रखा है। इसके बाद रामलीला मैदान में आयोजित रैली में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बच्ची का जिक्र किया था। नागरिकता नाम रखने के बाद निगम के अधिकारी बच्ची के परिजनों से मिले थे। परिजनों ने जन्म प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया था।

शादी के 17 दिन बाद युवती ने दिया बच्चे को जन्म, फिर हुआ ये बड़ा खुलासा

उन्नाव(वार्ता)। शादी के 17 दिन बाद युवती के बच्चे के जन्म देने से गैंगरेप का खुलासा हुआ। उसने तहरीर देकर पिता, भाई, चचेरे भाई और प्रधान आदि पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। एसपी के आदेश पर मामले में पिता, भाई समेत दस लोगों पर दुष्कर्म, मारपीट, धमकी आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

लखनऊ के थाना बंथरा के गांव की युवती ने एसपी को शिकायती पत्र दिया कि अप्रैल 2019 में उसकी शादी शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में हुई है। शादी से पहले उसके पिता व भाई ने जान से मारने की धमकी देकर उसका शारीरिक शोषण किया था। उसके बाद चचेरे भाई व प्रधान आदि कई लोगों ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी बीच वह गर्भवती हो गई। कुकृत्य छिपाने के लिए परिजनों ने आनन-फानन में उसका विवाह कर दिया।

आदित्य ठाकरे पिता की कैबिनेट में मंत्री

नई दिल्ली(वार्ता)। महाराष्ट्र में आज बहुप्रतिक्षित कैबिनेट विस्तार को अंजाम दिया गया। शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और कांग्रेस के 36 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इसमें जो सबसे अहम नाम रहा है वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्या ठाकरे का। बाला ठेकरे के पोते और युवा सेना के अध्यक्ष आदित्य ठाकरे मुम्बई के वर्ली विधानसभा सीट से विधायक हैं। आदित्य ठाकरे का जन्म 13 नवंबर 1990 को मुम्बई में हुआ। आदित्या अपने माता-पिता के सबसे बड़े बेटे हैं। उन्होंने मुम्बई स्थित बॉम्बे स्कॉटिश स्कूल से प्रारंभिक पढ़ाई पूरी की। इसके बाद सेंट जेवियर्स कॉलेज से स्नातक की पाढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने केसी लॉ कॉलेज से एलएलबी की डिग्री ली। 2007 में उनकी कविता की किताब 'मॉय थाउट्स इन व्हाइट एंड ब्लैक' प्रकाशित हुई। इसी साल उनकी पहली एलबम उम्मीद रिलीज हुई थी। 2010 में उन्होंने शिवसेना के युवा सेना का अध्यक्ष बनाया गया।

बुराड़ी के जिस घर में एक ही परिवार के 11 लोगों ने की थी खुदकुशी, वहां रहने आया नया किराएदार

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली के बुराडी स्थित जिस घर मे एक ही परिवार के 11 लोगों ने खुदकुशी कर ली थी, उस घर में रविवार पूजा-पाठ करने के बाद किराएदार का सामान शिफ्ट किया गया। सामूहिक खुदकुशी वाले इस घर को अंततः एक परिवार रहने के लिए आ गया। किराएदार के आने से पहले इस घर में रंगरोगन का काम भी किया गया।

इस घर में बीते साल 1 जुलाई को बुराडी स्थित संत नगर के मकान में एक ही परिवार के 11 लोगों के शव फांसी के फंद्दे से लटके हुए मिले थे। मौके पर पूजा आदि भी की गई थी। पुलिस की जांच में सामने आया कि अंधविश्वास की वजह से परिवार के मुखिया ललित के कहने पर सभी लोगों ने अपनी सहमति से आत्महत्या की थी। इस घटना में ललित की मौत हो गई थी। अब परिवार में ललित के बड़े भाई दिनेश एवं उनका परिवार ही बचा है जो राजस्थान के रावतभाटा में रहता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के बाद से इस मकान को लेकर काफी अफवाह फैल रही थी। इस वजह से करीब डेढ़ साल बाद भी यहां कोई रहने की हिम्मत हीं जुटा पा रहा था जबकि दिनेश खुद परिवार सहित हफ्तों रहकर जाते थे। हालांकि, इन अंधविश्वास को झुठलाते हुए स्थानीय पैथोलोजिस्ट मोहन ने मकान को किराये पर लिया है।

मौसम दिल्ली में लगातार 16वें दिन बहुत अधिक सर्दी पड़ी है, बीते 22 सालों में ये लगातार सर्द दिनों की सबसे लंबी कड़ी है

कोहरे के चलते 500 फ्लाइट पर पड़ा असर, 21 उड़ाने डायवर्ट

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली में सोमवार सुबह कड़ाके की ठंड और कोहरे के बीच यातायात व्यवस्था बाधित है। सड़क, रेल और हवाई यातायात पर खासा प्रभाव पड़ा है। दिल्ली एयरपोर्ट पर लगभग 500 उड़ाने देरी से चल रही है, 21 के रूट डायवर्ट किए गए हैं जबकि 5 उड़ाने रद्द कर दी गई हैं। CAT III B के तहत फ्लाइट्स का संचालन किया जा रहा है यानि रनवे पर विजुअल रेंज 50 से 175 मीटर के बीच है।

गौरतलब है कि आज सुबह 5.30 बजे सफदरजंग के आईएमडी ने पारा 4.6 डिग्री पर रिकॉर्ड किया है। वहीं एयर क्वालिटी की बात करें तो स्थिति गंभीर है क्योंकि राजधानी के ऊपर बादल की एक मोटी परत दिखाई पड़ रही है।

रविवार के दिल्ली में लगातार 16वें दिन बहुत अधिक सर्दी पड़ी है। बीते 22 सालों में ये लगातार सर्द दिनों की सबसे लंबी कड़ी है। हालांकि मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि सोमवार से दिल्ली के लोगों को ठंड से राहत मिलनी शुरू हो जाएगी। मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक जनवरी से तीन जनवरी तक रात में हल्की बारिश की संभावना है और दो जनवरी को ओले भी पड़ सकते हैं। एक सरकारी बयान के अनुसार हरियाणा में कुछ स्थानों पर तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस के आसपास है और राज्य सरकार ने 30 तथा 31 दिसंबर को स्कूल बंद रखने का फैसला किया है।

इसमें कहा गया, 'इसके बाद एक जनवरी से 15 जनवरी के बीच राज्य के सभी स्कूल सर्दियों की छुट्टियों के चलते बंद रहेंगे।' मौसम विभाग ने कहा कि हरियाणा और पंजाब में अगले कुछ दिन ठंड का प्रकोप बना रह सकता है। वहीं, श्रीनगर में तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी है। मशहूर डल झील के कई हिस्से बर्फ में तब्दील हो गए और रात में श्रीनगर का तापमान शून्य से 6.2 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि कश्मीर घाटी और लद्दाख केंद्र शासित क्षेत्र में तापमान जमाव बिंदु से कई डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। इससे क्षेत्र में शीतलहर तेज हो गई है।

छत्तीसगढ़ में बनेगा सिंचाई विकास प्राधिकरण

मुख्यमंत्री भूपेश ने दिए आदेश, छत्तीसगढ़ अधोसंरचना विकास निगम (सीआईडीसी) बनेगा सिंचाई विकास प्राधिकरण

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के किसानों को सिंचाई सुविधाओं का भरपूर लाभ मिल सके इसके लिए राज्य में सिंचाई विकास प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सिंचाई विकास प्राधिकरण के गठन के लिए आदेश दिए है। गौरतलब है कि राज्य में वर्तमान में वास्तविक सिंचाई क्षमता 10.38 लाख हेक्टेयर है जो कि कुल कृषि योग्य भूमि का 18 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सिंचाई साधनों का विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सिंचाई साधनों के तेजी से विकास के लिए मिशन मोड में कार्य करना आवश्यक है। इसके लिए राज्य में छत्तीसगढ़ सिंचाई प्राधिकरण का गठन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में गठित छत्तीसगढ़ अधोसंरचना विकास निगम का वर्तमान में अपेक्षित उपयोग नही हो रहा है। इसलिए छत्तीसगढ़ अधोसंरचना विकास निगम (सीआईडीसी) को ही सिंचाई विकास प्राधिकरण में परिवर्तित किया जाएगा।



गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में कुल कृषि योग्य भूमि लगभग 57 लाख हेक्टेयर है। वर्ष 2004 में राज्य में निर्मित सिंचाई क्षमता 15 लाख 51 हजार हेक्टेयर और वास्तविक सिंचाई क्षमता 10 लाख 22 हजार हेक्टेयर थी, वहीं वर्ष 2018 में निर्मित सिंचाई क्षमता 20 लाख 88 हजार हेक्टेयर जबकि वास्तविक सिंचाई क्षमता केवल 10 लाख 38 हजार हेक्टेयर ही हो पाई है। छत्तीसगढ़ सिंचाई विकास प्राधिकरण राज्य में वास्तविक सिंचाई क्षमता के विस्तार के साथ ही नवीन सिंचाई योजनाओं के निर्माण की कार्ययोजना बनाएगा ताकि प्रदेश के किसानों को उसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

सीएम बघेल ने पं. शुक्ल की पुण्यतिथि पर किया नमन

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और अविभाजित मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा है कि पंडित रविशंकर शुक्ल विद्वान, चिन्तक, विचारक और कुशल प्रशासक थे। उन्होंने तत्कालीन छत्तीसगढ़ अंचल में स्वाधीनता आंदोलन के दौरान लोगों को जागरूक करने और गांधी जी के अंग्रेजी हुकूमत के विरूद्ध विभिन्न आंदोलनों में हिस्सा लिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ अंचल में शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास योजनाओं में महती भूमिका निभाई।

पुष्पांजलि कार्यक्रम आज

नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के प्रभारी अधिकारी हेमंत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम संस्कृति विभाग ने राजधानी के कलेक्टोरेट गार्डन स्थित अविभाजित मध्यप्रदेष के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल की प्रतिमा के सामने दिनांक 31 को सुबह 10 बजे उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें ससम्मान नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा है।

न्यूज गैलरी

सिटी बस की चपेट में आने से मोपेड सवार की मौत

रायपुर। तेज रफ्तार सिटी बस की चपेट में आने से मोपेड सवार की मौत हो गई व पीछे बैठा व्यक्ति घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट खरोरा थाने में दर्ज की गई है। बरतौरी पर धरसींवा निवासी हिमचंद साहू 30 वर्ष पिता विष्णुप्रसाद साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 29 दिसंबर को प्रार्थी का भाई मुकेश साहू 35 वर्ष पिता विष्णुप्रसाद साहू अपनी मोटरसाइकिल टीवीएस मोपेड में सवार होकर अपने दोस्त गोरेलाल साहू के साथ अपने ससुराल ईल्दा जा रहा था बंगोली के पास तेज रफ्तार सिटी बस क्रमांक सीजी 04 ई 3542 के चालक ने मृतक को अपनी चपेट में ले लिया जिसकी वजह से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं पीछा बैठा व्यक्ति घायल हो गया।

चुनाव में हार जीत पर युवक की पिटाई

रायपुर। चुनाव में पंच, सरपंच के हार जीत को लेकर विवाद होने पर पति के साथ मारपीट कर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट धरसींवा थाने में पत्नी द्वारा दर्ज करायी गई है। दामादपारा सिलतरा धरसींवा निवासी श्रीमती प्रमिला पटेल 35 वर्ष पति मनोज पटेल ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थियां के पति को अंबेडकर चौक सिलतरा के पास अपने दोस्त दादूराम चतुर्वेदी के साथ शराब पीने के लिए सिलतरा गया हुआ था इसी दौरान रास्ते में आकाश सतनामी ने पंच, सरपंच चुनाव में हार जीत की बात पर विवाद होने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारकर गंभीर चोट पहुंचाया जिसके चलते उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं आरोपी ने मोटरसाइकिल में भी तोड़फोड़ किया।

मंदबुद्धि युवती से की छेड़छाड़, मामला दर्ज

रायपुर। मंदबुद्धि युवती को बहला फुसलाकर मोटरसाइकिल सवार युवकों ने गाड़ी में बैठाकर दूर ले जाकर किया बेइज्जत करने का प्रयास। घटना की रिपोर्ट खम्हारडीह थाने में दर्ज की गई है। खम्हारडीह निवासी पीड़ित 54 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी की पुत्री आयु 20 वर्ष जो की मंदबुद्धि है। उसे बहला फुसलाकर रविवार को कैलाश क्षत्री 28 वर्ष पिता पुनाराम क्षत्री ने अपनी मोटरसाइकिल में बैठाकर दूर ले जाकर बेइज्जत करने की नियत से उसके साथ अश्लील हरकत किया। घटना की जानकारी युवती द्वारा अपने परिजनों को देने पर उन्होंने थाने में पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 354 क के तहत अपराध कायम कर दर्ज कर लिया है।

पंचायत चुनाव में होगी एकतरफा जीत का दावा

निकाय चुनावों की ही तरह पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में जीतेगी कांग्रेस

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। आज से पंचायत चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया आरंभ हो रही है। दंतेवाड़ा और चित्रकोट विधानसभा उपचुनाव और नगरीय निकाय चुनावों की ही तरह पंचायत चुनावों में भी कांग्रेस की एकतरफा जीत का दावा करते हुये प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के मजदूर किसान इस बात को बखूबी समझते हैं कि उन्हें 2500 रुपये धान का दाम देने का काम कांग्रेस की सरकार भूपेश बघेल की सरकार ने अपने संसाधनों से किया है। किसानों की 11000 करोड़ की कर्ज माफी भी छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने भूपेश बघेल सरकार ने अपने संसाधनों से की है। भाजपा ने तो अपने शासनकाल में 5 साल तक

300 रू. बोनस देंगे बोलकर नहीं दिया 2100 रुपए धान का समर्थन मूल्य नहीं दिया। भाजपा की केंद्र सरकार ने शर्त लगाई है कि किसानों को 2500 रू. नहीं बल्कि मोदी सरकार का समर्थन मूल्य 1815 रू. दिया जाए। भाजपा के किसान विरोधी चरित्र को छत्तीसगढ़ के किसान बखूबी जानते हैं समझते है। एक भी भाजपा नेता ने, भाजपा सांसद, विधायक, पंचायत प्रतिनिधि ने किसान मजदूरों के हित में आवाज नहीं उठाई। किसान विरोधी पार्टी भाजपा के नेताओं के वास्तविक चरित्र को छत्तीसगढ़ की ग्रामीण जनता बखूबी समझ रही है, जान रही है।

श्री त्रिवेदी ने कहा है कि वित्त आयोग की राशि से भाजपा नेता, मोदी और शाह के प्रवास में भाजपा की सरकार ने रमन सिंह की सरकार ने भीड़ जुटाने के लिए गांव के विकास का पैसा खर्च किया। जिओ के टावर के लिए एक निजी कंपनी के टावर के लिए भी पंचायतों की 600 करोड़ राशि भाजपा सरकार ने दे दी थी जो कांग्रेस के विरोध के बाद वापस करनी पड़ी। रमन सिंह की सरकार ने लगातार गांव वालों के हितों के खिलाफ काम किया। सरकारी कोष से पंचायतों में मूलभूत विकास कार्यो के लिये आने वाली राशि बिना सरपंच सचिव के हस्ताक्षरों के निकाल कर हड़पने की साजिश भाजपा सरकार में ही रची गयी थी। इसे छत्तीसगढ़ के गांवा वाले कभी भूलेंगे नहीं। गांव वालों की राशि हड़पने वाली भाजपा सरकार को कभी गांव के मतदाता माफ नहीं करेंगे। श्री त्रिवेदी ने कहा है कि भाजपा की सरकार ने गांव में रहने वाले निरक्षर लोगों को चुनाव लड़ने से वंचित रखने की साजिश रची और पंचायत जनप्रतिनिधियों के लिए शिक्षा की योग्यता रखी जबकि सांसद और विधायक बनने के लिए कोई शैक्षणिक योग्यता नहीं है। सुदूर अंचलों में यहां शिक्षा का प्रचार-प्रसार नहीं हुआ, वहां योग्यता रखने वाले गांव के विकास की समझ रखने वाले योग्य उम्मीदवारों को शैक्षणिक योग्यता की इस अनिवार्यता के कारण पंच, सरपंच, जनपद सदस्य बनने से वंचित होना पड़ा। कांग्रेस की सरकार ने इस अनिवार्यता को पूरी तरीके से समाप्त कर दिया है।

माशिमं ने परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के लिए जारी की नई गाईड लाईन

- अब मुख्य परीक्षा के लिए उत्तरपुस्तिकाएं 32 पृष्ठ का होगा
- हायर सेकेण्डरी परीक्षा में गणित एवं भौतिक रसायन के लिए 40 पृष्ठ की होगी उत्तरपुस्तिका

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर ने मुख्य परीक्षा वर्ष 2020 के लिए होने वाली परीक्षा हेतु उत्तरपुस्तिकाएं के पृष्ठ को बढ़ाए जाने का फैसला किया है। शिक्षा मंडल द्वारा लिए गए इस निर्णय के संबंध में मंडल के सचिव द्वारा आदेश जारी किया गया है। जिसके अनुसार माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा वर्ष 2020 मुख्य परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं 32 पृष्ठ का बनवाए

जाने की निर्णय लिया गया है इसके अतिरिक्त हायर सेकेण्डरी परीक्षा में गणित एवं भौतिक शास्त्र के लिए 40 पृष्ठ की उत्तरपुस्तिकाएं छात्रों को प्रदान की जावेगी। गत वर्ष परीक्षा में छात्रों द्वारा लिखी गई उत्तरपुस्तिकाएं के परीक्षण उपरांत यह निर्णय लिया गया है। उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ में छात्रों के रोल नंबर, विषय एवं अन्य जानकारी तथा पृष्ठ दो पर निर्देश मुद्रित होंगे। इस प्रकार हायर सेकेण्डरी परीक्षा में गणित एवं भौतिक शास्त्र विषयों के लिए छात्रों को लिखने के लिए 38 पृष्ठ तथा शेष परीक्षाओं में 30 पृष्ठ उपलब्ध होंगे। उपरोक्त उत्तरपुस्तिकाओं के अतिरिक्त छात्रों को पूरक उत्तरपुस्तिका प्रदान नहीं की जाएगी। मंडल ने छात्रों से अपील की है कि उपरोक्तनुसार उत्तरपुस्तिकाओं के पृष्ठों को ध्यान में रखकर उत्तरपुस्तिका में उत्तर लिखें, ताकि उन्हें उत्तरपुस्तिका की पृष्ठों की कमी महसूस न हो।

रायपुर स्मार्ट सिटी मुक्कड़ हटाकर खाली जगह को दे रहा खूबसूरती

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। खाली पड़े भू-खंड पर कचरा फेंक कर इसे बदरंग करने की प्रवृत्ति को रोकने के लिए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने ऐसे स्थलों का चयन कर इसे संवारने का काम कर रहा है। नगर निगम के साथ मिलकर ऐसी 50 स्थलों को चिन्हित कर रायपुर स्मार्ट सिटी मुक्कड़ वाली जगह को आकर्षक स्वरूप देगा। सौंदर्यीकरण के साथ जालीदार फेंसिंग भी यहां लगाई जा रही है, साथ ही पक्की घेराबंदी के बाद मिट्टी भरकर घास व पौधे लगाए जा रहे हैं।

रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक शिव अनंत तायल के निर्देश पर लगभग 20 मुक्कड़ो पर काम शुरू

कर दिया गया है। इसमें देवेंद्र नगर ट्रांसफार्मर के पास, ई.ए.सी. ऑक्सीजोन में बस स्टॉप के पास, महिला थाना, गांधी उद्यान, कापा होली क्रास, जेल रोड, हेमू कालानी चैक, आकाशवाणी, मौहदा पारा के एकात्म परिसर के पास, जयस्तंभ चैक के समीप का रिक्त भूखंड शामिल है, जहां कचरा डालने से गंदगी हो रही थी। एमडी तायल ने यह भी निर्देशित दिया है कि ऐसे रिक्त भूखंड जो आकार में बड़े हैं और मुक्कड़ बन सकते हैं वहां बाजार बनाकर छोटी दुकानें निर्मित की जाए व बाइक स्टैंड, फूल-पौधे से सुंदर बनाने के लिए उपयोग किया जाए।

नव वर्ष पर हुड़दंग को रोकने पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था

प्रतिबंधित डीजे के बजने पर होगी कार्रवाई

रायपुर। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पश्चिमी संस्कृति के अनुरूप रात दस बजे से 12 बजे के मध्य नव वर्ष के उपलक्ष्य में 31 दिसंबर को शहर के बाहरी एवं आंतरिक हिस्सों में जमकर हुड़दंग होता है। तेज डीजे की आवाज से वयोवृद्ध लोगों से लेकर बच्चों तक को रात में तकलीफ का सामना करना पड़ता है। वहीं शराब पीकर तेज बाइक एवं कार चलाने वाले लोगों की परेशानी का सबब रहते हैं। डीजे पर प्रतिबंध लगा हुआ है इस वर्ष उक्त गतिविधियां संचालित हुई तो पुलिस प्रशासन द्वारा घटनास्थल पर ही कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश प्रदेश के पुलिस मुखिया ने सभी पुलिस अधीक्षकों एवं थाना प्रभारियों को जारी किये हैं। राजधानी के आंतरिक एवं बाहरी क्षेत्र में विशेष कर नया रायपुर एवं व्हीआईपी रोड में चलने वाले जश्न एवं स्पीड राइडर्स पर पुलिस प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी।

शहरी आजीविका मिशन की महिलाओं ने निकाली रैली

शहर को दिया स्वच्छता का संदेश

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। स्वच्छ सर्वेक्षण-2020 के अंतर्गत मिलकर बनाएंगे रायपुर को नंबर वन अभियान के तहत शहरी आजीविका मिशन ने आज जोन 1 के वार्ड क्र. 4, बाजार चैक से स्वच्छता रैली निकाली। स्व-सहायता समूह की इस रैली में लोगों को सूखा व गीला कचरा पृथक करने के तरीके भी रोचक अंदाज में बताया गया। समूह की महिलाओं ने घरों पर जाकर साफ सफाई रखने, घर व दुकानों से निकलने वाले कचरे नगर निगम के वाहनों में देने का अनुरोध भी किया।

कमिश्नर शिव अनंत तायल के निर्देश पर शहरी आजीविका मिशन नगर के सभी 70 वार्ड में यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

निर्देश | मुख्य सचिव की वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग, शासन की प्राथमिकता वाले कार्यो में तेजी लाने के निर्देश

रैन बसेरा, नाईट सेल्टर में कम्बल-गरम कपड़ों की पर्याप्त व्यवस्था करें

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्य सचिव आरपी मण्डल ने मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के कलेक्टरों, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला विपणन अधिकारियों, नगरीय निकायों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और खाद्य अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के शपथ, प्रथम सम्मेलन, मेयर का चयन, धान खरीदी और कस्टम मिलिंग, माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशों का पालन, बस्तर संभाग में मलेरिया उन्मूलन अभियान सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और प्रगति की समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव ने विशेष रूप से कलेक्टर और नगरीय निकायों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से कहा है कि शीतलहर और ठंड से बचाव के लिए रात के समय आमजन को राहत दिलाने अलाव जलाना प्रारंभ करें। शहरों में चल रहें रैन बसेरा और नाईट सेल्टर में कम्बल सहित अन्य गरम कपड़ों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सामुदायिक भवनों को भी रात के समय सुरक्षित तरीके से यात्रियों के लिए उपयोग किया जाए। रेल्वे स्टेशन, बस स्टेंड जैसे सार्वजनिक स्थान जहां रात में भी लोगों का आना जाना लगा रहता है वहां भी अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश मुख्य सचिव ने दिए है। श्री मण्डल ने सभी शहरी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था नियमित रूप से जारी रखने और लोक सेवा गारंटी अधिनियम का क्रियान्वयन गंभीरता पूर्वक करने के निर्देश भी दिए है। राष्ट्रीय राजमार्ग और राज्य के सड़कों के किनारे के गांवों और वन क्षेत्रों में गौठानों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए है।

सीएम ने इंतजाम करने दिए निर्देश

प्रदेश में शीत लहर की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सभी जिला कलेक्टर एवं नगरीय निकायों को समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं ताकि प्रदेश की जनता को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। समस्त जिला कलेक्टर को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे स्वयं महत्वपूर्ण स्थलों में अलाव जलाने की व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि रैन बसेरा नाइट शेल्टर में पर्याप्त मात्रा में कंबल, चादर एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध रहे। प्रदेश में शीत लहर के कारण किसी प्रकार की जनहानि न हो। आवश्यकता पड़ने पर नए रैन बसेरा की व्यवस्था की जाए।

गौठानों में अधिक मात्रा में करें पैरावट का संग्रहण

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए श्री मण्डल ने कहा कि धान कटाई का कार्य समाप्ति की ओर है। सभी गौठानों से लगे गांवों में पैरा-दान की प्रक्रिया गौठान समिति और जनभागीदारी से शुरू कर दी जाए। गौठान के पास ही दान में मिल रहे पैरा का संग्रहण किया जाए और इसे पशुओं एवं अन्य दुर्घटनाओं से बचाकर रखा जाए। आगामी 20 दिनों के भीतर राज्यों के सभी गौठानों में अधिक से अधिक मात्रा में पैरावट का संग्रहण सुनिश्चित किया जाए। जिसका इस्तेमाल गौठान में रह रहे पशुओं के चारे के रूप में किया जा सके। गौठानों को बहुउद्देशीय आर्थिक गतिविधियों के लिए केन्द्र के रूप में विकसित किया जाए।

स्वच्छ सर्वेक्षण: बाजारों की सफाई पर होगी बेहतर रेटिंग

- दुकानों में डस्टबिन जरूरी, कचरा डोर टू डोर कलेक्ट होने पर मिलेंगे पूरे अंक

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 की बेहतर रेटिंग के लिए रायपुर के बाजारों व उन को संचालित करने वाले एसोसिएशन व आम व्यवसायियों को आवश्यक सफाई व्यवस्था अनिवार्यतरू सुनिश्चित करना होगा।

नगर निगम कमिश्नर शिव अनंत तायल ने सभी जोन कमिश्नर व स्वच्छता अमले से जुड़े अपने अधिकारी-कर्मचारियों से कहा है कि सभी बाजारों में आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें तथा सर्वश्रेष्ठ व्यवस्था का शहर के स्वच्छता में अपना योगदान करने वाले व्यवसायियों, एसोसिएशन व बाजारों को चिन्हित करें। ऐसे बाजार जो सफाई की समुचित व्यवस्था में लापरवाही बरत रहे हैं, उनके विरुद्ध कार्यवाही भी होगी।

अपर आयुक्त पुलक भट्टाचार्य के अनुसार सेक्टरों में विभक्त शहर में बाजारों की साफ-सफाई पर भी बेहतर रेटिंग का निर्धारण होगा। ऐसे मार्केट जहां के सभी दुकानों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन होता है वहां सौ फीसदी दुकानों से कचरा कलेक्शन पर 15 अंक, 90 फीसदी पर 12 अंक, 80 पर 10, 70 पर 6, 50 पर 3 एवं 50 फीसदी से कम होने पर शून्य अंक मिलेंगे। इसी तरह सभी सौ फीसदी व्यापारी यदि यूजर चार्ज देते हैं तो 15 अंक, 90 पर 12 अंक, 50 से कम पर 3 अंक दिए जाएंगे। इसी तरह सौ फीसदी दुकानों पर डस्टबिन पाए जाने पर 15 अंक, 90 पर 12, 80 पर 9, 70 पर 6, 50 पर 3 एवं किसी भी दुकान में डस्टबिन ना होने पर शून्य अंक दिए जाएंगे। किसी भी मार्केट के संपूर्ण स्वच्छता होने पर 10 अंक, 99 से 60 फीसदी साफ होने पर 8 अंक, 59 से 40 फीसदी पर 6 अंक और 39 से कम होने पर शून्य अंक मिलेंगे।

संपादकीय

पाक की नापाक करतूत

पड़ौसी देश पाकिस्तान अपने नापाक मंसूबों से तौबा करने के लिए तैयार ही नहीं है। सीमा पर वह लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है। उसको मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारतीय सेना ने चार पाकिस्तानी सौनिको को जहन्नुम रसीद कर दिया है। भारत पाक की हर नापाक हरकत का करारा जवाब दे रहा है। किन्तु पाकिस्तान लगातार सीज फायर तोड़कर पाक प्रशिक्षित आतंवादियों की कश्मीर में घुसपैठ कराने की फिराक में है। दरअसल पाकिस्तान को यह बात चुभ रही है कि 370 हटने के बाद भी कश्मीर घाटी में शांती क्यों कायम है। पाकिस्तान कश्मीर में गड़बड़ी पैदा कर वहां के माहौल को खराब करने की कोशिश कर रहा है। कश्मीर में सक्रीय आतंकवादियों को भारतीय सेना चुन चुन कर मार रही है। वहां अब आतंकवादियों की संख्या नाममात्र रह गई है ये बचे खुचे आतंकवादी भी अपनी बिलों में दुबक कर बैठे है। उनके खिलाफ सेना का आपरेशन ऑलआउट अभियान जारी है पाकिस्तान कश्मीर में अशांती फैलाने के लिए ही संघर्ष विराम का लगातार उल्लंघन कर रहा है। भारतीय सेना की सतर्कता के चलते उसके नापाक मंसूबे कामयाब नहीं हो पा रहे है। इसके पहले की पाकिस्तान और ज्यादा दुस्साहस दिखाएं भारत को पाकिस्तान के खिलाफ एक और बड़ी सर्जिकल स्ट्राईक कर देनी चाहिए। पाकिस्तान ने पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर स्थापित कर रखे है जहां सैकड़ो की संख्या में आतंकवादी प्रशिक्षण ले चुके है। पाक अधिकृत कश्मीर में ही आतंकवादियों का जमावड़ा लगा हुआ है और बड़ी संख्या में वहां पाकिस्तानी सेना भी तैनात है। जाहिर है पाकिस्तान के इरादे नापाक है इसलिए यह जरूरी है कि भारत पाक अधिकृत कश्मीर में एक और सर्जिकल स्ट्राईक करें और उन आतंकी प्रशिक्षण शिविरों को नेस्तनाबूत कर दें।

विचार

बेरोजगारी की चिंता

बेरोजगारी दूर न होने से देश के लोगों में चिंता बढ़ रही है। खासकर शहर के लोग बेरोजगारी को लेकर सबसे ज्यादा फिक्रमंद हैं। शुक्रवार को जारी मार्केट रिसर्च कंपनी 'इप्सॉस' की रिपोर्ट 'वॉट वरीज द वर्ल्ड' के अनुसार 46 फीसदी शहरी भारतीय बेरोजगारी के मुद्दे को सबसे बड़ी चिंता मानते हैं। अक्टूबर के मुकाबले नवंबर में 3 प्रतिशत शहरी भारतीयों की फिक्र बेरोजगारी को लेकर बढ़ गई। दरअसल इप्सॉस हर महीने 28 देशों में यह सर्वे कराती है, जिसका मकसद लोगों की संतुष्टि और असंतुष्टि का स्तर जानना हुआ करता है। इस सर्वे में हमारे लिए एक बात जरूर आश्वस्त करने वाली है कि 69 फीसदी शहरी भारतीय मानते हैं कि देश सही रास्ते पर जा रहा है। मतलब यह कि वे देश की वर्तमान हालत से संतुष्ट हैं। उन्हें वित्तीय और राजनीतिक भ्रष्टाचार, अपराध और हिंसा, गरीबी, सामाजिक असमानता और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दे परेशान कर रहे हैं, मगर वे कुल मिलाकर आशावादी हैं। सर्वेक्षण का संदेश साफ है कि बेरोजगारी ही भारत सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उसे इस समस्या को अपने अजेंडे पर सबसे ऊपर रखना चाहिए। लेकिन दिक्कत यह है कि सरकार इस पर भारी असमंजस में दिखती है। एक तरफ खुद श्रम मंत्रालय बताता है कि देश में 2017-18 में बेरोजगारी दर 6.1 फीसदी रही जो 45 साल में सबसे ज्यादा थी, लेकिन दूसरी तरफ कई अवसरों पर सरकार के नुमाइंदे इसे नकारते भी रहते हैं। पिछले दिनों श्रम एवं रोजगार मंत्री संतोष गंगवार ने लोकसभा में इस बात से ही इनकार किया कि रोजगार के अवसरों में कमी हुई है। जबकि कई स्त्रोतों से यह बात सामने आई है कि देश में आर्थिक सुस्ती के कारण बीते कुछ महीनों में ऑटोमोबाइल सेक्टर में 2 लाख से अधिक नौकरियां चली गई हैं। टेक्सटाइल और रियल एस्टेट सेक्टर में भी नौकरियां कम हुई हैं। आज ज्यादातर विदेशी या भारतीय कंपनियां कौशल पर बहुत ज्यादा जोर दे रही हैं, लेकिन कुशल लोगों की अब भी भारी कमी है। पिछले कुछ वर्षों में उन युवाओं की भारी फौज देश में तैयार हो गई है, जिन्होंने ग्रेजुएशन या पोस्ट ग्रेजुएशन जैसी डिग्री हासिल की है, लेकिन उनमें वैसे किसी कौशल का अभाव है, जो उन्हें कोई काम दिला सके।

टेक ज्ञान

रू400 से सस्ता जियो फोन

रू50 के रिचार्ज में मिलेगी 28 दिन की वैलिडिटी

नई दिल्ली। साल 2020 में रिलायंय जियो के नए फीचर फोन का इंतजार खत्म होने वाला है। खबरों की मानें तो कंपनी आजकल अपने अपकमिंग जियो फोन पर काम कर रही है। नया जियो फोन मौजूदा जियो फोन से सस्ता होगा। कंपनी फिलहाल नए जियो फोन के बारे में प्री-लॉन्च सर्वे कर रही है जिसमें रिटेलर्स की राय ली जा रही है। कंपनी की कोशिश है कि वह नए जियो फोन से टारगेट यूजर्स की जरूरत को पूरा करने के साथ ही अपने सब्सक्राइबर बेस को भी बढ़ा सके। नया जियो फोन 500 रुपये से कम की कीमत में आ सकता है। 91 मोबाइल्स की रिपोर्ट के अनुसार इसकी कीमत 399 रुपये हो सकती है।

संविधान पर नफरती विचारधारा के हमलों का साल

अनिल जैन

> उनके घर जाकर मीडिया के सामने उन्हें गिरफ्तार किया गया ताकि सरकार की नीति की आलोचना की कोई अन्य नेता हिम्मत न कर पाए। सुप्रीम कोर्ट ने भी उन्हें बडी मशक्कत के बाद जमानत दी। संवैधानिक संस्थाओं के क्षरण के मामले में भी इस साल ने पिछले सारे रिकार्ड तोड डाले। चुनाव आयोग का हाल तो यह रहा कि पिछले सारे चुनाव आयुक्तों की उपलब्धियो पर मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोडा ने कालिख पोत दी। चुनाव में मोदी और अमित शाह ने बेशुमार पैसे खर्च किए और सेना समेत धर्म तथा जाति का खुल कर इस्तेमाल किया, लेकिन चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की। उसने चुनाव की तारीखों का एलान भी मोदी की सुविधाओं के हिसाब से किया।

वर्ष 2019 को किस खास बात के लिए याद किया जाएगा या इस वर्ष की कौन सी ऐसी बात है जिसकी यादें भारतीय इतिहास में दर्ज हो जाएंगी? यह सवाल जब आज से कुछ सालों के बाद पूछा जाएगा तो जो लोग इस देश से, देश के संविधान से, इस देश की विविधताओं से, इस देश की आजादी के संघर्ष का नेतृत्व करने और कुर्बानी देने वालों से प्यार करते हैं, उनके लिए इस सवाल का जवाब देना बहुत आसान होगा। ऐसे सभी लोगों का यही जवाब होगा कि यह साल भारतीय संविधान पर एक नफरतभरी विचारधारा के क्रूर आक्रमण का साल था। इस आक्रमण से भारतीय संविधान और हमारे स्वाधीनता आंदोलन के तमाम उदात्त मूल्य बुरी तरह लहूलुहान हुए हैं। यही नहीं, यह साल भारतीय अर्थव्यवस्था के अभूतपूर्व रूप से चैपट होने के तौर पर भी याद किया जाएगा। इस साल को चुनाव आयोग, रिजर्व बैंक, न्यायपालिका जैसी संवैधानिक संस्थाओं के सरकार के समक्ष समर्पण के लिए तो खास तौर पर याद किया जाएगा।

संभव है कि हिंदुत्ववादी विचारधारा के संगठन इस साल को अपने लिए एक उपलब्धियों से भरा साल घोषित कर ले। वैसे हिंदुत्व की विचारधारा को बढत तो 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद से ही मिलने लगी थी, लेकिन उसके दूरगामी नतीजे 2019 में आने लगे। साल की शुरुआत ही ऐसी घटना से हुई जो हिंदुत्व की पहले की राजनीति की फसल काटने जैसी थी।

हुआ यूं कि मोदी सरकार ने महबूबा मुफ्ती की सरकार गिरा दी और जम्मू-कश्मीर मे राज्यपाल का शासन लगा दिया। भाजपा-पीडीपी की साझा सरकार के समय में ही वहां के हालात बिगडने लगे थे और पत्थरबाजी तथा आतंकवादी वारदातों में इजाफा होने लगा था। निर्वाचित सरकार की बर्खास्तगी के बाद हालात और खराब हो गए, इतने खराब कि 26 फरवरी 2019 को पुलवामा में सुरक्षा बलों के एक वाहन पर आत्मघाती हमला हो गया और उसमें चालीस से ज्यादा जवानों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हमला स्पष्ट रूप से मोदी सरकार की और हमारे सुरक्षा तंत्र की एक बडी विफलता थी। लेकिन आमचुनाव नजदीक देख कर मोदी सरकार ने अपनी इस नाकामी पर पर्दा डालने के लिए इसके बहाने राष्ट्रवाद का एक नैरेटिव बुनना शुरू किया और उसे पुख्ता करने के लिए उसने 26 फरवरी, 2019 को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के बालाकोट मे सर्जिकल स्ट्राइक कर दी। दावा किया गया कि वहां कायम आतंकवादियों के अड्डे नष्ट करने के लिए की गई इस कार्रवाई में सैकडों आतंकवादी मारे गए। हालांकि यह कार्रवाई विवादास्पद रही और अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने बताया कि इसमें एक भी आदमी नही मरा। लेकिन भारत के अखबारों तथा टीवी चैनलों के एक बडे हिस्से के सहारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी ने ऐसा माहौल बनाया कि बेरोजगारी और डूबती अर्थव्यवस्था के बावजूद उन्होंने चुनाव की बाजी जीत ली। इस चुनाव ने एक ओर हिंदुत्व को पांच साल की और उम्र दे दी तो दूसरी ओर उसने कांग्रेस के पुनर्जीवन की उम्मीद पर सवालिया निशान खडे कर दिए। राज्य विधानसभाओं के चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राहुल गांधी के आगे जा रहे रथ को उनके ही सिपहसालारों ने रोक दिया। पार्टी के बडे नेताओं ने उनका साथ नहीं दिया और कांग्रेस भाजपा को कोई बडी चुनौती नही दे पाई। सबसे बडी विपक्षी पार्टी होने के नाते वह समूचे विपक्ष को इकट्ठा करने की भूमिका निभाने भी विफल रही। जाहिर है 2019 की सबसे बड़ी घटना मोदी सरकार की वापसी थी और विपक्ष का दारुण पराभव।

लेकिन इस चुनाव को राष्ट्रवाद के मुद्दे पर नहीं, बल्कि हिंदू राष्ट्रवाद के मुद्दे पर लडा गया। यह जग जाहिर है कि भारत में पाकिस्तान के नाम का इस्तेमाल सांप्रदायिक राजनीति के लिए और देश के मुसलमानों को डराने के लिए होता है। मोदी सरकार ने इसका जमकर इस्तेमाल किया। चुनाव में भाजपा का हिंदुत्ववादी चेहरा और भी स्पष्ट रूप से सामने आया। आतंकवादी गतिविधियों की आरोपी को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया और वह आराम से चुनाव जीत गई। वह गोडसे जय-जयकार करते भी आज तक भाजपा में बनी हुई है।

सारे नकारात्मक और विभाजनकारी मुद्दों का सहारा लेकर सत्ता में आई मोदी सरकार ने दूसरी पारी के पहले साल में ही अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। इसने कमजोर पडी अर्थव्यवस्था को गतिशील करने के नाम पर एक ओर कॉरपोरेट सेक्टर को ढाई लाख करोड से ज्यादा की रियायत टैक्सो तथा दूसरे माध्यमों से दे दी और आगे भी छूट देने आश्वासन दिया। दूसरी ओर उसने मुनाफा कमा रहे सरकारी उपक्रमों औने-पौने दामों पर निजी क्षेत्र को बेचने का सिलसिला शुरू कर दिया है। बेरोजगारी और महंगाई बढने तथा जीडीपी के नीचे खिसकने का सिलसिला इतना तेज है कि यह साल इस मामले में भी रिकार्ड बनाने का इतिहास रच रहा है।

हिंदुत्व की विचारधारा के तहत शासन किस तरह चलता है इसकी बानगी मोदी के पिछले कार्यकाल मे दिखाई पड़ी थी। इस साल इसका संपूर्ण रूप सामने आ रहा है। उसने देश की संवैधानिक संस्थाओं को अपने राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल करने तथा उनकी स्वायत्तता को नष्ट करना जारी रखा है। विपक्ष के नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) तथा सीबीआई का इस्तेमाल बदस्तूर जारी रहा। इस सिलसिले में सबसे नाटकीय रहा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम को गिरफ्तार कर लंबे समय तक जेल में रखना।

दिल्ली के लाक्षागृहों में खाक होती मासूम जिंदगियां

योगेश कुमार गोयल

> बार-बार हो रहे ऐसे दर्दनाक हादसों के बाद भी इस बात का जवाब कहीं से नहीं मिलता कि आखिर संकरी गलियों में चल रहे अवैध कारखानों पर लगाम कब और कैसे लगेगी और जिम्मेदार अधिकारियों को दंडित करने के लिए सख्त कदम कब उठाए जाएंगे? सवाल यह भी है कि ऐसी संकरी गलियों में 4-5 मंजिला इमारतें कैसे बन गई और कैसे उनमें बिजली के मीटर लग गए? कैसे उन आवासीय इमारतों के भीतर औद्योगिक कारखाने स्थापित करने की इजाजत मिल गई? फायर विभाग के अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं होने के बावजूद अगर धड़ल्ले से ऐसे कारखाने दिल्ली के अनेक इलाकों में चल रहे हैं तो उसकी जिम्मेदारी आखिर किसकी है?

दिल्ली में आगजनी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही। बीते 8 दिसम्बर को दिल्ली के अनाज मंडी इलाके में भयावह अग्निकांड में हुई 46 मौतों के सदमे से दिल्ली अभी तक उबरी भी नहीं थी कि 20 दिनों के भीतर पांच और ऐसे ही अग्निकांडों ने न केवल हर किसी को अंदर तक झकझोर दिया है बल्कि सभी जिम्मेदार संस्थाओं पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। 22 दिसम्बर की रात दिल्ली के किराड़ी इलाके में इंदर एनक्लेव में एक चार मंजिला इमारत के निचले हिस्से में बने कपड़ों के गोदाम में लगी आग ने पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया और देखते ही देखते यह आग 9 मासूम लोगों का काल बन गई। उसके दो ही दिन बाद 24 दिसम्बर को दिल्ली के नरेला इलाके में तीन फैक्टरियों में आग लग गई, जिसे बुझाने में 36 दमकल वाहनों की मदद से करीब 150 दकमलकर्मियों को सात घंटों तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। 27 दिसम्बर को सदर बाजार इलाके में एक इमारत में, महारानी बाग क्षेत्र में एक दुकान में तथा वसंत विहार इलाके में एक आवासीय इमारत में भीषण आग लग गई, जिसे दमकलकर्मियों ने कई घंटों की जद्दोजहद के बाद बुझाया। गनीमत यह रही कि आगजनी के इन हादसों में कोई हताहत नहीं हुआ। इससे पहले 8 दिसम्बर को अनाज मंडी इलाके में एक मकान में बहुमंजिला इमारत में चल रही फैक्टरी में लगी भयानक आग में 46 लोगों की मौत हो गई थी।

कितनी बड़ी विड़म्बना है कि दिल्ली में बार-बार ऐसे अग्निकांड सामने आते रहे हैं और लोग लाक्षागृह बनी ऐसी इमारतों में जलकर राख होते रहे हैं लेकिन ऐसे हादसों से कभी कोई सबक नहीं लिया जाता। दिल्ली में ऐसे अनेक इलाके हैं, जहां संकरी गलियों में अनेक फैक्टरियां या कारखाने चल रहे हैं और यह सब प्रशासन की नाक तले होता है। ऐसी लगभग तमाम औद्योगिक इकाईयों में आग से बचने के कोई इंतजाम नहीं होते लेकिन बार-बार होते ऐसे हादसों के बावजूद अगर उन पर कभी कोई कार्रवाई नहीं होती तो भला उसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाए? अक्सर यही देखा गया है कि दिल्ली में अग्निकांड की घटनाएं हों या बहुमंजिला इमारतें गिरकर उनके तले दबकर मासूम

लोगों के मारे जाने की, ऐसी दर्दनाक घटनाओं में प्रायः पीड़ितों को मुआवजा देने की घोषणाएं कर सरकारों द्वारा अपने कर्त्तव्यों की इतिश्री कर ली जाती है और भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसकी ओर से सब बेपरवाह हो जाते हैं। जब भी ऐसा कोई हादसा सामने आता है, तब ऐसी अव्यवस्थाओं पर खूब हो-हल्ला मचता है लेकिन चंद दिन बीतते-बीतते सब शांत हो जाता है और सारी व्यवस्था पुराने ढ़र्रे पर पूर्ववत रेंगने लगती है। ऐसे में गंभीर सवाल यही उठता है कि दिल्ली के इन अग्निकांडों का जिम्मेदार आखिर कौन है और कब तक ऐसे अग्निकांडों में जान-माल की बलि चढ़ती रहेगी? आखिर क्यों 'मौत की नगरी' बनती जा रही है दिल्ली? संकरी गलियों में ऊंची-ऊंची इमारतों के बीच बिजली की हाई वोल्टेज तारों का मकड़जाल भी बड़े हादसों को न्यौता देता प्रतीत होता रहा है।

कहना असंगत नहीं होगा कि अगर अनाज मंडी इलाके के अग्निकांड में हुई 46 मौतों से कोई सबक लिया जाता और दिल्ली में अवैध रूप से बनी इमारतों तथा संकरी गलियों में चल रही अवैध फैक्टरियों पर लगाम कसने की कवायद शुरू कर दी गई होती तो शायद 22 और 24 दिसम्बर के हादसों से बचा जा सकता था। दिल्ली के कई इलाकों में तमाम नियम-कायदों की धज्जियां उड़ाते कुकुरमुत्ते की भांति अवैध कारखाने फैले हैं, जहां हल्की सी चिंगारी को भी दावानल बनते देर नहीं लगती लेकिन शायद गहरी नींद में सोये अधिकारियों ने सोचा हो कि 8 दिसम्बर को घटी घटना के बाद अभी इतनी जल्दी कोई और घटना तो घटने वाली है नहीं, इसलिए क्यों ऐसे कारखानों पर लगाम लगाने के लिए बेवजह की जद्दोजहद की जाए। विड़म्बना है कि 1997 के उपहार सिनेमा की भीषण आग में खाक हुई 59 मासूम जिंदगियों की त्रासदी के बाद के इन 22 वर्षों में किसी ने कोई सबक सीखा। ऐसे हादसों के बाद अक्सर यही तथ्य सामने आते रहे हैं कि हादसाग्रस्त कारखानों वाली इमारतों में आग से बचने के कोई उपकरण नहीं थे और फिर भी वे धड़ल्ले से चल रहे थे।

कोई भी बड़ा हादसा होने के बाद मुख्यमंत्री, मंत्री तथा तमाम राजनीतिक दलों के बड़े-बड़े नेता घटनास्थल पर पहुंचते हैं और मीडिया से मुखातिब होकर एक-दूसरे पर अपनी भड़ास निकालने के बाद वहां से खिसक लेते हैं। ऐसे अग्निकांडों में मासूम लोगों की मौत के बाद राजनीतिक दलों द्वारा एक-दूसरे पर दोषारोपण का घृणित दौर शुरू होता है लेकिन हकीकत यही है कि अगर इन्हीं लोगों ने नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए धड़ल्ले से चल रहे कारखानों पर सख्त कदम उठाने की पहल की होती तो ऐसे हादसे होते ही नहीं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

इन दरख्तों की

इन दरख्तों की आजमाइश को, आँधियां और सितम ढाएंगीं, इनकी गहरी जड़ें हिलाने को, ये सारा जोर आजमाएंगीं, मगर ये शजर एक दूजे के, हमसफर हमनवां हमसाया हैं, कोशिशें लाख हो गिराने की, आँधियाँ थक के लौट. जाएंगीं !

- कुलदीप मिश्रा

यह नदियों का मुल्क है, पानी भी भरपूर है

यह नदियों का मुल्क है, पानी भी भरपूर है। बोतल में बिकता है, पन्द्रह रू शुल्क है। यह गरीबों का मुल्क है, जनसंख्या भी भरपूर है। परिवार नियोजन मानते नहीं, नसबन्दी निःशुल्क है।

- कुमार संतोष

खास पाती

लायी है ज़िंदगी ये कहां

लायी है ज़िंदगी ये कहाँ किस डगर मुझे । आता हरेक शय में सुख़न ही नज़र मुझे । शेरो सुख़न ,अदब में ही उलझे दिलो दिमाग़ , आती नहीं है नींद भी अब रात भर मुझे । करते हैं रश्क़ चाँद सितारे नसीब पर , ऐसा मिला है यार नया हम - सफ़र मुझे । काँटे दिए लपेट के मखमल में इस तरह , लगने लगा है अब तो शरीफों से डर मुझे । मैं क्यों गुरेज़ सुर्ख़ियों पे आपकी करूँ, करते हैं मेरे मौन भी अब तो मुखर मुझे । मुश्किल सफ़र में कोई तो चलता है मेरे साथ, क़दमो से अपने कौन चलाता प्रखर मुझे । - **राजेश प्रखर**

श्रृंगार रस' काव्य' के नाम पर

कुछ लोगों ने श्रृंगार रस' काव्य' के नाम पर लंबी ,लंबी पंक्तियों में आधे 'पन्ने' तक प्रेम पत्र लिखना शुरू कर 'दिया 'है! बेहतर हैं चिट्ठी ही' लिखो 'पता नही ये कवि कैसे बन जाते हैं। एक वर्ग 'आलिंगनबद्ध' स्त्री पुरूष या अर्धनग्न स्त्री की तस्वीर डाल कर भी काव्य लिख रहे हैं! यह 'क्या' हैं ? ताज्जुब की बात कि उन्हें भी कुछ लोगों की 'वाहवाही' मिल जाती है। क्या काव्य लिखने के लिए संपूर्ण परिधान में' लिपटी' महिलाओं का चयन नही किया जा सकता ? - **बेबी सिंह**

नज़र से तुमने पिलाई इतनी

नज़र से तुमने पिलाई इतनी, बहक रहे हैं क़दम अभी तक छुआ था तुमने हमारा दामन, महक रहा है सनम अभी तक जुबां पे ताला.. नज़र झुकी है, मिलन पे बंदिश हया ने की है कहें तो कैसे हमारे दिल की, हैं कश्मकश में ही हम अभी तक

- ममता लड़ीवाल

फासले सब भरा नहीं करते

फासले सब भरा नहीं करते, क्यों यकीं तुम ज़रा नहीं करते। ग़म रहेंगे हयात में तब तक, इश्क़ जब तक खरा नहीं करते। दोस्त सच्चे सदा हँसाते हैं, घाव दिल का हरा नहीं करते। नूर फैला उन्हीं चराग़ों का, जो हवा से डरा नहीं करते। बात मरने की मत 'अधर' करना, यूँ सुख़नवर मरा नहीं करते।। - **शुभा शुक्ला मिश्रा**

बीत रहा हर पल लम्हे का

बीत रहा हर पल लम्हे का चलो अब मुस्कुरा भी दो क्या पता फिर अगले दिसम्बर हम मे से कोई हो न हो क्या तेरा क्या मेरा सब कुछ छोड़ यहीं पर जाना है आ कर ले मुलाकातें चंद ये पल फिर ना जाएं खो बीत न जाएं दिन ये सारे रूठने मनाने मे ही मैं थोड़ा सा झुकती हूँ तू कर कोशिस कुछ झुकने को। - **रानी इंदु**

दिल के पार हुआ जब तीर तभी

दिल के पार हुआ जब तीर तभी उतारे हमने चीर इतनी ठंड में हिम्मत देखो ठहरे हम दोनों ही वीर इक-दूजे का साथ निभावें आती जब हम पर कोई पीर काम कोई आवे ना दूजा सुख-दुःख में अपना है सीर भूख लगे तब भोजन करलें प्यास बुझावे केवल नीर भड़क उठे जब-तब चिंगारी तभी चलावें दोनों तीर। - **जे डी कुदाल**

उनका साथ ताहयात मिलेगा हमें

उनका साथ ताहयात मिलेगा हमें,खुशफहमी में जीये तो कितना जियें? है इल्म वस्ल अब मुमकिन ही नहीं, उम्रेदराज चाहिए भी तो किसलिए?

- किरन शोभा

लघु कथा

परिपक्वता

पापा के दोस्त और बेटे के दोस्त, एक लघुकथा जो परिपक्वता पर आधारित, एक रात मैंने अपने बेटे गौरव को शिक्षार्थ नींद से जगाया, और एक समस्या का ब्यौरा दिया, उसने अपने दोस्तों को मदद का आग्रह किया, एक घण्टे तो क्या. रात आधी हो गई, कोई नहीं आया, तब मैं उसे लेकर अपने दोस्त उपेश के पास ले गया, और आवाज लगाई, वह उठा और उसके एक हाथ में लाठी, दूसरे हाथ में तिजोरी की चाबी, और गेट खोल दिया, और तिजोरी से पैसे निकालने लगा, तभी बेटा गौरव भौचक्का था, उससे रुका न गया और वह उपेश कुमार से पूछ बैठा. अंकल ये सब क्यों ? उपेश जी का जवाब सुनकर लड़का दंग रह गया, उसने जवाब में कहा बेटा. तेरे पापा आधी रात में आये हैं. ये तो तय है राजीखुशी तो है नहीं, ये आफ़त में हैं तो लाठी काम आयेगी, कोई बीमार हैं तो पैसे, गौरव मेरा बेटा अब तक सब समझ चुका था, गर्दन झुकाए खडे था. कथाएं बहुत कुछ सिखती है. गहरी सुलाती भी है. वो आपकी जरूरत।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1492- इटली के सिसली क्षेत्र से 100,000 यहूदियों को निकाला गया। 1600- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना हुई। 1802- मराठा शासक पेशवा बाजीराव द्वितीय अंग्रेजों के संरक्षण में आये। 1929- कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वराज की घोषणा की गई। 1944- अमेरिकी राज्य उताह के ओगडन में रेल दुर्घटना में 48 लोगों की मौत। 1944- द्वितीय विश्व युद्ध में हंगरी ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1949- विश्व के 18 देशों ने इंडोनेशिया को मान्यता दी। 1962- हालैंड ने दक्षिण पश्चिम प्रशांत महासागर में स्थित द्वीप न्यू गिनी को छोडा। 1964- इंडोनेशिया को संयुक्त राष्ट्र से निष्कासित किया गया। 1983- ब्रूनेई को ब्रिटेन से आजादी मिली।

नागरिकता संशोधन कानून के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब

■ सांसद बघेल ने किया रैली का नेतृत्व
■ गूंजे भारत माता के जयकार के नारे

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। देश में चर्चा का विषय बने नागरिकता संशोधन कानून के समर्थन में सोमवार को शहर में निकाली गई रैली में जनसैलाब उमड़ा। यह रैली नागरिकता संशोधन कानून के विषय में फैले भ्रांतियों को दूर कर लोगों को कानून के मूल उद्देश्यों से अवगत कराने के उद्देश्यों से निकाली गई थी। रैली का नेतृत्व दुर्ग सांसद विजय बघेल ने किया। स्थानीय पंडित रविशंकर स्टेडियम स्थित मानस भवन के पास प्रारंभ हुई यह जनसमर्थन रैली नया बस स्टैण्ड, हिन्दी भवन, पटेल चौक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां सर्वसमाज के प्रतिनिधि मंडल द्वारा राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नागरिकता संशोधन कानून को लेकर देश को विखंडित करने में लगे विध्नसंतोषी तत्वों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई। रैली में देश हित में नारे लिखे तख्तियां लेकर शामिल हुए। वहीं पूरे रैली में भारत माता के जयकार के नारे गूंजमान रहे। जनसमर्थन रैली को लेकर सर्वसमाज ने भारी उत्साह दिखाया। जिससे उनका नागरिकता संशोधन कानून के समर्थन में उत्साह स्पष्ट नजर

आया। इसके पहले मानस भवन के पास सभा का आयोजन भी किया गया।

सभा को सांसद बघेल ने संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकता संशोधन कानून पारित कराना मोदी सरकार का साहसिक फैसला है। यह कानून नागरिकता देने वाला है न कि नागरिकता छिनने वाला कानून है। यह कानून एक नए युग की शुरुवात है। भारत के लोग नागरिकता से वंचित थे। पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान में आतंक के साए में अल्पसंख्यक लोग निवासरत है। उन्होने लंबी प्रताडऩा झेली है। ऐसे लोगों को मोदी सरकार ने भारतीय नागरिकता देने की उदारता दिखाई है। सांसद बघेल ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून को लेकर कुछ विध्नसंतोषी लोग देश में एकता व भाईचारा नही चाहते है। ऐसे लोगों द्वारा इस कानून को राजनीतिक रुप देकर अपनी राजनीतिक रोटी सेकने से बाज नहीं आ रहे है। सांसद विजय बघेल ने बताया कि एनआरसीएसीएए व एनपीआर कानून देश हित में है। एनआरसी कानून के लिए कुछ पात्रताएं तय की गई हैए लेकिन इसे मोदी सरकार ने पहले से ज्यादा सरलीकरण कर दिया है। एनआरसी देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए नितांत आवश्यक है। यह देश में घुसपैठिए दुश्मनों को खत्म करने में कारगर कदम सिद्ध होगा। विपक्षी कांग्रेस व अन्य पार्टियों द्वारा इस कानून को लेकर जर्बदस्ती भ्रम फैलाया जा रहा हैए लेकिन हमें बहकावें में न आकर सच को समझना होगा। इसके अलावा भाजपा नेताओं व अन्य समाज एवं संगठनों के नेताओं ने भी सभा को संबोधित कर नागरिकता संशोधन कानून के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। सभा का संचालन जिला भाजपा महामंत्री देवेन्द्र सिंह चंदेल ने किया। रैली में पूर्व मंत्री रमशीला साहू, विधायक विद्यारतन भसीन, युवा नेता मनीष पांडेय, राजेश ताम्रकार, डोमार सिंह वर्मा, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, जिपं अध्यक्ष माया बेलचंदन, बजरंग दल नेता संतोष गोलछा, रतन यादव, गौतम जैन, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, कृष्णा देशमुख, मुकेश बेलचंदन, ललित चंद्राकर, अजय तिवारी, चंद्रकला खिचरिया, अलका बागमार, राज आड़तिया, गजेन्द्र यादव, सत्यनारायण शर्मा, देवनारायण चंद्राकर, सौरभ चौबे, तामेश तिवारी, निर्मला यादव, सुरेन्द्र सिंह कैम्बो, ज्ञानू ताम्रकार, रोमनाथ साहू, ऋषिकांत तिवारी, प्रशांत जोशी के अलावा विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं समाजसेवी संगठनों के कार्यकर्त्ता बड़ी संख्या में जुटे।

■ न्यूज गैलरी

पर्यवेक्षक साहू कल दुर्ग आएंगे

दुर्ग। निगम के नए महापौर चयन के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पर्यवेक्षक बनाए गए विधायक धनेन्द्र साहू 1 जनवरी को आएंगे। कार्यक्रमानुसार श्री साहू 1 जनवरी को महापौर चयन के लिए कांग्रेस के सभी नवनिर्वाचित पार्षदों से वन.टू.वन चर्चा करेंगे। चर्चा कर वे पार्षदों की मंशा से प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन मरकाम को अवगत कराएंगे। जिसके बाद ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी महापौर पद के चयन के लिए अंतिम निर्णय लेगी।

2 को मनेगी संत करतार पुण्यतिथि

भिलाईनगर। संत करतार सिंह की पुण्यतिथि 2 जनवरी को जेपी चौक पर प्याऊ घर व सेक्टर 2 संगत घर में मनाया जाएगा। इस अवसर पर लंगर का आयोजन रखा गया है। भिलाई समूह संगत के सरदार सतनाम सिंह ने बताया किए जेपी चौक सेक्टर 2 में शहर का पहला प्याऊ घर 1958 में शुरू हुआ था। इसकी शुरूवात संत करतार सिंह ने की थी। संत करतार सिंह का निधन 2 जनवरी 1983 को हुआ। विगत 34 वर्षों से उनकी पुण्य तिथि पर हर वर्ष की तरह इस बार भी लंगर होगा।

जॉगिंग करते हुए गार्डन भी किया साफ

स्वच्छता अभियान में दिखाई अपनी सहभागिता

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों ने स्वच्छता के महाअभियान में शामिल होते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन, डिस्पोजल, पन्नी एवं कचरा आदि उठाने का कार्य किया। लोग अपने घरों से कचरा उठाने के लिए थैला इत्यादि लेकर निकले। निगम प्रशासन द्वारा इन्हें हाथ में पहनने के लिए दस्ताना भी प्रदान किया गया, ताकि कचरा उठाने में दिक्कत

न हो। निगम प्रशासन के अपील पर नागरिकों ने स्वच्छता में अपनी सहभागिता निभाते हुए विभिन्न क्षेत्रों से कचरा उठाने का कार्य किया तथा कई लोगों ने जोगिंग करते हुए कचरा उठाया। प्रातः 7 बजे से प्रमुख सड़क, गली.मोहल्ले, आदि स्थानों से प्रतिबंधित, प्लास्टिक, पॉलिथीन, पन्नी, डिस्पोजल एवं अन्य कचरे का संग्रहण करने का कार्य नागरिकों के द्वारा किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी भी सम्मिलित हुए। निगम के जोन क्रं. 1 के अंतर्गत वार्ड क्रं. 3 भेलवा तालाब के समीप तथा वार्ड क्रं. 4 राधिका नगर स्लॉटर हाउस, जोन क्रमांक 2 क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रं.14 देशी शराब दुकान के पास जवाहर नगर, जोन क्रमांक 3 क्षेत्र में बैकुंठ धाम के समीप तालाब परिसर, जोन क्रं. 4 केनाल रोड से आईटीआई ग्राउंड एवं जोन क्रमांक 5 वार्ड 65 सड़क 2 के स्थानों में प्लास्टिक, पॉलिथीन तथा कचरा एकत्रित करने का कार्य नागरिकों की सहभागिता से किया गया। आज प्रातः कालीन बड़ी संख्या में बैकुंठ धाम तालाब परिसर पर लोगों की मौजूदगी स्वच्छता को लेकर दिखी जहां पर तालाब के परिसर को साफ करने का कार्य किया गया जिसमें युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी वर्ग के लोग सम्मिलित हुए, हाथों में थैला लिए लोग बेझिझक कचरे को एकत्रित करते रहे।

पूर्व छात्रों का मिलन समारोह

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। नगर के एक निजी होटल मे 83.84 सेक्टर .7 स्कुल बेच के छात्र एव छात्राओ ने मनाया गेट टू गेदर कार्यक्रम ज़िसमे विभिन्न छेत्रो मे कार्य कर रहे पुराने स्कुली दोस्तो ने अपने पुराने दिन याद कर खुब आनंद लिया। कार्यक्रम मे विभिन्न गेंम्स मे एपासिंग द बाल मे संजीव मुखर्जी प्रथम, प्रवींण पटेल द्वितीय एव उषा सिंग तृतिय स्थान पाऐ। फुल हाउजी अपर एव कंबाइंड मे किशोर बागडे एलोवर मे इकबाल सिंग रेखी बिट्टा आये एव सबसे मजेदार एव पुराने गेम कुर्सी दौड़ मे प्रथम स्थान बेबी लेखा, द्वितीय स्थान इकबाल सिंग रेखी बिट्टा एव तृतिय स्थान जयश्री को मिला।

पिछड़े वर्ग से हो महापौर, समाज के लोग एकजुट

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम के 60 वार्डो में से 30 वार्डो में कांग्रेस के पार्षद चुनाव जीत कर आए है। इनमें 25 पार्षद ओबीसी, एसटी व एससी वर्ग से है। जिससे शहर के मतदाताओं का रुझान पिछड़े वर्ग के पक्ष में है। इसलिए दुर्ग का नया महापौर इसी वर्ग से बनाया जाएए ताकि पिछड़े वर्ग के मतदाताओं के मंतव्य व भावनाओं को सम्मान मिल सके। पिछड़ा वर्ग सर्वसमाज ने अपने इन मंशा को कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व

राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन मरकाम को पत्र प्रेषित कर अवगत कराया है जबकि विधायक अरुण वोरा से मुलाकात कर अपनी इच्छा जाहिर की गई है। यह बातें छत्तीसगढ़ भातृ संघ अध्यक्ष तेज बहादुर बंछोर व सर्व छत्तीसगढिय़ां समाज महासंघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय चौहान ने प्रेसवार्ता में कही। इस दौरान पिछड़ा वर्ग समाज के संजय देशमुख, छत्रसाल गायकवाड़ के अलावा अन्य संगठन के प्रतिनिधि मौजूद थे। चर्चा में श्री बंछोर व श्री चौहान ने कहा कि यह पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति बाहुल्य नगरीय निकाय है। एक वर्ष पूर्व संपन्न विधानसभा चुनाव में यहां के मतदाताओं ने पिछड़े वर्ग के उम्मीद्वार के मुकाबले अनारक्षित वर्ग के उम्मीद्वार को अधिक तरजीह दी। फ्लस्वरुप विधायक वोरा चुने गए। अब इस नगरीय निकाय चुनाव में निकाय का मतदाता अनारक्षित वर्ग के मुकाबले पिछड़ी जाति को अधिक तरजीह दी। इसको इस तथ्य से समझा जा सकता है।

धम्म प्रचार रथ का हुआ स्वागत

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। बुद्ध धम्म प्रचार समिति नागपुर के तत्वावधान में धम्म प्रचार रथ का आगमन पंचशील बुद्ध विहार शिवनगर कुम्हारी में हुआ। बौद्ध समाज की ओर से धम्म प्रचार रथ का स्वागत किया गया। बुद्ध विहार में सामुहिक रूप से त्रिशरण, पंचशील ग्रहण किया गया। प्रधान धम्म प्रचारक केशव सोमकुंवर ने बताया कि हमें बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर द्वारा दिए गए 22 प्रतिज्ञाओं का पालन करते हुए बुद्ध धम्म को अपने जीवन में उतारना है। मधुकर वाहने ने समिति की गतिविधियों की जानकारी देते हुए धम्म रथ यात्रा का उद्देश्य बताया। सुनील गणवीर ने बौद्ध उपासक व उपासिकाओं के धम्म प्रश्नों का सहज उत्तर दिया। रतन गोंडानें ने धम्म कैलेण्डर व धम्म साहित्य का परिचय देते हुए उनकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा कुम्हारी के पदाधिकारीगण व उपासक, उपासिकाएं उपस्थित थे। जिनमें प्रमुख रूप से संरक्षक नलिनी पारेकर, उपाध्यक्ष रेखा बंसोड़, सचिव दुर्गा वाहने, प्रेमलता डोंगरे, सुरेश वाहन, वंदना गायकवाड़, माया वाहने, सुरेखा मेश्राम, सविता सहारे, अंकेश वाहने, देवला मेश्राम, गीता टेंभेकर, मंदा चौहान, बारसा बाई, सुमन वाहने आदि उपस्थित थे।

सीएम बघेल ने विमला के निधन पर दुख व्यक्त किया

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। दैनिक समाचार पत्र के प्रधान संपादक स्व. रामचंद्र गुप्ता की धर्म पत्नी व संपादक सुनील गुप्ता की माता श्रीमती विमला देवी गुप्ता का सोमवार दोपहर 1.30 बजे निधन हो गया। वे 74 वर्ष की थी। श्रीमती गुप्ता आशीष गुप्ता, अनिल गुप्ता, सुषमा गुप्ता की माता हैं। उनका अंतिम संस्कार 31 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा दुर्ग पद्मनाभपुर हाउसिंग बोर्ड एमआईजी 734 से सुबह 10 बजे निकलेगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दैनिक समाचार पत्र के संपादक सुनील गुप्ता की माता श्रीमती विमला देवी गुप्ता के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। श्रीमती गुप्ता का आज दुर्ग में निधन हो गया। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय श्रीमती विमला देवी गुप्ता के परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। दुर्ग प्रेस क्लब के सदस्यों ने भी श्रीमती गुप्ता के निधन पर शोक व्यक्त किया।

पत्रकारवार्ता... भिलाई के चन्द्रा एवं दुर्ग के अप्सरा टॉकीज सहित पूरे छत्तीसगढ़ के 15 सिनेमाघरों में प्रदार्शित होने जा रही

छत्तीसगढ़ी फिल्म ससुराल 3 जनवरी को सिनेमाघरों में होगी प्रर्दर्शित

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। मां कामना फिल्म शिवरीनारायण के बेनर तले एवं छॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्देशक प्रभाष द्वारा निर्देशित छत्तीसगढ़ी फिल्म ससुराल नये साल मे रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म के निर्माता सागर केशरवानी एवं मदन कहरा है। यह फिल्म आगामी 3 जनवरी से भिलाई के चन्द्रा एवं दुर्ग के अप्सरा टॉकीज सहित पूरे छत्तीसगढ़ के 15 सिनेमाघरों में प्रदार्शित होने जा रही है। उक्त बातें एक पत्रकारवार्ता में ससुराल फिल्म के प्रमुख अभिनेता प्रदीप शर्मा एवं ललित उपाध्याय ने बताई। इस अवसर पर एक्टर

प्रदीप शर्मा एवं ललित उपाध्याय ने आगे बताया कि इस फिल्म के हिरों करण खान, टीकम सिंह एवं हिरोईन सोनाली सहारे, प्रगतिराव एवं मनीषा वर्मा है। इसके अलावा इस फिल्म में छत्तीसगढी भोजपुरी एवं भोजपुरी फिल्में के प्रसिद्ध अभिनेता ललित उपाध्याय, प्रदीप शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह, उपासना वैष्णव, तेजराम साहू, गायत्री निषाद, संगीता निषाद, पूजा साहू, सोनिया दास, वंदना खत्रा, अमित दुबे, लताराही श्याम पटेल, बद्री सिंह, अनिल टांडिया, गंगाप्रसाद साहू सहित छॉलीवुड के अन्य जाने माने कलाकार है। इस फिल्म में बहुत ही जर्बदस्त कॉमेडी भी देखने को मिलेगी जिसकों बखुबी निभाया है संतोष निषाद उर्फ बोचकू एवं मोहन चौहान ने। फिल्म के नायक टीकम सिंह ने बताया कि यह फिल्म पारिवारिक ताने बाने, रीति रिवाजों से परिपूर्ण है। इसमें रिश्तों की आपसी प्यार, तकरार व सामंजस्य और हल्की फुल्की नोक झोक के साथ ही एक्शन कॉमेडी, इमोशन सहित वह सभी चीजे दर्शकों को देखने को मिलेगी जो एक सुपरही फिल्म में देखनों को मिलता है। फिल्म की नायिका सोनाली सहारे एवं मनीषा वर्मा ने बताया कि इस फिल्म के गाने व्हाटसएप और यू ट्यूब पर पहले ही धमाल मचा चुका है। इसके गानों पर लोग जमकर टीकटॉक भी बना रहे है। इस फिल्म के गानों पर टीकटॉक बनाने में लोगों की रूचि को देखते हुए फिल्म के प्रोडयूसर सागर केशरवानी एवं मदन कहरा ने इस फिल्म के गाने पर टीकटॉक प्रतियोगता का भी आयोजन किया जिसका जबर्दस्त रिस्पाउंस मिला। खासकर युवाओं में गाने को लेकर जर्बदस्त क्रेज है।

इस फिल्म के संगीकार हंस झन पगली फंस जाबे फेम सुनिल सोनी है। उन्होंने इसके गानों को बेहद कर्णप्रिय बनाया है। जिसको सभी वर्ग के लोगों द्वारा पसंद किया जा रहा है। उक्त जानकारी शमशीर सिवानी ने दी।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./363/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती चित्ररेखा साहू पति नंदकुमार साहू निवासी ग्राम गंजपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पुलगांव तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 262/115 कुल 0.2450 हे. में से रकबा 1841.4 वर्ग. हें भूमि को विक्रेता गणेश प्रसाद तिवारी पिता इन्द्रभूषण तिवारी निवासी ग्राम बैजनाथ पारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 10.10.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखबीर कौर पति स्व. त्रिलोक सिंह निवासी सेक्टर 03 भिलाई द्वारा ग्राम जामुल प.ह.न. 18 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 119/48, 119/56 रकबा 0.011, 0.011 हे. भूमि आवेदिका के पति स्व. त्रिलोक सिंह आनंद आ. मनजीत सिंह के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेखो में दर्ज है। भूमिस्वामी त्रिलोक सिंह आनंद आ. मनजीत सिंह की मृत्यु दिनांक 13.11.2019 को होने से फौती दर्ज कर मृतक के विधिक वारिसान के नाम पर नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को उजर दावा आपत्ति पेश करना हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 10.01.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.12.2019 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका त्रिवेणी साहू नारायण साहू साकिन धनोरा के द्वारा ग्राम धनोरा प.ह.न. रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1017/2 रकबा 0.020 हे. भूमि से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 24.03.2017 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 09.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./254/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक वसीम सेठी आ. सलीम सेठी निवासी तकियापारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम दुर्ग प.ह.न. 16/24 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1057/10 रकबा 0.005 हें/ 585 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के प्रस्तुत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./349/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका निशांत अफरोज मुमताज अली पति काजी अब्दुल मुकित निवासी मकान नं. 615/41 नसीम हाउस सुभाष नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 25 अ तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 687/654 रकबा 0.028 हें/ 3007 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के प्रस्तुत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मै (पुराना नाम) शिवा पूजन तिवारी (SHIVA PUJAN TIWARI) पिता रघुनाथ तिवारी अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम शिव पूजन तिवारी (SHIV PUJAN TIWARI) पिता रघुनाथ तिवारी निवासी 4 बी-रोड-9, सेक्टर-01 भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन- 490001 रख लिया हूं। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम शिव पूजन तिवारी (SHIV PUJAN TIWARI) पिता रघुनाथ तिवारी से जाना एवं पहचाना जाय।

शपथकर्ता
शिव पूजन तिवारी
नोटरी (SHIV PUJAN TIWARI)

कार्यालय पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय माना रायपुर छ.ग.

क्र.-पुअ/पुप्रवि/माना/राय/क्वा.मा./150/19 — दिनांक 28/12/2019

निविदा विज्ञप्ति

पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय माना रायपुर में पम्प हाउस, महिला टायलेट ब्लाक व आप्टिकल निर्माण कराए जाने हेतु। आर.ई.एस. अथवा पीडब्ल्यूडी, पुलिस हाउसिंग बोर्ड में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सीलबंद लिफाफे के उपर निविदा सूचना क्रमांक तथा निविदाकर्ता का पूरा नाम/पता लेख किया जाना आवश्यक है।

क्र.	आदेश क्रमांक	कार्य का नाम	राशि
01	पृ.क्र. पुमु/योप्र/पीसीएण्डआर (195-27-006)/1148/ 2019 रायपुर दिनांक 22.02.2019	पंप हाउस निर्माण कार्य	3,60,000=00
02	पुलिस मुख्यालय का आदेश पृ. क्र. पुमु/ योप्र/पीसीएण्डआर(195-27-006)/4794 2019 रायपुर दिनांक 21.10.2019	प्रशिक्षण ग्राउण्ड में महिला टायलेट ब्लाक	8,00,000=00
03	पुलिस मुख्यालय का आदेश क्रमांक- पुमु/खण्ड-9/भवन/आधु 02-03/ 5788/2007 दिनांक 26.12.2007।	आप्टिकल निर्माण	4,06,813=00

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन पत्र (आयकर प्रमाण पत्र सहित) के साथ उपरोक्त कार्य हेतु रुपए 500.00 का चालान कोष में लेखा शीर्ष 0055 पुलिस मिसलिनियस पुलिस रिसिप्ट के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय माना रायपुर के नाम से जमाकर चालान के मूल प्रति पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय माना रायपुर को प्रस्तुत कर दिनांक 16.01.2020 के 05.00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में निविदा फार्म प्राप्त किए जा सकते हैं।

01. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 16.01.2020 को समय 17:00 बजे।
02. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 17.01.2020 को समय 15:00 बजे।
03. निविदा खोलने की तिथि - 18.01.2020 को समय 12:00 बजे।

नोट :-
01. निर्माण कार्य हेतु निविदा की नियम एवं शर्तें टेण्डर फार्म के साथ कार्यालयीन समय में कार्यालय पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय माना रायपुर से प्राप्त किए जा सकते हैं।
02. निविदा-पत्र डाक/ कोरियर के माध्यम से स्वीकार नहीं होगी।
03. निविदा खोलने की तिथि में यदि अवकाश घोषित होती है तो निविदा अगले कार्यालयीन दिवस में खोली जावेगी।

जी-76002/2

पुलिस अधीक्षक
पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय
माना रायपुर (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

सिंगपुर में 31 को मंडई मेला

राजनांदगांव। प्रतिवर्ष की तरह इस तरह वर्ष भी डिलापहरी के समीप ग्राम सिंगपुर में मंडई मेला का कार्यक्रम आयाजित है एवं रात्रि में मनोरंजन के लिये जय अम्बे नाच पार्टी नीचे कोमड़ा अम्बागढ़ चौकी वालो का कार्यक्रम रखा गया है। गांव के सदस्यगण सोनसाय साहू, ग्वाला साहू, चंद्रिका वर्मा, पुनीत वर्मा ने सभी सगा बन्धुओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

रबी फसलों के बीमा हेतु एक दिन शेष

कवर्धा। प्राकृतिक आपदाओं, अवर्षा की स्थिति, कीट एवं रोगों के परिणाम स्वरूप अधिसूचित फसलों के नष्ट होने की स्थिति में किसानों को बीमा कवरेज और नुकसान की भरपाई करने हेतु शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरूआत की गई है। जारी अधिसूचना अनुसार सभी ऋणी अऋणी किसानों से बैंक या प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति या लोक सेवा केंद्र या ऑनलाईन पंजीयन या बीमा अभिकर्ता से बीमा प्रस्ताव प्राप्त करने एवं प्रीमियम कटौती करने की अंतिम तिथि रबी फसलों हेतु 31 दिसंबर, 2019 है। योजनांतर्गत जिले में खरीफ फसल हेतु धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन, मूंगफली, तुंअर (अरहर), मूंग तथा उड़द एवं रबी फसल हेतु चना, गेंहू सिंचित, गेंहू असिंचित, राई-सरसों एवं अलसी फसलें अधिसूचित है, जिसके लिए प्रीमियम राशि बीमित राशि का खरीफ फसल हेतु 2 प्रतिशत एवं रबी फसल हेतु 1.5 प्रतिशत जमा करना है, जो कि किसान द्वारा वहन किया जावेगा।

अध्यक्ष बनाने चल रहा मंथन, नामों को मंत्री करेंगे तय

नवप्रदेश संवाददाता

उतई। उतई नगर पंचायत फतह के बाद कांग्रेस अपने अध्यक्ष की तजपोसी के लिए लगातार बैठकों का दौर चला जो मंत्री की उपस्थिति में हो रही है । जिसमे अध्यक्ष के लिए मजबूत दावेदारों में रविन्द्र वर्मा, डिकेन्द्र हिरवानी व तोषण साहू के नामों पर चर्चा चल रही है मगर अंतिम फैसला मंत्री ही करेंगे। वही पीआईसी में नए सदस्यों के आये की उम्मीद कम लग रही है जिसमे संभावित पीआईसी देखे तो इन्ही नामों से एक का उपाध्यक्ष भी बनना तय है जबकि अन्य में पूर्व पार्षद संजय गोस्वामी की पत्नी किरण गोस्वामी, दीपमाला देशलहरे, वीरेन्द्र गिरी सहित सुरता सिंह गढ़े को शामिल करने की चर्चा बैठक में कई गयी।

पार्षद पतियों पर पूर्व पार्षदों का रहेगा दबदबा

इस बार आरक्षण के चलते पार्षदों ने अपनी पत्नी को मैदान में उतार कर बाजी मार ली है जिससे पूर्व पार्षद पतियों की चातुर्य व अनुभव का फायदा पार्षदों को मिलेगा। जिसमे पूर्व पार्षद नरेंद्र साहू, पूर्व पार्षद विष्णु देशलहरे, पूर्व पार्षद संजय गोस्वामी की अहम जिम्मेदारी होगी।

निर्दलीय पार्षदों पर पार्टियां डाल रहीं डोरे

निर्दलीय पार्षद भीमसेन सिंहा व राकेश साहू की कांग्रेस की नजदीकियां ये जरूर बया कर रही है कि कांग्रेस में शामिल होकर पारी की शुरुवात करेंगे ।कांग्रेस की वापसी भी मंत्री के सौजन्य से होगा।

नगर का विकास होगा तेज

मंत्री ताम्रध्वज साहू स्पष्ट किया है कि नगर की विकास में कोई कमी नही आएगी , क्योकि चुनाव के पहले मेरा निवेदन उतई के जनता से था जिसे मुझे बजट देकर विकास को तीव्र बनाना होगा।

6 जनवरी को होगा शपथ ग्रहण

राज्य शासन के आदेशानुसार 6 जनवरी को शपथ ग्रहण सम्भावना व्यक्त किया गया है जिसमे मुख्यअथिति गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे

कांग्रेसियों में छाई खुशी

दशक बाद नगर सत्ता में आई कांग्रेस के कार्यकर्तों में काफी खुसी झलक रही है जिसमे अभी भी पार्टियों का दौर चल रहा है ।कइयो का तो एल्डरमेन का सपना भी पूरा होते दिख रहा है ।

पंचायत भवन की होगी रंगरोगन

नगर पंचायत के सीएमओ ने बताया कि शपथ ग्रहण के पहले पंचायत भवन को नये लुक के साथ पेंटिंग का आर्डर दिया गया । साथ ही कुर्सियों का भी आर्डर देकर नए पार्षद के लिए कुर्सियां भी लगाई जाएगी

ग्रामीणों ने की अतिक्रमण हटाने की मांग, घेरा तहसील कार्यालय

राजनांदगांव। डोंगरगढ़ अंचल के ग्राम पंचायत मुसराकला के सरपंच कंवल निर्मलकर के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुंच अतिक्रमण हटाने की मांग करते कार्यालय का घेराव किया है। इस दौरान ग्राम की उपसरपंच ललीता यादव, कुंती बाई, पुष्पा बाई, कन्हैया साहू, भागवती, लीला बाई, समारीन बाई, पदमा बाई, फुल बाई, गुलाब बाई, अरूणा बाई, बीजा बाई, मालती बाई, कला बाई, कौशल्या बाई, सेमीन बाई, चंदिका, नुतन सहित सैकड़ों महिलाओं ने कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौपा है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम मुसरा में आंगनबाडी के पास सामुदायिक भवन व बीएसएनएल टावर के क्षेत्र में ग्राम के ही देवसरण साहू व राजेश साहू द्वारा धडल्ले से अतिक्रमण कर बेजा कब्जा किया जा रहा है, जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त व्यक्तियों द्वारा पहले भी दो बार स्थाई पक्का अतिक्रमण कर चुका है जिसे हटाने तत्कालीन तहसीलदार बंजरग साहू ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर कार्यवाही की थी और कार्यवाही के दौरान उक्त व्यक्ति मौके से भाग गया था, वहीं इसी वर्ष 29 अप्रैल को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई थी व बुल्डोजर से पक्का निर्माण हटाया गया बार-बार अतिक्रमण करने से ग्राम के अन्य लोग भी अतिक्रमण करने लगे है जिससे समुचे ग्राम में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार प्रीति लारोकर को ज्ञापन देकर तत्काल अतिक्रमण हटाने की मांग करते कार्यवाही नहीं की स्थिति में आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

■ **प्रथम दिवस 21 लोगों ने लिया नामाकंन फार्म**

लवन/डोंगरीडीह। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देश के परिपालन में अब पंचायती राज व्यवस्था के लिये नये सरकार गठन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चूकी है। बलौदाबाजार जनपद पंचायत द्वारा 106 पंचायतों के लिए 8 सेक्टर का गठन कर 10-12 पंचायतों को सम्मिलित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर में 8 से 10 पंचायत सम्मिलित किया गया है, जिसमें से डोंगरीडीह सेक्टर में प्रथम दिवस नाम निर्देशन पत्र की प्रक्रिया प्रारंभ किया गया।

सेक्टर प्रभारी डिकेश्वर प्राद साहू द्वारा जानकारी दिया गया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशो का गठन की प्रक्रिया प्रारंभ तिथि 30 दिसम्बर से शुरू हो चूका है जो 06 जनवरी तक नाम निर्देशन पत्र लिया जावेगा। 7 जनवरी को प्राप्त नाम निर्देशन फार्म का संक्षिप्त स्कुटनी एवं 9 जनवरी को सही पाये गये अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह का आबंटन किया जावेगा। डोंगरीडीह सेक्टर में प्रथम दिवस 21 अभ्यर्थियों ने अपना नाम निर्देशन फार्म लिया जिसमें से पंच पद के लिये 3 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म जमा किये। डोंगरीडीह सेक्टर में कुल 11 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है जिसमें डोंगरीडीह, डोंगरा, कोरदा, तिल्दा, परसापाली, हरदी, चितावर, खैरा, तुरमा, भालूकोना, सिंघारी को सम्मिलित किया गया है। इस दौरान सेक्टर प्रभारी डिकेश्वर प्रसाद साहू, सहायक प्रभारी मनोहर लाल साहू, सचिव हरिकिशन वर्मा, प्रहलाद श्रीवास, देवनारायण वर्मा, तिरिथ बंजारे, द्वारपाल सेन, जिधन पटेल, द्वारिका धिड़ले, शिवकुमार निराला उपस्थित थे।

आरएसएस का प्राथमिक शिक्षा वर्ग समारोह संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

बागबाहरा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला महासमुंद का सप्त दिवसीय प्राथमिक शिक्षा वर्ग कसेकेरा (प्रकल्प) में सम्पन्न हुआ। जिले भर से आएं स्वयंसेवको ने 7 दिन तक शारीरिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण प्राप्त किया समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथी श्री घासीराम तांडे जी, मुख्य वक्ता- श्री घनश्याम सोनी जी (विभाग कार्यवाह राजिम विभाग) कार्यक्रम की अध्यक्षता मा. जिला संघचालक- महेश चंद्रकार जी मा. वर्गाधिकारी श्री हरिकृष्ण श्रीवास्तव जी थे। समापन कार्यक्रम में जिले भर के अन्य अधिकारीगण व ग्रामीण जन उपस्तिथ थे

डॉ. सिंह ने लोहिया निवास पहुंचकर की शोक संवेदना व्यक्त

राजनांदगांव। क्षेत्रीय विधायक, पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह जिला भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मीडिया प्रभारी अशोक लोहिया के छोटे भाई एवं नगर के प्रतिष्ठित नागरिक राजेंद्र लोहिया के देहावसान हो जाने पर उनके महेश नगर स्थित निवास में पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की एवं अपनी पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राजेन्द्र लोहिया के निधन होने पर दुख प्रकट किया एवं उनके पुत्र राकेश लोहिया, कृष्णा तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना प्रदान की। इस दौरान महापौर एवं जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव, कोमल सिंह राजपूत, शोभा सोनी सहित अनेक कार्यकर्ता एवं लोहिया परिवार के मुखिया श्यामसुंदर लोहिया, विष्णु प्रसाद लोहिया, संतोष कुमार लोहिया, नंदकिशोर लोहिया, चंद्रकांत लोहिया, जिला प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष लक्ष्मण लोहिया सहित समस्त परिवार जन उपस्थित थे।

ज्ञानोदय विद्यापीठ डोंगरगढ़ में वार्षिकोत्सव संपन्न

राजनांदगांव। संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के पावन आशीर्वाद से एवं परम पूज्य 105 आर्यिका तपोमती माताजी ससंघ के मंगल सानिध्य में प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ कन्या आवासीय विद्यालय चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ़ में छात्राओं के वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम सृजन . 2019 का आयोजन किया गया। प्रातः माताजी के ससंघ सानिध्य में भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं सामूहिक पूजन किया गया। सुबह 11 बजे से व्यंजन मेला का आयोजन छात्राओं द्वारा किया गया।

28वीं सब जूनियर नेशनल आर्टिस्टिक जिमनास्टिक बॉयज एंड गर्ल्स चौंपियनशिप

राजनांदगांव। 25 दिसंबर से 29 दिसंबर तक चौनपुरा इंडोर स्टेडियम जोधपुर राजस्थान जो कि राजस्थान स्टेट जिमनास्टिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित की आयोजित की गई थी। उक्त प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश जिमनास्टिक एसोसिएशन के तत्वाधान में अंडर एज ग्रुप 10, 12 और 14 साल के छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों से 17 खिलाड़ियों ने प्रतिभागी के रूप में हिस्सा लिया। जिसमें बालक 14 वर्ष इस ग्रुप में हर्षित जुगल शर्मा, रौनक देशमुख, मनदीप सिंह, प्रयाग निषाद, हर्ष मानिकपुरी अंडर 12 एज ग्रुप में जी. विजय, युवराज रेड्डी, आदित्य शाह, अंडर 10 एज ग्रुप में प्रथम गोयल जी तनिष्क और नीदीश इंद्रनील विश्वास शामिल है।

वहीं बालिका अंडर 12 ग्रुप में इंद्राक्षी विश्वास, दिव्यांशी और बालिका अंडर 10 एज ग्रुप में महक भारद्वाज के चारवी और श्रुति दहिया ने टीम मैनेजर लक्ष्मण गुरूंग कोच राजेश कुर्रे सोनाली विश्वास एवं जज के रूप में अभिषेक गुप्ता शत्रुघन जी ने हिस्सा लिया। उक्त प्रतियोगिता में महाराष्ट्र उत्तर प्रदेश वेस्ट बंगाल, मणिपुर का परफॉर्मेंस ऑल राउंडर रहा।

डोंगरगांव में सेलून संघ गठित

राजनांदगांव। डोंगरगांव सेलून संघ का गठन किया गया। सेलून के सदस्यों द्वारा 2 वर्षों के कार्यकाल के पश्चात पुनः नए पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से रिकेश श्रीवास (अध्यक्ष) व जितेंद्र श्रीवास (उपाध्यक्ष) कुलदीप सेन (सचिव), धनेश्वर सेन (कोषाध्यक्ष) अजय सेन (सेन सखा) नियुक्त किया गया है, जिसके पश्चात कार्यकारिणी सदस्य प्रमुख रूप से चुना गया है। इसमें धर्मेंद्र, धामन, अनिल, रोशन, नोहर, राजू, लक्ष्मीनारायण सेन, हरीश, तुलेश, लक्ष्मीनारायण श्रीवास, यशवंत, भूपेंद्र, देव कुमार रहे। बैठक में प्रमुख रूप से हेमू श्रीवास, प्रदीप सेन, प्रकाश सेन, गोकुल राम सेन, सेवाराम, टीकाराम, रेखाराम, हुकुम, चेतराम, ब्लॉक कार्यकारिणी सर्व सेन समाज के दयानंद सेन भी उपस्थित रहे व नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गई।

आश्चर्य | **प्रशासन की मंशा पर भी उठने लगी हैं ऊंगलियां**

मक्काटोला व गोविंदपुर का पंचायत चुनाव स्थगित

राजनांदगांव। प्रदेश के ग्रामीण पंचायत में त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव की घोषणा चुनाव आयोग द्वारा कर दी गई है और दिसंबर की 30 तारीख से नामांकन भी भरा जाना है, ऐसे में डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत मक्काटोला व गोविंदपुर में आयोग द्वारा चुनाव को स्थगित करने की बात सामने आ रही है।

ज्ञात हो कि विगत 28 नंवबर 2019 को ग्राम मक्काटोला के संरपच हेमलाल वर्मा एंव ग्रामीणों की मांग अनुरूप माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा ग्राम हीरापुर को पूर्व की भांति मक्काटोला पंचायत में यथावत रखकर चुनाव संपन्न कराने की आदेश जारी किया गया था। जिसकी कापी सरपंच वर्मा ने 3 दिसंबर 2019 को कलक्टर राजनांदगांव, एसडीएम डोंगरगढ एवं सीईओ जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के पास जमा किया है, परंतु उक्त मामले में तीन सप्ताह बीत जाने के बावजुद आदेश में कार्यवाही नहीं की गई जिससे हैरान होकर सरपंच वर्मा ने फिर से 26 दिसंबर को तीनों कार्यालयों में आवेदन प्रस्तुत किया, यही नहीं मामले को लेकर सरपंच ने फिर से न्यायालय से गुहार लगाने की तैयारी कर ली थी। इसी बीच जिला कलक्टर द्वारा 28 दिसंबर 2019 को छग राज्य निर्वाचन आयोग सचिव को पत्र लिखा गया कि ब्लॉक के ग्राम पंचायत मक्कटोला व गोंविदपुर के पंच व संपरचों के चुनाव को स्थगित किया जाए जो कि ग्रामवासियों के लिए खुशी का विषय है, परंतु इस पर प्रशासन की मंशा पर भी सवाल उठ रहा है। सरपंच श्री वर्मा ने उक्त आदेश पर सवाल खड़े करते हुए बताया कि जब माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा 28 नवंबर 2019 को आदेश जारी किया गया कि अगर शासन, प्रशासन उक्त पंचायत में चुनाव कराना चाहे तो उसे पुराने प्रकाशन अथवा पुराने ग्राम पचांयतो की स्थिति के हिसाब से चुनाव कराना होगा, लेकिन न्यायालय के आदेश को दरकिनार कर प्रशासन अपनी तैयारी नए प्रकाशन हीरापुर को मक्काटोला से अलग कर गोविंदपुर में जोडकर चुनाव की तैयारी करता रहा। वहीं जिला कलेक्टर द्वारा यह पत्र लिखा गया कि ग्राम पंचायत मक्काटोला एंव गोविंदपुर का प्रकरण न्यायालय में होने के कारण चुनाव स्थगित किया जाए, जबकि न्यायालय के आदेश के हिसाब से यह दोनों पंचायत ही नहीं बल्कि इसके साथ-साथ मोतीपुर एंव खुबाटोला पंचायत का भी चुनाव स्थगित होना चाहिए, क्योंकि जब नवीन ग्राम पंचायत गोविंदपुर का गठन किया गया उस समय तीन पंचायत प्रभावित हुए। ग्राम मोतीपुर पंचायत का आश्रित ग्राम गोविंदपुर था, इसे अलग कर मोतीपुर को स्वतंत्र पंचायत बनाया गया और खुबाटोला पंचायत के आश्रित ग्राम बरमपुर को अलग कर मक्काटोला में जोड़ा गया था, इसके साथ ही मक्काटोला पंचायत के आश्रित ग्राम हीरापुर को नवीन पंचायत गोविंदपुर का आश्रित ग्राम बनाया गया था। इस स्थिति में दोनों पंचायतों का चुनाव रोकना कहा तक सही होगा। इसके साथ ही चारों पंचायतों का चुनाव रूकना चाहिए।

बताया जा रहा है कि अभी छः माह तक दोनो पंचायतों का चुनाव स्थगित रहेगा। ऐसे में सोचने वाली बात है कि दोनों पंचायतों के ग्रामीण इन छः माह में अपनी समस्या व मांग को किस सरंपच के पास रखेगें और गोविंदपुर व बरमपुर पंचायतों का देख-रेख कौन करेगा, क्योंकि मक्काटोला और हीरापुर का सरपंच जब तक चुनाव नहीं होगा तब तक हेमलाल वर्मा ही होगा, परंतु मोतीपुर व खुबाटोला पंचायत का चुनाव इन दोनों गांव को छोड़कर होगा ऐसे में शासन, प्रशासन इन गांव के लिए क्या विकल्प तैयार करेगा, यह जिलाधीश पर निर्भर होगा। वहीं ग्राम मक्काटोला व हीरापुर के चुनाव को स्थगित करना एक प्रकार ग्रामीणों की जीत है और जब तक प्रकरण उच्च न्यायालय में प्रक्रिया में है तब तक चुनाव नहीं होगा। ग्राम मक्काटोला व हीरापुर के संरपच हेमलाल वर्मा एवं ग्रामीणों ने जिलाधीश से मांग की है कि जब तक प्रकरण न्यायालय में है तब तक इससे प्रभावित चारों ग्राम पंचायतो का चुनाव स्थगित किया जाए।

कमिश्नर और कलेक्टर ने राजा भानपुरी धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया

राजनांदगांव। कमिश्नर दुर्ग संभाग दिलीप वासनीकर और कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने रात को राजनांदगांव विकासखंड के राजा भानपुरी धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने केंद्र में बारदाना रजिस्टर, किसान पंजीयन रजिस्टर, धान खरीदी रजिस्टर का निरीक्षण किया। केंद्र प्रभारी से धान खरीदी के लक्ष्य और सभी तक खरीदे गए धान की मात्रा की जानकारी ली। कलेक्टर श्री मौर्य ने प्रभारी को सभी पात्र किसानों का धान निर्धारित समय तक खरीदी करने के निदेश दिए। उन्होंने कहा कि दिन में ही धान की खरीदी की जाए। राज्य शासन के निर्देशानुसार नए और पुराने बारदाने का उपयोग किया जाना है। कोचियों का धान ख़रीदने की शिकायत मिलने पर प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी किशोर कुमार सोमवार भी उपस्थित थे।

नए वर्ष 2020 का स्वागत करने प्रदेश के इन स्थलों पर पहुंच रहे पर्यटक

छग का खजुराहो तो रानीदहरा का जलप्रपात, चिल्फी घाटी की छटा है निराली

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। सैर सपाट का आनंद लेने के लिए शहर के आसपास ऐसी ढेरों जगह है, जो नए साल पर घूमने लायक और मनोरंजक भी है। इस स्थानों में धार्मिक, प्राकृतिक और ऐतिहासिक महत्व की जगह है। यह सभी ऐसी जगह है, जहां बारिश के दिनों को छोड़कर वर्षभर दूर-दूर से पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है। जिले के आसपास बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव व अन्य जिलों से लोग घूमने के लिए आते हैं। इसके अलावा विदेषी पर्यटक भी यहां आते है, और सैर सपाटे का खूब आनंद उठाते हैं। 2019 को विदाई देने और नए वर्ष 2020 के स्वागत के लिए बच्चे युवा बुजूर्ग सभी इसकी तैयारियों को लेकर पर्यटक स्थलो की ओर जाने अलग-अलग जगहो को चिन्हाकिंत कर रहे है। जिससे वे अपने परिवार के साथ पहुंचकर इस दिन को यादगार बनाले। तो इसके साथ ही 2019 के उन यादगार लमहो को भी दोहराया जाएगा। जब किसी परिवार ने इस खासे दिन कबीरधाम जिले के पर्यटक स्थल में 2019 के स्वागत के बाद अब नए वर्ष 2020 का स्वागत करने पहुंचेंगे। दरासल इस दिन की षुरूवात को लेकर लोग मंदिर पर्यटक स्थल व धरोहर जैसे जगहो पर पहुंचने के लिए पहले से ही तैयारी करते हैं। कबीरधाम जिले में बहुत से पर्यटक स्थल और मंदिर भी है पर्यटक स्थलो भोरमदेव, सरोधा बांध, रानीदहरा, पचराही, पीडाघाट, चिल्फी, सरोधा दादर, चरणतिरथ, छीरपानी, सुतियापाट, कर्रानाला, दुरदुरी जलप्रपात इन जगहो में पहुंचकर यादगार बनाया जा सकता है। नए साल का पहला दिन प्रकृति की गोद में बिताना चाहते हैं, तो वनांचल स्थित चिल्फीघाटी बेहतर जगह है। मौजूदा समय में यहां बर्फकी परत देखी जा रही है। नए साल में मौज-मस्ती के लिए यहां से महज तीन किमी दूर सरोधादादर भी स्थित है। इसके ठीक नजदीक बैगा रिसोर्ट और पीड़ाघाट रिसोर्ट बना है, जो पर्यटन के लिहाज से बहुत ही खूबसुरत जगह है। शहर के कोलाहल से दूर और प्रकृति के बीच नया साल मनाने के लिए काफी अच्छा माहौल उपलब्ध होगा।

रानीदहरा जलप्रपात

बोड़ला से 10 किलोमीटर दूर रानीदहरा जलप्रपात पर्यटकों के लिए महत्वपूर्ण स्थान माना जाता है। रानीदहरा के नाम से ही इसकी सुंदरता झलकती है। इसके नाम का अर्थ पहाड़ों की रानी होता है। रानीदहरा में पहाड़ी से निरंतर पानी झरता रहता है, जो पर्यटकों को आकर्षण का केंद्र हैं। यहां पहुंचने के लिए बोड़ला से पक्की सड़क बनी हुई है। जिसके चलते पर्यटकों की संख्या में बढ़ रही है। पहाड़ी से झर-झर बहता झरना कर्णप्रिय लगता है। यह आसपास वातावरण काफी शांत है, जिसके चलते झरने की ध्वनि साफसुनाई देती है।

भोरमदेव खजुराहो

छत्तीसगढ़ का खजुराहो के नाम से जाना जाने वाला भोरमदेव मंदिर है। मैकल पर्वतों और प्रकृति के बीच भोरमदेव मंदिर की छटा निराली दिखाई देती है। पर्यटन के लिहाज से भोरमदेव लोगों को काफी आकर्षित करता है। नववर्ष पर यहां मनोरंजन के लिए बहुत कुछ है। 11वीं सदी में निर्मित यह मंदिर ग्राम छपरी के पास घाटियों पर है। मंदिर परिसर में शिव, माता दुर्गा, भैरव बाबा और हनुमान जी का मंदिर प्राचीन पाषाण मूर्तियां का संग्रह भी है। वैसे तो सालभर यहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन मौका खास हो तो इसका अलग ही मजा है। नए साल मनाने के लिए भोरमदेव मंदिर से अच्छा स्थान दूसरा और नहीं हो सकता है।

घाटी के बीच सरोधा दादर है निराला

जिला ुख्यालय से 46 किमी दूर कवर्धा चिल्फी मार्ग में मैकल की चोटी पर यह दर्शनीय स्थल स्थित है। यहां सरोधादादर रिसोर्ट का निर्माण किया गया है। सैलानी यहां पहाड़ों की सुंदरता, सूर्यास्त के दुर्लभ दृश्य, पल-पल बदलते मौसम व बादलों का आनंद लेने आते हैं। यह स्थल ट्रेकिंग के लिए उपयुक्त बताया जाता है। नए साल में मौज-मस्ती के लिए यहां से महज तीन किमी दूर सरोधादादर भी स्थित है। इसके ठीक नजदीक बैगा रिसार्ट और पीडाघाट रिसोर्ट बना है, जो पर्यटन के लिहाज से बहुत अच्छी जगह है। शहर के कोलाहल से दूर और प्रकृति के बीच नया साल मनाने के लिए काफी अच्छा माहौल उपलब्ध होगा। सरोधादादर से करीब 25 किमी दूर बहेराखार जलाशय स्थित है।

विरासत पचराही के अनोखे दृश्य

पचराही आज न केवल देश वरन विदेशों में भी चर्चा को केन्द्र बिन्दु है। बोडला से 12 किमी दूर हॉफनदी का मनोरम तट इस बात का गवाह है कि यहां हजारों वर्ष पूर्व मानव सभ्यता पल्लवित और पुष्पित थी। पचराही में उत्खनन के बाद विशालकाय भवनों, मंदिरों और प्राचीन मूर्तियों के अवशेष मिले हैं। हाफनदी के एक ओर पचराही और दूसरी ओर जैन तीर्थ बकेला स्थित है।

छीरपानी जलाशय

बोडला से महज 7 किमी दूरी पर छीरपानी जलाशय स्थित है। बांध की ऊंचाई 46.12 मीटर है। इसका विस्तार 1020.98 एकड तक फैला हुआ है। इस जलाशय का निर्माण अगस्त 1999 को हुआ था। मध्यम परियोजना के तहत बनी बांध की सुंदरता देखते ही बनती है। यहां हर साल पिकनिक मनाने के लिए सैकड़ों लोग पहुंचते है।

आस्था का केन्द्र चरणतीरथ

वहीं 30 किमी दूर ग्राम तरेगांव में चरणतीरथ पर्यटन स्थित है। यदि आप नए साल मनाने के लिए धार्मिक स्थल की खोज कर रहे हैं तो चरणतीरथ उस पर खरा उतरती है। कहा जाता है कि चरणतीरथ में भगवान श्रीराम की चरणपादुका है, इसके ऊपर चट्टानों से पानी रिसकर गिरता रहता है। यही वजह है कि इसे चरणतीर्थ का नाम दिया गया। बोडला से 10 किमी दूर रानीदहरा जलप्रपात पर्यटकों के लिए महत्वपूर्ण स्थान माना जाता है। रानीदहरा के नाम से ही इसकी सुंदरता झलकती है। इसके नाम का अर्थ पहाडों की रानी होता है। रानीदहरा की पहाडी से निरंतर पानी गिरता रहता है।

चरणतीरथ

बोड़ला से लगभग 30 किमी दूर ग्राम तरेगांव में चरणतीरथ पर्यटन स्थित है। यदि आप नए साल मनाने के लिए धार्मिक स्थल की खोज कर रहे हैं, तो चरणतीरथ उस पर खरा उतरती है। कहा जाता है कि चरणतीरथ में भगवान श्रीराम की चरणपादुका है, इसके ऊपर चट्टानों से पानी रिसकर गिरता रहता है। यही वजह है कि इसे चरणतीरथ का नाम दिया गया। नए साल का स्वागत करने और मनोरंजन के लिए अच्छी जगह है। पर्यटन के रूप में विकसित भी किया जा रहा है।

दुरदुरी जलप्रपात

भोरमदेव अभयारण्य में सुंदर घाटियां और पहाड़ स्थित है। इसके पूर्वी भाग में दुरदुरी नाला जलप्रपात है। यह कवर्धा जिले की जीवनदायिनी कही जाने वाली संकरी नदी का उद्गम स्थल है। कल-कल बहती पानी की धार लोगों को सहज ही आकर्षित करता है। दुरदुरी नाला जलप्रपात से पानी कुछ दूरी तक अभयारण्य के अंदर बहती है। दुरदुरी जलप्रपात का पानी अभयारण्य में रहने वाले वन्यप्राणियों के लिए अमृत है। कवर्धा शहर से होते हुए दुरदुरी जलप्रपात का पानी शिवनाथ नदी में मिल जाती है। दुरदुरी नाला के अलावा फेन और हलोन नदियों का उद्गम भी भोरमदेव अभयारण्य के अंदर ही हुई है।

जिले में दर्शनीय स्थल बना पंचदेव मंदिर

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। धर्मनगरी कवर्धा के धार्मिक आख्यान में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। 19 अप्रैल 2019 का पूण्य दिवस जब सारंगपुर ग्राम में नवनिर्मित ''पंचदेव मन्दिर''की प्राण प्रतिष्ठा का कार्य पुरी पीठाधीश्वर परम् पूज्य गुरुदेव स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती जी के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ।

कवर्धा से रवेली मार्ग पर मात्र 7 किमी. की संक्षिप्त दूरी(डबराभाट ग्राम से पूर्व 2किमी)पर सनातन धर्मियों का आस्था केंद्र अवस्थित है। ''पंचदेव मन्दिर''के प्रवेश द्वार पर दक्षिणमुखी हनुमान जी की श्वेत संगमरमर की भव्य मूर्ति विराजमान है। मुख्य मन्दिर पांच गुम्बद से युक्त है प्रत्येक गुम्बद के नीचे एक देव विराजित हैं।मन्दिर के मुख्य प्रवेश द्वार के बायीं ओर सूर्यदेव, दाहिनी ओर माँ दुर्गा स्थापित हैं। मन्दिर के मध्य में श्री राम सीता लक्ष्मण हनुमान जी सहित विराजमान हैं। इनके दायें महादेव पार्वती श्याम कार्तिक और गणेश जी तथा बाएं सिद्धिविनायक गणेश जी विराजमान हैं। मन्दिर में दो परिक्रमा पथ बने हैं। मन्दिर के पार्श्व भाग में पुजारी एवं संतों के लिए आवास निर्मित है। अंचल के भक्तों को यह पवन आध्यात्मिक स्थल निर्मित कराकर उपलब्ध कराने वाले पुण्यात्मा प्रसिद्ध शिशुरोग चिकित्सक डॉ गोवर्धन सिंह ठाकुर हैं। सपरिवार दर्शनीय एवं आध्यात्मिक उन्नति का केंद्र है।

डॉ. होन्नानंदा बीआर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। डॉ. होन्नानंदा बी. आर., सहायक प्राध्यापक, मात्स्यिकी महाविद्यालय, कवर्धा को सर्वश्रेष्ठ परियोजना कार्य प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया यह षोध कार्य-''कुछ धातु अधारित नैनों कणों का संष्लेषण, लक्षण, वर्णन और उनकी जीवाणुरोधी गतिविधि का मूल्यांकन किया गया गया गया था। इस परियोजना में डॉ. होन्नानंदा बी. आर. ने नैनो तकनिकी पर बहुत ही होनहार, उत्कृष्ठ एवं अत्याधुनिक अनुसंधान पर कार्य किया।

नैनों तकनिकी अणुओं और परमाणुओं की अभियंत्रिकी है जो भौतकी, रसायन, बायोइनोमेटिक्स व बायोटेकनोलाजी जैसे विषय को आपस में जोड़ती है। इस परियोजना कार्य में डॉ. होन्नानंदा बी. आर. ने नैनों कणों के तीन धातुओं जैसे की चांदी, तांबा और सेलेनियम को संष्लेषित, लक्ष्ण तथा वर्णन कर जीवाणुरोधी गतिविधि का मूल्यांकन किया। यह परियोजना कार्य भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, आयोजित शीतकालिन स्कूल प्रषिक्षण के 21 दिनों के दौरान हुआ जिसका विषय श्मीठेजल जीवपालन में मछली रोग निदान और प्रबंधन में उन्नत आण्विक तकनिकीश् इस प्रषिक्षण के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केन्द्रिय मीठाजल जीव पालन संस्थान, भुवनेष्वर, ओडिसा में 26.11.2019 से 16.12.2019 तक आयोजित किया गया था। इस प्रषिक्षण का प्रमुख उद्देष्य मछलियों के रोग, निदान और प्रबंधन में जैव प्राद्यौगिकी के उपयोग में केन्द्रित था। शामिल प्रमुख विषयों के अंतर्गत जल कृषि में प्रोटियोजिनोमिक्स, आण्विक तकनिकी जैसे की पी.सी.आर., आर.टी.-पी.सी.आर., प्रतिरक्षात्मक तकनिकी, ईलिजा, मोनाक्लोनल एण्टीबॉडी, जलकृषि में नैनों बायोटेकनोलॉजी और नैनोंटेकनोलॉजी प्रमुख थे।

ताला तोड़कर दुकान में चोरी

कुसुमकसा। कुसुमकसा में अवैध शराब बिक्री व सट्टा, के कारोबारियों पर प्रशासनिक अंकुश ना होने से ग्राम में चोरियां होने लगी है, रविवार 30 दिसबर की अर्धरात्रि में मुख्य मार्ग पर स्थित मोती पान दुकान में अज्ञात चोर द्वारा ताला तोड़कर दुकान में रखे लगभग 2300 रुपयों की चोरी कर ली वही, बाजार परिसर में नरेंद्र परिहार के मुर्गी दुकान में रखे गल्ले से लगभग 100 रुपये चोरी कर लिए, सुबह मोती पान दुकान संचालक दुकान खोलने पहुंचा तो ताला टूटा हुआ व दरवाजा खुला पाया,दुकान जे अंदर जाकर देखा तो दुकान में रखे लगभग 2300 रुपये सिक्के सहित नही थे, घटना की जानकारी राजहरा थाना में दिए जाने पर पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी ने कुसुमकसा पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया।

पांडातराई में अध्यक्ष के लिए राजनीति शुरू

पांडातराई। नगर पंचायत पांडातराई के 15 सीटों में से 9 सीट पर कांग्रेस को बहुमत मिला है। वहीं 4 सीट पर भाजपा और 2 सीटों में निर्दलीय पार्षदो ने जीत हासिल की है। लेकिन कांग्रेस में दिग्गज नेता की जीत ने अध्यक्ष पद की दावेदारी को चुनौती बना दिया है। वहीं अब अध्यक्ष पद का रेस में कांग्रेस के दिग्गज नेता मैदान में हैं। जो कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी करते दिख रहें हैं। निकाय चुनाव में कांग्रेस के नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभाने वाले कांग्रेस के बडे नेता जीत हासिल कर अध्यक्ष पद के लिए लिस्ट में शामिल हैं। ऐसे में अब अध्यक्ष पद के लिए जोड़ तोड़ की राजनीति शुरू हो चुकी है। इससे पांडातराई के सियासत में चर्चाओं का बाजार गर्म नजर आ रहा है।

कांग्रेस हाई कमान जो तय करेंगे सबको होगा मान्य

पांडातराई। नए वर्ष 2020 की तैयारी में युवा से लेकर बच्चे तक जुट गए हैं। नए साल के स्वागत व पिकनिक स्पॉट चिन्हित करने में लोग कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। जिले में कई पिकनिक स्टॉप है। जहां युवाओं की टोली पहुंच कर नए साल को सेलिब्रेट करते हैं। इसके साथ साथ नए साल में पूजा पाठ भी करने में लोग पीछे नहीं हटते। नगर के महामाया मंदिर, हनुमान मंदिर, शनि मंदिर और नगर से जुड़े ग्राम डोगरिया जालेश्वर महादेव घाट समेत अन्य धार्मिक स्थलों पर पहुंच कर पूजा पाठ कर नए साल की शुरुआत करते हैं। इसके बाद अपने दोस्तों, बच्चो के साथ पूरा दिन लोग व्यतीत करते हैं। ताकि नए साल यादगार बन जाए। अब तो नववर्ष के स्वागत के तौर तरीके में काफी बदलाव आ गया है। रात के बारह बजते ही जगह जगह आतिशबाजी की आवाज के बीच हैप्पी न्यू ईयर की शुभकामनाएँ व्हाट्सएप मोबाइल से आने लगते हैं।

संकुल स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

बिलाईगढ़। संकुल स्तरीय समीक्षा बैठक संकुल केंद्र बेलटीकरी में सम्पन्न हुआ।जिसमें संकुल के शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित रहे। संकुल समन्वयक मेंदराम साहू ने उपस्थित शिक्षकों से चर्चा करते हुये बतलाया कि सभी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन सुचारू रूप से नियमित हो।विद्यालय की रंगाई पोताई तथा छात्रवृत्ति संबंधी ऑनलाइन कार्य व हामर लईका हामर स्कूल एप्स में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के नाम जोड़ने संबंधी कार्य को निश्चित रूप से करने हेतु सभी संस्था प्रमुखो को कहा गया एवं अन्य कई मुद्दे पर विशेष चर्चा हुई। उपस्थित सभी विद्वजनों को नव वर्ष मे नई उमंग के साथ विद्यालय में कार्य करने हेतु सभी शिक्षक शिक्षिकायें से अपील किया। समीक्षा बैठक में प्रमुख रूप से सुशील कुमार गुप्ता (प्राचार्य) ,ठण्डाराम(प्र.पा.),नरेंद्र साहू, मालिकराम नेताम, श्याम कुमार जांगड़े, लाल जी हिरवानी,भागवत साहू,नरेंद्र बंजारे,सतीश शर्मा,जोहित पटेल, श्रीमती बुधनी अजय, उषा साहू,सुनीता साहू, धनमत साहू, सम्मेलाल साहू, अनिल नवल,बबलू कर्ष, टीकाराम साहू,महासिंग कूर्रे, अश्वनी जांगड़े, लकेश्वर लहरे, आदि उपस्थित रहे।

श्री सीताराम संकीर्तन कार्यक्रम सम्पन्न

भाटापारा। नगर से 12 किलोमीटर दूर ग्राम मन्कूद्वीप में कन्या पूजन एवं संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । उपरोक्त कार्यक्रम में प्रमुख सहभागिता रामरूप दास महात्यागी जी महाराज के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ । इस अवसर पर महाराज जी ने बताया यत्र नार्यस्तु पूजन्ते रमन्ते तत्र देवता अर्थात जहाँ नारी की पूजा होती है,देवताओं का वहां वास होता है,प्राचीन सनातन परम्परा में मातृ शक्ति के रूप में एक सम्मान जनक स्थान रहा है।नवरात्रि के समय भी कन्या पूजन की परम्परा हमारे समाज में है।किसी भी पुण्य संकल्प की पूर्णता पर कन्या पूजन करने पर ही वह संकल्प फलीभूत होती है ।कल सायं 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक श्री सीताराम संकीर्तन किया गया।आज प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक कन्या पूजन एवं भण्डारा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बालिका, बालक,महिला, पुरुष ने अपनी सहभागिता दी। आयोजन में समाजसेवी शांताराम, जीवन लाल कौशिक, मनीष मिश्रा, भगवती प्रसाद मिश्र अनिल वर्मा, मनीष अग्रवाल, परस साहू, भोलाशंकर अग्रवाल, बिहारी लाल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में मदकू, ठेलकी परसवानी, अकोली, बड़ियाडीह, देवाकर, बासीन सरगांव किरना लमती के ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

बिलाईगढ़। पुलिस अधीक्षक जिला बलौदा बाजार नीतू कमल के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदा बाजार निवेदिता पाल, एसडीओपी बिलाईगढ़ संजय तिवारी के दिशा निर्देश में आगामी ग्राम पंचायत चुनाव 2020 को देखते हुए गिरफ्तारी/स्थाई वारंट की तामिली हेतु सख्त कार्यवाही करने निर्देश दिया गया है इसके तारतम्य में थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू के नेतृत्व में आज दिनांक 30/12/2019 को जरिए मुखबीर से सूचना मिला की यह जेएमएफसी बिलाईगढ़ के प्रकरण क्रमांक 565/209 थाना बिलाईगढ़ के अपराध क्रमांक 212/2019 धारा 4 क जुआ एक्ट के मामले में स्थाई वारंटी फूल सिंह निराला पिता दीनदयाल निराला उम्र 37 साल ग्राम बिसनपुर थाना बिलाईगढ़ के सकुनत पर छिपी हुई है कि सूचना पर हमराह स्टाफउप निरीक्षक रामनारायण सिहं ध्रुव, प्रधान आरक्षक 56 कृष्ण कुमार कोसरिया, आरक्षक 757 कमलेश्वर बर्मन, 676 सत्यपाल, 942 नरेंद्र चंद्रा की सकुनत पर घेराबंदी कर स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय जेएमएफसी न्यायालय बिलाईगढ़ पेश किया गया।

6 जनवरी को होगा शपथ ग्रहण अध्यक्ष पद को लेकर अब भी लगा रहे गणित

नवप्रदेश संवाददाता

- **कवर्धा, बोडला, पांडातराई, पंडरिया, स.लोहारा, पिपरिया में 6 को शपथ ग्रहण**

कवर्धा। 6 जनवरी को नगर पालिका व सभी नगर पंचायतो में षपथ ग्रहण कराया जाएगा। जिसे लेकर तैयारियां भी जोर षोर से की जा रही है। इसके साथ ही कई जगह अध्यक्ष पद को लेकर असंमजस की स्थिति भी बनी हुई हैं। लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले 6 जनवरी को सभी जगह अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बैठ जाऐगें। नगर पंचायत सहसपुर लोहरा, बोडला, पंडरिया, पांडातराई, पिपरिया, नगर पालिका कवर्धा, में षपथ ग्रहण को लेकर तैयारियां की जा रही है।

पण्डरिया नगर पंचायत : नगर पंचायत पण्डरिया में नव निर्वाचित पार्शदों का षपथ ग्रहण एवं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष निर्वाचन की कार्यवाही हेतु सूचना पत्र जारी किया गया। जिसमें दिनांक 06.01.2020 को प्रातः 10 बजे समस्त नव निर्वाचित पार्शदगणों का षपथ ग्रहण उपरांत अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया का प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रारंभ किया जाना है जिसके लिए समय-अनुसूची कार्यक्रम नव निर्वाचित पार्शदों को जारी किया गया।

बोड़ला नगर पंचायत : नगरीय निकाय चुनाव के नतीजे आने के बाद अब अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए जोर आजमाइश शुरु हो गई है। नगर पंचायत का अगला अध्यक्ष कौन होगा 6 जनवरी को इस बात का पता चल जाएगा अधिकारिक तौर पर 6 जनवरी को प्रशासन द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। गौरतलब है कि पहले अध्यक्ष पद के लिए प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव किया जाता था,जिसमें सीधे वोटर अध्यक्ष के लिए वोट डालकर चुनाव में भाग लिया करता था लेकिन इस बार पार्षदों द्वारा अध्यक्ष का चुनाव होना है मतलब चुने गए ।

ठंड के कारण स्कूलों के समय में परिवर्तन

भाटापारा। कड़ाके की ठंड एवं शीत लहर के चलते जिले की सभी स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज एक आदेश जारी कर कल 31दिसम्बर से 10 जनवरी तक के लिए स्कूलों के खुलने और बन्द होने के समय में बदलाव किया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार दो पालियों में संचालित स्कूलों में कनिष्ठ विद्यालयों का समय सवेरे 8.30 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक और वरिष्ठ विद्यालयों का समय दोपहर 12.30 बजे से शाम 4.40 बजे तक निर्धारित किया गया है। एक पाली में संचालित शालाएं सवेरे 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगेंगी। ये आदेश जिले की सभी सरकारी, निजी और अनुदान प्राप्त शालाओं पर लागू होगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूलों के प्राचार्यों और संचालकों को आदेश का कड़ाई से पालन करने को कहा है। उन्होंने कहा है कि इस दौरान मण्डल द्वारा संचालित परीक्षाएं पूर्व अनुसार चलेंगी।

सियासत — कांग्रेस की ओर से मानस पाण्डेय तो भाजपा से राजकुमार जायसवाल के नामों की चर्चा

निकाय के बाद अब पंचायत चुनाव की सरगर्मी तेज

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल। नगरीय निकाय चुनाव के बाद अब ग्राम पंचायतों के चुनाव की सरगर्मियां बढ़ने लगी है। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 15 अनारक्षित मुक्त सीट होने के कारण इस सीट पर चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों में पोस्टर वॉर शुरू हो गया है। इस क्षेत्र से भाजपा की ओर से एक मात्र दावेदार भाजपा जिला उपाध्यक्ष राज-कुमार जायसवाल नजर आ रहे हैं तो कांग्रेसी खेमे की ओर से मानस पाण्डेय का नाम लिया जा रहा है।

नगरीय निकाय चुनाव सम्पन्न होते ही अब त्रि-स्तरीय ग्राम पंचायत चुनाव की सरगर्मियां प्रारंभ हो गई है। 30 दिसम्बर को चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य बनने के इच्छुक लोगों की भीड़ निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के बाहर लगने लगी है। कसडोल जनपद क्षेत्र के जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 15 अनारक्षित मुक्त होने के कारण इस सीट पर चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों की संख्या भी अधिक नजर आ रही है। इस सीट पर जिला पंचायत सदस्य के लिए भाजपा की ओर से भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल,

एवं भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल का नाम उभर कर सामने आया है जिसमें पार्टी की ओर से भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल के नाम पार्टी आलाकमान द्वारा मुहर लगाए जाने की प्रबल संभावना है क्योंकि राजकुमार जायसवाल पार्टी के उच्च नेताओं के आदेशानुसार पिछले दस साल से चुनावी राजनीति से दूर रहकर पार्टी संगठन के लिए सतत कार्य करते आ रहे हैं। इसलिए उनके प्रत्याशी अधिकृत किए जाने की प्रबल संभावना होती है। पार्टी की ओर से अधिकृत किए जाने की आस में राजकुमार जायसवाल ने क्षेत्र के गाँव की दीवारों में पोस्टर लगाना प्रारंभ कर दिए हैं। इस सीट से कांग्रेस की ओर से युकां जिलाध्यक्ष मानस पाण्डेय का नाम उभर कर सामने आया है और मानस पाण्डेय अपने समर्थकों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के गाँव गांव जाकर क्षेत्रवासियों से समर्थन एवं सहयोग की अपील कर रहे हैं ।

छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय मानस पाण्डेय का युवाओं के बीच खासी पकड़ है जिसे देखते हुए पार्टी नेताओं का उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। उल्लेखनीय हो कि पिछले विधानसभा चुनाव के समय पार्टी प्रत्याशी शकुंतला साहू के पक्ष में मजबूती के साथ खड़े होने वाले लोगों में मानस पाण्डेय का नाम अग्रिम पंक्तियों में से एक है, इसलिए विधायक शकुंतला साहू भी उनके साथ खड़ी हुई दिखाई दे रही है । इन दोनों के अलावा अभी और भी कई नाम आने वाले दिनों में सामने आने की संभावना है ।

मंत्री ने कार्यकर्ताओं से खुद पूछा, कैसे रहा मेरा एक साल, बेझिझक बताएं

नवप्रदेश संवाददाता

उतई। गृह, जेल व लोकनिर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपने एक वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर दुर्ग ग्रामीण विधान सभा स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन सोमवार को अपने गृह ग्राम पाऊवारा मे किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होती है। उस नाते आप सभी मेरे परिवारिक सदस्य है। आप सबके सहयोग से विधायक बनने का सौभाग्य मिला। मंत्री भी बना। आज उसका एक वर्ष पूर्ण हो गया है। इसलिए आप सभी के सुख दुख से रूबरू होने एक जगह इकट्ठा हुए है। उन्होंने कहा कि दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के विकास में कोई कमी नही आएगी। विकास सतत चलने वाली प्रक्रिया है। जो निरंतर चलती रहेगी। मांग के अनुरूप विकास कार्य होगा। आज एक वर्ष के कार्यकाल में गिनाने को बहुत कुछ है। उनमें सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण रिसाली नगर निगम का निर्माण है। आपके सबके सुझाव व मांग के अनुरूप रिसाली निगम बन गया है। अब इसे संवारने की

जिम्मेदारी है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों का कायाकल्प किया जा रहा है। स्कूल, कालेज, आईटीआई व कृषि महाविद्यालय की मांग भी की गई है। जिसका लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी हाल में आपने उतई नगर पंचायत में रिकार्ड तोड़ जीत दिलाई है। अब पंचायत चुनाव की बारी है। इसमें भी आप सभी मिलजुलकर विजय श्री दिलाए। तभी आपकी और हमारी प्रतिष्ठा बनी रहेगी। राज्य में हमारी सरकार है। इसलिए जिला व जनपद पंचायत में कांग्रेस का अध्यक्ष बनाना जरूरी है। तभी विकास कार्यो में तेजी आएगी। हमारे कार्यकर्ता भी पदों पर आसीन होंगे। इस प्रकार हमारे 200 कार्यकर्ता स्थापित हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि मेरे विधानसभा मे कोई गुटबाजी नही होनी चाहिए। हम सब कांग्रेस कार्यकर्ता है। यही मानकर चलना है। सामूहिक नल जल योजना के लिये योजना बना रहे है। आम जनता के लिये काम हो लंम्बा समय के लिये काम हो ऐसा मैं मानता हूं। अभी बजट सामने है। जिसमें विकास कार्यो को पूरा कराएंगे। क्षेत्र के 27 सड़क को जोड़ा जा चुका है।अब मुश्किल से दो तीन सड़क बचा है। 35 यात्री प्रतिक्षालय दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में बनवाया जायेगा। अंत मे उतई नगर पंचायत के नवनिर्वाचित पार्षद सहित सभी कार्यकर्ताओं को तिरंगा गमछा भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन रिवेंद्र यादव व आभार प्रदर्शन नंदकुमार सेन ने किया। इस दौरान पीसीसी मीडिया समन्वयक जितेंद्र साहू, हर्ष साहू, भूषण साहू, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार सेन, मुकुंद भाऊ, हेमन्त बंजारे, केशव बंटी हरमुख, भीषम हिरवानी, रिवेंद्र यादव, निर्मला हिरवानी, पीलेश्वर साहू, रवींद्र वर्मा, ममता बाग, महादेव बाग, महेंद्र सिन्हा, कृष्णा देवांगन, देवेन्द्र देशमुख, केशव बंछोर, राजेन्द्र यादव, प्रशांत पांडेय, पुरेंद्र वर्मा, तोषण साहू, डिकेन्द्र हिरवानी, नीलेश चौबे, दिवाकर गायकवाड़, राकेश मिश्रा, तरुण बंजारे, तारा शर्मा, कमलेश गजपाल, पुरषोत्तम चौधरी, नंदलाल साहू, योगिता चन्द्राकर, जयंत देशमुख, झमित गायकवाड़, गज्जू हिरवानी, प्रहलाद चन्द्राकर, सुभाष साव, प्रहलाद वर्मा, भरत चन्द्राकर, भोला कोसरिया, गोवर्धन बारले, खुमान साहू, जामवंत गजपाल, देवलाल यादव, डोमार देशमुख, पोषण क्षत्री, संतोष बंभोले, खोरबाहरा साहू, बालमुकुंद चन्द्राकर, टिकेश्वरी देशमुख, प्रभा साहू, मकसूदन साहू, महेश साहू, अशोक साहू, पुकेश चन्द्राकर, उत्तरा कोसरे, राकेश हिरवानी राजेश साहू, किशोर साहू, चन्द्रभान ठाकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

65वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता दिल्ली में कसडोल के संदीप खेलेंगे किक बॉक्सिंग

■ **कई मेडल कर चुके हैं प्राप्त**

कसडोल। गुरु घासीदास बालक शासकीय विद्यालय कसडोल के 10वी कक्षा में अध्ययनरत संदीप यादव 3 जनवरी से 9 जनवरी तक देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित 65वी राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंडर 17वी में शामिल होंगे। ज्ञात हो कि राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा का आयोजन कोरबा में 22 सितंबर से 25 सितंबर तक किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था जिसमे कसडोल नगर के संदीप ने गोल्ड मैडल हासिल किया था जिसके बाद संदीप ने अपना स्थान

राष्ट्रीय स्तर में बना लिया था। गौरतलब है कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागी अपने-अपने प्रतिभा को प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा संदीप यादव ने 1 दिसंबर से 6 दिसंबर तक तमिलनाडु होने वाले वुस्की फाईट प्रतियोगिता में ब्राउज़ अवार्ड से भी सम्मानित हुआ था। इसी तरह हाल ही में मध्यप्रदेश के जबलपुर में कोस्की फाइटिंग में नेशनल लेवल पर संदीप ने गोल्ड मैडल हासिल किया था। लगातार दो वर्षो से प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए संदीप ने विभिन्न मैडल अपने नाम किया है। विदित हो कि 15 वर्षीय संदीप स्वर्गीय आलोक यादव के भाई और नगर के दीपक यादव के सुपुत्र है। ट्रेनर दिलीप साहू ने बताया कि संदीप यादव के इस सफलता ने अपने परिवार व अपने क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। संदीप के चयन पर प्राचार्य भोक सिंह पैकरा, व्यायाम शिक्षक आलोक मिश्रा, राज सोनी एवं समस्त सहपाठियों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

विशाल रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर के लिए बैठक में चर्चा

डोंगरगढ़। स्थानीय महावीर मंदिर प्रांगण में शनिवार की रात्रि श्री हनुमान भक्त युवा समिति व नगर के वरिष्ठजनों की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें तय किया गया कि आगमी 12 जनवरी 2020 स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य पर युवा महोत्सव के रूप में मनाया जायेगा जिसमे विशाल रक्तदान शिविर व निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा स्वस्थ्य शिविर में नाक कान गला रोग विशेषज्ञ स्त्री रोग विशेषज्ञ दांत रोग विशेषज्ञ मनोरोग विशेषज्ञ व डॉक्टर की टीम उपस्थित रह कर उपचार करेगी। साथ ही छत्तीसगढ की उन सभी समाजसेवी संस्थाओं व सेवको का मंच माध्यम से सम्मान किया जायेगा जो सामाजिक कार्यो में अपना निरन्तर योगदान प्रदान करते आ रहे है।

निर्वाचन की अधिसूचना प्रकाशन के साथ ही शुरू हुई नामांकन की प्रक्रिया

बलौदाबाजार। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने आज सवेरे 10.30 बजे पंचायत निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन किया। जिले के ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंचों के निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन प्रारूप-2 में और जनपद व जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन की सूचना प्रारूप-3 में प्रकाशित की गई। स्थानों के आरक्षण के संबंध में भी सूचना का प्रकाशन आज किया गया। इसके साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

पुलिस ने बच्चों को सहीं सलामत घर पहुंचाया

खरोरा। थाना गस्त दल ने खरोरा ग्राम तेलासी से दो बच्चे घर से भटक कर गये दोनो बच्चो को ग्राम तुलसी डहरिया मे सुपूर्द ले कर सही सलामत घर पहुंचाया वही इस अभियान मे थाना प्रभारी रमेश मरकाम के मार्ग दर्शन मे आरक्षक क्रमांक 813 लोकनाथ पोर्ते चालक डिगेंद्र कुमार साहू क्रमांक 126 द्वारा सही सलामत उसके बड़ी बहन श्वेता सोनवानी एवं ग्राम सरपंच चूड़ामणि गायकवाड को सुपुर्द नामें पर दिया गया ।

विघ्नहर्ता को ठंड से बचाने भक्तों ने उड़ाया शाल

खरोरा। इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है । मौसम परिवर्तन ने अंचल में बढ़ाई ठंड मौसम का मिजाज विगत दिनों से बिगड़ा हुआ था.ऐसे में लोगों को ठंड का भी अधिक एहसास होने लगा है .तापमान में गिरावट आने से सर्दी बढ़ गई है जिसके चलते जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हुआ है तो इसके साथ ही भगवान सिद्धिविनायक , रिद्धि , सिद्धि को इस कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए

श्रीसिद्धिविनायक मंदिर के भक्तों द्वारा शाल उड़ा कर से बचाया जा रहा है । बारिश के कारण ठंडी हवा चलने से लोग गर्म कपड़े पहने दिखाई दिये.बल्कि बारिश से ठंड बढ़ी ठंड ने लोगों को बेहाल कर दिया है.बाजारो में चहल-पहल काफी कम हो रही है. ठंड से बचने के लिए लोग घरों में ही अलाव ताप रहे हैं .ठंड के चलते वृद्धों ,बच्चों युवाओं ,बुजुर्गों सुबह ठंड के चलते घरों के अंदर ही अलाव जलाकर ठंड से निजात । क्षेत्र में अचानक शीतलहर से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है ।

नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण 6 जनवरी को

खरोरा। नगर पंचायत चुनाव के बाद नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण 6जनवरी को सुबह 10बजे होना है वहीं शपथ ग्रहण उपरांतनगर पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव होने कि स्थिति मे नवनिर्वाचित पार्षद चुनाव प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव करेगें । मुख्यनगर पालिका अधिकारी यादव ने बताया कि नगर पंचायत चुनाव परिणाम आने के बाद अब नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण रायपुर के अनुभागीय दण्डाधिकारी प्रणव सिह 6 जनवरी के सुबह10बजे नगर के सस्कृति भवन मे पद व गोपनियता की शपथ दिलायेगे वही शपथ ग्रहण के तुरन्त बादपीठासीन अधिकारी पुनम शर्मा डिप्टी कलेक्टर रायपुर के निर्देशन मे 11बजे अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुनाव कि प्रक्रिया प्रारभ कि जावेगी जिसमें नगर पंचायत कार्यलय के सूचना पटल पर अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के आरक्षण के सबंध मे प्रकाशन सूचना ,सभा कक्ष मे प्रथम सम्मेलन व निर्वाचन तारीख ,11से12 बजे तक प्रत्याशी के द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया जाना,12बजे अभ्यका नाम प्रकाशन,1बजे नाम वापसी,2बजे मतदान,3बजे मतगणना व तत्पश्चात मतो का गणना व परिणाम की घोषणा पीठासीन अधिकारी पुनम शर्मा के द्वारा की जावेगी।

पंचायत चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

भाटापारा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने आज सवेरे 10.30 बजे पंचायत निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन किया। जिले के ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंचों के निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन प्रारूप-2 में और जनपद व जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन की सूचना प्रारूप-3 में प्रकाशित की गई। स्थानों के आरक्षण के संबंध में भी सूचना का प्रकाशन आज किया गया। इसके साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रथम दिन आज जिला पंचायत सदस्य के लिए एक भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुये। जिला पंचायत सदस्यों के लिये नामांकन फार्म संयुक्त कलेक्टोरेट भवन के प्रवेश द्वार पर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। निक्षेप राशि जमा कराकर चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशी नाम निर्देशन पत्र ले जा सकते हैं। प्रथम दिन आज विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के 24 संभावित प्रत्याशियों ने निक्षेप राशि जमा करा करके नामांकन पत्र लिये हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

छत्तीसगढ़ जैसा कार्यक्रम...

ने कृषि के क्षेत्र में अब अपनी अलग पचान बना ली है। सीएम भूपेशजी के नेतृत्व में किसान कल्याण के लिए जो योजनाएं चलाई जा रही हैं, चाहे वो कर्जमाफी की हो या धान को 2500 रुपए प्रति क्विंटल दाम की, इन सभी से छत्तीसगढ़ का किसान समृद्ध बन रहा है। मुझे यह भी जानकारी मिली है कि यहां पोला, तीज व अन्य स्थानीय त्योहारों पर अवकाश घोषित किया गया है। देश में चल रहे सुस्ती के माहौल में भी एक साल की इन कल्याणकारी योजनाओं से छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था चट्टान की तरह मजबूत बनी है। ऐसे सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही सरकार किसी भी चुनौती से निपटने के उपाय खुद ही खोज लेती है।

-विदर्भ के धान उत्पादकों को अभी सिर्फ प्रति किसान 50 क्विंटल तक ही बोनस दिया जा हा है, क्या इसे बढ़ाया जाएगा?

मेरा राजनीतिक कॅरियर किसानों के लिए ही समर्पित रहा है। विदर्भ के किसानों के हितों के लिए मैंने जो कुछ किया वो खुली किताब है। अभी भले ही क्षेत्र के धान उत्पादकों को प्रति किसान 50 क्विंटल तक ही बोनस दिया जा रहा है, किसानों को उनके पूरे धान पर बोनस मिले इसके लिए प्रयास चल रहे हैं। इसके लिए मैं अपने स्तर पर प्रयासरत हूं। महाराष्ट्र सरकार से इसके लिए बातचीत चल रही है, ताकि विदर्भ के किसानों को कहीं कोई कमी महसूस न हो।

-एनसीपी नेताओं को नाराजगी है कि शिवसेना सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में अपने नेताओं के नाम का ही इस्तेमाल कर रही है, खासकर किसान कर्जमाफी के फैसले को लेकर। कहीं कोई मतभेद तो नहीं हैं?

ऐसा नहीं है, महाराष्ट्र में गठबंधन सरकार के सभी दल सामंजस्य के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। किसी दल के कार्यकर्ता द्वारा किसी शहर में योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर अपनी पार्टी व नेताओं के बैनर-पोस्टर लगा देना उसका अपनी पार्टी व नेता के प्रति लगाव भी हो सकता है। इस पर किसी दूसरे दल द्वारा कही जा रही बात को आपत्ति व मतभेद नहीं सुझाव कहा जा सकता है।

-गोसीखुर्द समेत विदर्भ के सिंचाई प्रकल्प लंबे समय से अधूरे पड़े हैं, अब नई सरकार में ये कब तक पूरे हो सकते हैं?

सांसद-विधायक रहते ये मुद्दा सदा से ही मेरी प्राथमिकता में रहा है। मुझे विश्वास है कि ये प्रकल्प अब 2022 तक पूर कर लिए जाएंगे।

-महाराष्ट्र में भाजपा एक मजबूत विपक्ष के रूप में है, क्या आपको कार्य निर्वहन में चुनौतियां सामने आती हैं?

विपक्ष या सत्तापक्ष कितना भी मजबूत क्यों न हो, सदन में विधानसभा अध्यक्ष के तौर पर अकेले नाना पटोले ही काम नहीं कर रहे होते। इस पद के कामकाज का निर्वहन करते वक्त संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियां व जिम्मेदारियां मेरे साथ होती हैं। लिहाजा संविधान के अनुरूप सदन सुचारू रूप से चले, इसके लिए सभी का प्रयास होता है।

सामालिक बंधनों के...

रहने लगे। जात-पात के बंधनों को प्यार से जीतने की दोनों की कोशिश जाया गई। महीनों लीव इन में रहने के बाद दोनों ने परिजनों को एक बार फिर शादी के लिए मंजूरी की हिमायत की, लेकिन समाज के बंधन से परिवार मुक्त नहीं हुआ और टका सा जवाब ना में दे समाजिक अंतर की बात कर एतराज कर बैठे। बस फिर क्या था जितनी वफा दोनों की मोहब्बत में थी उससे कहीं ज्यादा दोनों प्रेमियों में अपने मम्मी-पापा से भी थी। रास्ता न सूझा और शहजाद-सुधा ने एक दूसरे को न धोखा देना भाया और न ही माता-पिता के सामाजिक बंधन वाली जिद को तोड़ पाए। जहां एक ही छत के नीचे वे महीनों साथ रहे, हर पल बिताए उसी छत में फांसी के दो फंदे में लटककर खुद्कुशी कर लिए। जीते जी न सहीं पर मरने के वक्त दोनों एक साथ ही दम तोड़े।

पुलिस सुसाइड के साथ बारीक जांच भी कर रही

मामला प्रथम दृष्टया पुलिस आत्महत्या का ही मान रही है। लेकिन दोनों प्रेमियों के पारिवारिक बंधन के मद्देनजर भी पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जांच भी कर रही है। कुछ सवालात हैं जो पुलिस जानना चाह रही है कि दोनों लिव इन में रहने के बाद परिवार वालों के विरोध के बाद शादी क्यों नहीं किये या फिर वो आत्महत्या जैसा कदम उठाने क्यों मजबूर हुए। यह भी पता किया जा रहा है कि मामला आत्महत्या का है या फिर इसकी कुछ और भी वजह है। पोस्टमार्टम के बाद ही पुलिस कुछ कह पाने की स्थिति में है। वैसे जब देर तक शहजाद-सुधा ने दरवाजा नहीं खोला तप पड़ोसी और मकान मालिक ने संदेह पर देखा और हादसे के बाद पुलिस को बुलाया तब अंदर से बंद दरवाजा खोला गया। डभरा पुलिस के मुताबिक कुछ भी कह पाना जल्दबाजी होगी।

मरने के बाद...

परिवार वालों का दिल न टूटे और प्यार भी धोखेबाज न कहलाए इसलिए खुद्कुशी करने से पहले दोनों ने मम्मी-पापा से इस कदम के लिए माफी तक मांगी। अब दोनों के ही परिवार वाले रो-रो कर उनके प्यार की दुहाई दे रहे हैं।

सीएम उद्धव के...

राज्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। कैबिनेट मंत्रीपद की शपथ लेने वाले प्रमुख नामों में महाराष्ट के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण, धनंजय मुंडे व विजय वडेट्टीवार, यशोमति ठाकुर, दिलीप वलसे पाटील भी शामिल हैं।

23 नवंबर को फडणवीस के साथ ली थी पवार ने शपथ

अजित पवार एक माह सात दिन भीतर दूसरी बार महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री बने हैं। उन्होंने 23 नवंबर को सुबह 8 बजे देवेंद्र फ्डणवीस के साथ शपथ ली। तब राज्यपाल कोश्यारी ने अजित पवार ने उन्हें उमुख्यमंत्री व फणवीस को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई थी। लेकिन इसके बाद अजित पवार ने उमुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके कारण फडणवीस ने भी यह कहते हुए अपना इस्तीफा दे दिया था कि उनके पास बहुमत नहीं रहा।

पीएम आवास में...

आग लगी। यह पीएम नरेंद्र मोदी का आवास या कार्यालय परिसर नहीं है, लेकिन एलकेएम कॉम्प्लेक्स के एसपीजी रिसेप्शन का हिस्सा है। आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है।

रायपुर कबीरधाम जिले...

अशासकीय, अनुदान प्राप्त शाला, मदरसा, विद्यालयों के लिए लागू होगा। आदेश 10 जनवरी 2020 तक प्रभावशील रहेगा। इसी प्रकार जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम द्वारा जारी आदेशानुसार परिवर्तित समय अनुसार दो पाली में संचालित विद्यालयों में से कनिष्ठ विद्यालयों का समय प्रातः 8.30 बजे से दोपहर 11.30 बजे तक और वरिष्ठ विद्यालयों का समय दोपहर 12 बजे से शाम 4.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। एक पाली में संचालित शालाओं का समय यथावत रहेगा। यह आदेश जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त शाला, मदरसा, विद्यालयों के लिए लागू होगा और आगामी आदेश पर्यन्त तक प्रभावशील रहेगा।

ठण्ड ने दिल्ली में...

का अधिकतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। इसके साथ ही दिल्ली के लोगों ने दिसंबर में सोमवार के दिन सबसे ज्यादा ठंडक का सामना किया। इससे पहले 1901 में दिसंबर महीने में 11.3 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था।

रावत बनेंगे देश के...

केवल चीफऑफडिफेंस स्टाफका पद सृजित करने का लक्ष्य नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सांस्थानिक सुधारों का लक्ष्य है। 1999 के करगिल युद्ध के मद्देनजर देश की सुरक्षा प्रणाली में खामियों की समीक्षा के लिए बनाई गई समिति ने रक्षा मंत्री के एकीकृत सैन्य सलाहकार के रूप में सीडीएस की नियुक्ति का सुझाव दिया था।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की भूमिका और दायित्व क्या होंगे?

सीडीएस रक्षा मंत्री के लिए प्रधान सैन्य सलाहकार की भूमिका निभाएंगे। तीनों सेनाओं के प्रमुख भी अपनी-अपनी सेनाओं से संबंधित सलाह रक्षा मंत्री को पहले की तरह ही देते रहेंगे। सीडीएस के पास तीनों सैन्य प्रमुखों समेत कोई मिलिट्री कमांड नहीं होगा। सीडीएस तीनों सैनाओं के विभिन्न संगठनों का प्रशासक होगा। सीडीएस संबंधित अथॉरिटीज को तीनों सेनाओं की जानकारियां उपलब्ध कराएगा। वह डिफेंस ऐक्विजीशन काउंसिल और डिफेंस प्लानिंग काउंसिल के सदस्य होगा।

कोहरे के कहर...

उसके बाद लोगों की चीख-पुकार सुन गांव वाले पहुंच गए और उन्होंने पांच लोगों को गाड़ी से निकाल लिया जबकि छह लोगों की हालत गंभीर थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया है , जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान महेश, किशनलाल, नरेश राम खिलाड़ी, मल्लू और नेत्रपाल के रूप में की गयी है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे , उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर पालिक निगम नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 304/2019-20
वार्ड का नाम- शहीद भगतसिंह-18
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शहीद भगत सिंह-18 स्थित मकान/ भूमि सीएच 730, सीएच 731 जो कि निगम अभिलेख में श्री ध्रुव ठाकरे s/o रामाजी ठाकरे के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती गौतम बाई w/o सुखराम ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर पालिक निगम नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 307/2019-20
वार्ड का नाम- रामकृष्ण परमहंस-2 (ब)
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रामकृष्ण परमहंस स्थित मकान/ भूमि MIG/KBT/118 फेस-3 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती सीमा कश्यप w/o राकेश कश्यप के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती प्रिया सिंह w/o दीपक सिंह ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 336/19-20
वार्ड का नाम- गुरूगोविन्द सिंह-34
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुरू गोविंद सिंह-34 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ ज.न.-1067 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती जहीरा बेगम w/o रमजान खान के नाम से दर्ज है, जिसको श्री अब्दुल मजीद खान भारती s/o स्व. रमजान खान रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
दिनांक 30/12/19
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 337/19-20
वार्ड का नाम- गुरूगोविन्द सिंह-34
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुरू गोविंद सिंह-34 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ ज.ग.न.-1228 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती ननकी देवी w/o पूरन सिंह के नाम से दर्ज है, जिसको श्री चरणसिंह वालिया s/o स्व. पूरन सिंह रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
दिनांक 30/12/19
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी सेजबहार, जिला-रायपुर में निर्मित दीनदयाल योजना योजनांतर्गत एलआईजी भवन क्र.-1220, श्री अभिषेक पाण्डेय पिता श्री जगदीश प्रसाद पाण्डेय पता- जगदीश भवन-08, शासकीय कन्या छात्रावास के बाजू, वार्ड क्र.-02 कोटा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) को स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय अनुमति क्रमांक 179 दिनांक 11.01.2013 के माध्यम से आवश्यक अनुमति प्राप्त कर क्रेता (1) श्री पुरन दास कठुरे पिता श्री शिवप्रसाद कठुरे (2) श्रीमती सरोजनी कठुरे पति श्री पुरनदास कठुरे, पता- कृष्णा नगर, नहर के किनारे, संतोषी नगर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय पत्रक दिनांक 12.02.2013 निष्पादित कर दी गई है, प्राप्त दस्तावेज केअआधआर पर उक्त भवन (1) श्री पुरनदास कठुरे पिता श्री शिवप्रसाद कठुरे (2) श्रीमती सरोजनी कठुरे पति श्री पुरन दास कठुरे, पता- कृष्णा नगर, नहर के किनारे,संतोषी नगर, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो, इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-5, सेजबहार रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 339/19-20
वार्ड का नाम- शंकर नगर-31
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शंकर नगर-31 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 31/594/2 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती सुमति भागवत w/o वी.वी. भागवत के नाम से दर्ज है, जिसको श्री संदीप वासुदेव भागवत s/o स्व. वासुदेव विनायक भागवत रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
दिनांक 30/12/19
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 340/19-20
वार्ड का नाम- सिविल लाईन-42
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिविल लाईन-42 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 42/1075 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती आशारानी चक्रवर्ती w/o स्व. ए.के. चक्रवर्ती के नाम से दर्ज है, जिसको श्री पारथो सारथी चक्रवर्ती s/o स्व. ए.के. चक्रवर्ती रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
दिनांक 30/12/19
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी आरंग, जिला-रायपुर में निर्मित अटल विहार योजनांतर्गत एलआईजी भवन क्र.-105, (1) मनीष कुमार वैरागडे (2) श्रीमती रश्मि वैरागडे, के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्र. 6732 दिनांक 08.09.2015 के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 28.10.2017 को लीजडीड निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी (1) श्री मनीष कुमार वैरागडे (2) श्रीमती रश्मि वैरागडे दोनों निवासी- 256, गायत्री मंदिर के पास, समता कालोनी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती आशा साहू पति श्री रामनाथ साहू पता- ग्राम व पोआ. फरफौद, तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय अनुमति हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन को क्रेता श्रीमती आशा साहू पति श्री रामनाथ साहू पता- ग्राम व पोआ. फरफौद, तहसील आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।
अतः उक्त भूखण्ड/भवन को विक्रय करने की अनुमति प्रदान किए जाने पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो, इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-5, सेजबहार रायपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

तो मूवी डेट के साथ आलिया-रणबीर का न्यू इयर सेलिब्रेशन शुरू

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट इस बार साथ में नए साल का वेलकम करेंगे और इसके लिए वह छुट्टियां मनाने निकल चुके हैं। ऐसा लग रहा है कि इस कपल ने एक रोमांटिक नोट के साथ सेलिब्रेशन शुरू भी कर दिया है।

दरअसल, आलिया ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर बॉयफ्रेंड के साथ मूवी डेट की एक तस्वीर शेयर की। फोटो से साफ है कि दोनों Audrey Hepburn स्टारर starrer क्लासिक 'Breakfast At Tiffany's' देखने पहुंचे हैं।

लोकेशन के बारे में न बताते हुए आलिया ने फोटो पर कैप्शन दिया, 'अ क्लासिक अंडर द स्टार्स, बाइ द वॉटर ऐंड अमंगस्ट द ट्रीज।' देखें, आलिया का पोस्ट: बता दें, रणबीर और आलिया ही नहीं, करीना कपूर खान, सैफ अली खान, करिश्मा कपूर, वरुण धवन, नताशा दलाल, विराट कोहली, अनुष्का शर्मा जैसे स्टार्स भी इन दिनों स्विट्जरलैंड में छुट्टियां मना रहे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो रणबीर और आलिया पहली बार एकसाथ फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में नजर आएंगे।

QUIZ TIME

1) किस संस्था का आदर्श वाक्य मा गृधः कस्यस्विद्धनम् है?
2) सरकार द्वारा नवरत्न एवं मिनीरत्न योजना किस वर्ष प्रारम्भ की गई थी?
(क) 1995 (ख) 1997 (ग) 2000
3) थाईलैण्ड के किस प्रधानमंत्री को लापरवाही का दोषी पाते हुए पाँच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई?
4) अल्जाइमर रोग निदान हेतु जीवी-971 दवा किस देश द्वारा विकसित की गई है?
(क) चीन (ख) जर्मनी (ग) जापान (घ) अमेरिका
5) इण्डियन ब्रेन एटलस किस शैक्षणिक संस्थान द्वारा बनाया गया है?

Ramaquiz



उत्तरमाला : (1) लोकपाल (2) 1997 (3) यिंगलक शिनावात्रा (4) चीन (5) आईआईटी, हैदराबाद

ओले-ओले गीत को रिक्रिएट करेंगे सैफ अली खान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के छोटे नवाब सैफअली खान अपने सुपरहिट गाना ओले-ओले को रिक्रिएट करने जा रहे हैं। सैफ इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'जवानी जानेमन' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। 'जवानी जानेमन' का पोस्टर हाल में ही रिलीज किया गया था। फिल्म में सैफ के साथ तब्बू नजर आएंगी और इससे पूजा बेदी की बेटी आलिया फर्नीचरवाला बॉलिवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में सैफ के फैन्स के लिए खुशखबरी है कि इसमें सैफअपनी फिल्म 'ये दिल्लगी', का आइकॉनिक गाना 'ओले ओले', रीक्रिएट करेंगे। बताया जा रहा है कि रीक्रिएट वर्जन में ऑरिजिनल गाने का फील और टच कायम रहेगा, लेकिन इसको एक नया रूप दिया जाएगा। इस गाने को मशहूर कंपोजर तनिष्क बागची ने रिक्रिएट किया है, जो रिमिक्स गाने के लिए हर प्रोड्यूसर की लिस्ट में फेमस हैं। इस फिल्म को नितिन कक्कड़ डायरेक्ट कर रहे हैं।

कृति खरबंदा ने क्यूट फोटो शेयर कर पुलकित सम्राट को किया बर्थडे विश

बॉलिवुड में पिछले कुछ दिनों से कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट के अफेयर के चर्चे खबरों में आ रहे हैं। हाल में यह जोड़ी 'पागलपंती' में साथ नजर आई थी और कृति ने पुलकित के साथ अपने रिलेशनशिप को स्वीकार भी किया था।

बॉलिवुड में पिछले कुछ दिनों से कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट के अफेयर के चर्चे खबरों में आ रहे हैं। हाल में यह जोड़ी 'पागलपंती' में साथ नजर आई थी और कृति ने पुलकित के साथ अपने रिलेशनशिप को स्वीकार भी किया था। अब कृति ने पुलकित के बर्थडे पर इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर कर उन्हें विश किया है। कृति ने पुलकित संग अपनी सेल्फी शेयर करते हुए लिखा, 'क्योंकि यह इनका बर्थडे का मौका है और यह मेरे फेवरिट हैं। पागलपन, खुशी, हंसी, खुशियों के आंसू और सारी चीजों के साथ हैपी बर्थडे।' कृति ने जैसे ही यह तस्वीर इंस्टा पर शेयर की उसके तुरंत बाद ही फैन्स ने कॉमेंट कर पुलकित को बर्थडे विश करना शुरू कर दिया। इस बीच बता दें कि पुलकित और कृति सबसे पहले फिल्म 'वीरे की वेडिंग' में साथ नजर आए थे। अब ये दोनों फिल्म 'तैश' में भी साथ नजर आएंगे जो 2020 में रिलीज होगी।

फिल्म इंडस्ट्री में टिके रहने के लिये मेहनत जरूरी : अक्षय

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में टिके रहने के लिए लगातार मेहनत करना बहुत जरूरी है। अक्षय कुमार को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये तीन दशक हो गये हैं। बॉक्स ऑफिस पर सफलता की छाप छोड़ने वाले अक्षय का कहना है कि सफलताओं ने उन्हें अलग-अलग तरह का काम करने और जोखिम उठाने के प्रति सहज बना दिया है। अक्षय हाल ही में आई अपनी फिल्म गुड न्यूज को दर्शकों से मिल रहे प्यार से बहुत खुश हैं। अक्षय ने कहा, मुझे बहुत अच्छा लगता है कि मेरी सभी फिल्मों को दर्शकों का प्यार मिलता है। विश्वास नहीं हो रहा कि मेरी फिल्मों ने इतनी कमाई कर ली है. इंडस्ट्री में अब पैसा बढ़ रहा है जिससे निर्माता छोड़ी-बड़ी हर तरह की फिल्में बना रहे हैं।

सलमान-भाग्यश्री की फिल्म मैंने प्यार किया के प्रदर्शन के 30 साल पूरे

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और भाग्यश्री की जोड़ी वाली सुपरहिट फिल्म मैंने प्यार किया के प्रदर्शन के 30 साल पूरे हो गये हैं। सूरज बड़जात्या के निर्देशन में बनी फिल्म सलमान और भाग्यश्री की जोड़ी वाली फिल्म मैंने प्यार किया 29 दिसंबर 1989 को प्रदर्शित हुयी थी। फिल्म को प्रदर्शित हुये तीस साल हो गये हैं। भाग्यश्री के बेटे अभिमन्यु दसानी ने मैंने प्यार किया के आइकॉनिक सीन को रिक्रिएट किया है. फिल्म मर्द को दर्द नहीं होता में काम कर चुके अभिमन्यु ने सिंगर शर्ली सेतिया के साथ इस सीन को रिक्रिएट किया है। उन्होंने वीडियो भी पोस्ट की है। वीडियो में अभिमन्यु और शर्ली मैंने प्यार किया के डायलॉग बोल रहे हैं।

वीकेंड पर जोरदार रही 'गुड न्यूज' की कमाई

अक्षय कुमार, करीना कपूर, कियारा आडवाणी और दिलजीत दोसांझ की मुख्य भूमिकाओं वाली फिल्म 'गुड न्यूज' की धमाकेदार ओपनिंग के बाद जोरदार कमाई जारी है। रविवार को फिल्म की कमाई में 20 पर्सेंट का इजाफा देखा गया। अक्षय कुमार, करीना कपूर, कियारा आडवाणी और दिलजीत दोसांझ की मुख्य भूमिकाओं वाली फिल्म 'गुड न्यूज' की धमाकेदार ओपनिंग के बाद जोरदार कमाई जारी है। पहले दो दिन बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई करने के बाद रविवार को भी इसके बिजनस में बढ़ोतरी देखी गई है। रविवार को फिल्म की कमाई में 20 पर्सेंट का इजाफा देखा गया। बॉक्स ऑफिस इंडिया डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक, रविवार को फिल्म ने लगभग 25-26 करोड़ का कारोबार किया है। इस तरह कुल मिलाकर फिल्म ने अपने पहले वीकेंड पर 64-65 करोड़ रुपयों का बिजनस किया है।

आम्रपाली की कारों और प्रॉपर्टी की नीलामी 7 जनवरी से

नई दिल्ली। आम्रपाली की लग्जरी कारों और अनसोल्ड प्रॉपर्टी की नीलामी 7 जनवरी से शुरू होगी। पहले दिन लग्जरी कारों को नीलाम किया जाएगा। इसके अगले दिन अनसोल्ड प्रॉपर्टी की बोली लगेगी। महज एक रुपये जमा कर लग्जरी कारों की नीलामी में शामिल हो सकते हैं। फ्लैट के लिए एक लाख और कमर्शल प्रॉपर्टी के लिए 50 लाख रुपये जमा कराने होंगे। एमएसटीसी की वेबसाइट (www.mstcecommerce.com) पर ई-नीलामी होगी। इसमें हिस्सा लेने के लिए वेबसाइट पर पहले से लॉग-इन आईडी बनानी होगी। इसके लिए वेबसाइट पर लिंक लाइव कर दिया गया है। एमएसटीसी के ई-वॉलेट में रुपये जमा कराने के बाद बोली लगा सकेंगे। नीलामी से जो रुपये मिलेंगे, उन्हें नैशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन

(NBCC) लिमिटेड को ग्रुप के अधूरे प्रॉजेक्ट पूरे करने के लिए दिए जाएंगे।

15 लग्जरी कारें होंगी नीलाम

7 जनवरी को सबसे पहले लग्जरी कारों की नीलामी होगी। पहले चरण में 15 कारों को इसमें रखा गया है। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक ई-नीलामी में बोली लगा सकते हैं। कारों के मॉडल नंबर समेत अन्य जानकारियां वेबसाइट पर डाल दी गई हैं। 2010 से लेकर 2014 तक के मॉडल की कारें मौजूद हैं। इनमें ऑडी-5, ऑडी-6, पोर्शे, बीएमडब्ल्यू यूएक्स 5.30, बीएमडब्ल्यू 530 डी, फॉर्च्यूनर, ऑडी-4 समेत अन्य लग्जरी कारें हैं। आम्रपाली के डायरेक्टर और उनके परिवार के लोग इनका इस्तेमाल करते थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर इन्हें जब्त किया गया था।

शान-ओ-शौकत में डूबा आम्रपाली

बायर्स के रुपयों से लग्जरी लाइफ स्टाइल जीने के शौक ने आम्रपाली ग्रुप को डुबा दिया। ग्रुप के डायरेक्टर जेल में बंद हैं। आम्रपाली बायर केके कौशल ने कहा कि बायर्स की गाढ़ी कमाई से लग्जरी लाइफ स्टाइल जीने वाले ग्रुप के मालिकों का यही हश्र होना चाहिए। बायर दिनेश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बायर्स को राहत मिलने की उम्मीद जागी है। ग्रुप के मालिकों की अकड़ अब और ठिकाने आएगी।

आगे भी जारी रहेगी नीलामी

आम्रपाली के अधूरे प्रॉजेक्टों में काम करने के लिए एनबीसीसी को पैसों की जरूरत है। इसी के चलते सुप्रीम कोर्ट के आदेश ई-ऑक्शन (ऑनलाइन नीलामी) की यह प्रक्रिया शुरू होने जा रही है।

बजट 2020 से उम्मीदें: सर्राफा कारोबार को मिले लघु उद्योग का दर्जा

मेरठ। केंद्र सरकार की आम बजट को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकीं हैं। इन खबरों के बीच मेरठ के उद्यमियों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को कुछ सुझाव भेजा है। इनमें कृषि की तर्ज पर सर्राफा व्यवसाय को स्पेशल कैटेगिरी में शामिल करने, खिलौनों के लिए शुल्क मुक्त आयात योजना लागू करने, एमएसएमई की जीएसटी दरें घटें सूक्ष्म, आयकर छूट पांच लाख व ब्याज की दर रेपो रेट से जोड़ने जैसी कई मांगें की गई हैं।

उद्यमियों के प्रमुख सुझाव

- व्यक्तिगत आयकर पर छूट की सीमा बढ़ाई जाए
- सरकार इंसेटिव और सब्सिडी का समय पर भुगतान
- इंटरनेट की व्यवधानरहित सेवा उद्योग के लिए जरूरत
- जीएसटी का सरलीकरण कराया जाए
- आयकर छूट पांच लाख हो, ब्याज की दर रेपो रेट से जोड़ें
- माल वाहन ट्रेनों के विशेष गलियारे का काम पूरा हो
- स्पोर्ट्स गुड्स को एक ही टैक्स स्लैब में शामिल करें
- फूड प्रोसेसिंग यूनिट मेरठ में लगाई जाए

सेक्शन 80C: डेढ़ लाख रुपये तक टैक्स बचाने के निवेश के बेहतरीन तरीके

- **किसी व्यक्ति या हिंदू अनडिवाइडेड फैमिली को मिलती है टैक्स छूट की यह सुविधा**
- **बच्चों की ट्यूशन फीस पर भी सेक्शन 80सी के तहत टैक्स में मिलती है छूट**

नई दिल्ली। अगर आप सैलरीड हैं तो आपकी कंपनियों में आपको इन्वेस्टमेंट प्रूफ जमा करने का वक्त आ गया है। अगर आप इन्वेस्टमेंट प्रूफ जमा नहीं कर पाते हैं तो आपकी इनहैंड सैलरी कम हो सकती है, क्योंकि निवेश प्रूफ के अभाव में आप आयकर छूट की सुविधा का लाभ नहीं उठा पाएंगे। आयकर छूट पाने के लिए आयकर अधिनियम का सेक्शन 80ष्ट बेहद लोकप्रिय साधन है। इसी के बारे में हम बात करने जा रहे हैं।

आयकर अधिनियम की धारा 80 सी के तहत अलग-अलग तरह के निवेश पर टैक्स छूट दी जाती है। अगर आप किसी साल अलग-अलग तरह के निवेश पर टैक्स छूट क्लेम करना भूल गए हैं तो बाद में इनकम टैक्स रिटर्न फाइल कर टैक्स एग्जेम्पशन क्लेम कर सकते हैं।

धारा 80 सी के तहत कितनी मिलती है छूट?

धारा 80 सी के तहत 1,50,000 रुपये तक के निवेश पर टैक्स छूट ली जा सकती है। सीधे शब्दों में कहें तो धारा 80 सी के तहत अलग-अलग तरह के निवेश कर आप अपनी कुल कर योग्य आय में से 1,50,000 रुपये कम करवा सकते हैं। यह टैक्स छूट किसी व्यक्ति या हिंदू अनडिवाइडेड फैमिली (एचयूएफ) को मिलती है।

खर्च पर मिलने वाले टैक्स बेनिफिट्स

1. 80C के तहत दो बच्चों की ट्यूशन फीस : बता दें कि बच्चों की ट्यूशन फीस पर भी सेक्शन 80सी के तहत टैक्स में छूट मिलती है। हालांकि, यह ऐसा निवेश नहीं है, जिस पर रिटर्न मिलता हो। हर साल अधिकतम दो बच्चों की ट्यूशन फीस पर यह छूट मिलती है। इसके लिए आपको स्कूल द्वारा जारी फीस का सर्टिफिकेट देना पड़ता है। यह सेक्शन 80ष्ट के तहत आने वाला एकमात्र खर्च है, जो निवेश के दायरे में नहीं आता है। यदि आप सेक्शन 80सी के तहत टैक्स छूट का लाभ उठाना चाहते हैं तो वित्त वर्ष खत्म होने से पहले आपको निर्धारित निवेश माध्यमों में इन्वेस्ट करना होगा।

2. नए मकान की रजिस्ट्री पर स्टैंप ड्यूटी: आयकर अधिनियम के सेक्शन 80ष्ट के तहत स्टैंप ड्यूटी तथा रजिस्ट्रेशन चार्जेज पर 1.5 लाख रुपये तक की छूट पाई जा सकती है। भुगतान उसी वित्त वर्ष में किया जाना चाहिए, जिसमें टैक्स का पेमेंट किया जा रहा है।

एसबीआई ने लोन पर ब्याज दर घटाया, 1 जनवरी से लागू होंगी नई दरें

- **सबसे बड़े सरकारी बैंक ने ब्याज दर में 0.25 फीसदी की कटौती की**
- **एक्सटर्नल बेंचमार्क इंडेक्स 8.05% से घटकर 7.80% पर आया**

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने अपना लोन सस्ता कर दिया है। बैंक ने सोमवार को एक्सटर्नल बेंचमार्क रेट (EBR) में 25 आधार अंकों (0.25%) की कटौती करने की घोषणा की है, जिसके साथ ही यह 8.05% से घटकर 7.80% पर आ गया है। SBI पहला बैंक है, जिसने दिसंबर में RBI द्वारा मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद एक्सटर्नल बेंचमार्क रेट में कटौती की है।

एसबीआई ने प्रेस विज्ञप्ति मे कहा कि ईबीआर की संशोधित दर 1 जनवरी, 2020 से लागू होगी। नए होम बायर्स के लिए होम लोन की दरों की शुरुआत 7.9% से होगी, जो पहले 8.15% थी। इस साल अब तक एसबीआई ने एमसीएलआर में 0.65% की कटौती की है।

क्या होता है एक्सटर्नल बेंचमार्क रेट : भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने HOME LOAN पर इंट्रेस्ट रेट तय करने के लिए बैंकों को अप्रैल 2019 से एक्सटर्नल बेंचमार्क (ट्रेजरी बिल रेट्स या रीपो रेट्स) का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया है। इससे पहले बैंक होम लोन पर इंट्रेस्ट रेट तय करने के लिए एक इंटरनल बेंचमार्क (मार्जिनल कॉस्ट ऑफ रेजिंग फंड्स) का इस्तेमाल करते थे।

आधार कार्ड और पैन कार्ड को लिंक करने की आखिरी तारीख आज

नई दिल्ली। अपने पैन कार्ड को 31 दिसंबर से पहले आधार कार्ड से लिंक करा लें। बीते शुक्रवार आयकर विभाग ने रिमांडर भेजकर कहा है कि आधार कार्ड और पैन कार्ड को लिंक करने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर है। जो लोग पैन कार्ड को आधार कार्ड से 31 दिसंबर तक लिंक नहीं करवाते हैं उनका पैन कार्ड जनवरी 2020 से इनवैलिड और इनऑपरेटिव हो जाएगा। इसका मतलब यह हुआ कि आप आयकर, निवेश या लोन आदि से जुड़ा कोई भी काम नहीं कर पाएंगे, जब तक आप पैन को आधार से लिंक नहीं करते।

कारोबार के अनुकूल माहौल बनाने में जुटी रही सरकार

नयी दिल्ली (वार्ता)। सरकार के आर्थिक सुधारों तथा कारोबार को सुगम बनाने के प्रयासों के इस वर्ष अच्छे नतीजे दिखायी दिये और भारत कारोबारी सुगमता की रैंकिंग में 63वें पायदान पर पहुंचने में कामयाब रहा तथा नवाचार के संदर्भ में 52वें स्थान पर आ गया। वहीं, विदेश व्यापार के मोर्चे पर सभी कदम विफल होते दिखे।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उथल-पुथल और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के संरक्षणवादी रुख तथा गैर-शुल्क बाधाओं के कारण 2019-20 के लिए 500 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसमें पहले आठ महीने में नवंबर तक कुल निर्यात 353.96 अरब डॉलर ही रहा, जिसमें वस्?तु एवं सेवाएं शामिल हैं। पिछले वर्ष इसी अवधि में आयात 408.02 अरब डॉलर रहा था। अप्रैल से नवंबर 2019 तक वस्तु व्यापार 211.93 अरब डॉलर रहा है।

इस वर्ष के दौरान सरकार आर्थिक सुधार पर जोर देती रही जिसका असर अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं की रैंकिंग में दिखायी दिया। देश ने विश्व बैंक की कारोबारी सुगमता (इज ऑफ डूइंग बिजनेस) रिपोर्ट 2020 में शानदार छलांग लगाई और 14 स्थान चढ़कर 190 देशों में 63वें स्थान पर पहुंच गया। पिछले वर्ष भारत का स्थान 77वां था। देश ने 10 में से सात संकेतकों में सुधार किया है और अंतर्राष्ट्रीय श्रेष्ठ मानकों के निकट पहुंच गया है। विश्व बैंक अक्टूबर में जारी रिपोर्ट में भारत को कारोबारी सुगमता में सुधार करने वाले 10 शीर्ष देशों में माना गया है। यह लगातार तीसरा साल है जब देश की रैंकिंग बेहतर हुई है। तीन वर्षों में भारत ने 67 रैंकों का सुधार किया है।

कांग्रेस को बहुमत मिलने के बाद पार्टी में नपा अध्यक्ष को लेकर खींचतान जारी

- कांग्रेस के 4 पार्षदों का नाम आगे

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। नगर पालिका परिषद में कांग्रेस को बहुमत मिलने के बाद पार्टी में नपा अध्यक्ष को लेकर खींचतान, कांग्रेस के 4 पार्षदों का नाम आगे नगर पालिका परिषद बालोद में कांग्रेस को स्पस्ट बहुमत मिलने के बाद पार्टी में नपा अध्यक्ष को लेकर इन दिनों खींचतान चल रही हैं। कांग्रेस के नवनिर्वाचित 4 पार्षद नप अध्यक्ष पद की दावेदारी करने की बाते सामने आ रही है।

चुनाव संपन्न होने के बाद अगला नपा अध्यक्ष कौन होगा, इसको लेकर शहर के चौक चौराहे में चर्चा का विषय बना हुआ है। ज्यादातर लोगों का मानना है कि विकास चोपड़ा ही अगले अध्यक्ष के रूप में होंगे। पिछले 5 वर्ष के कार्यकाल में बालोद की जनता ने पुनः मुहर लगाते हुए 20 वार्डों में से 12 वार्डों में से कांग्रेस को सफ्लता मिली हैं। नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस को स्पस्ट बहुमत मिलने के बाद कांग्रेसी पार्षदों में अध्यक्ष पद को लेकर खींचतान चल रही हैं। वहीं कांग्रेस से दो बार चुनकर आए एक पार्षद ने नपा अध्यक्ष की दावेदार करते हुए कांग्रेसी पार्षदों को अपने पक्ष में करने के लिए बाकायदा मिठाई का डिब्बा देने की बात सामने आ रही हैं।

बता दें कि कांग्रेस के दो वरिष्ठ पार्षद एक साथ कहीं अज्ञात स्थानों में मीटिंग कर आगे की रणनीति पर चर्चा किया गया है। वहीं नपा अध्यक्ष के पद को लेकर कांग्रेसी पार्षद गुपचुप तरीके से अपनी-अपनी दावेदार कर पार्षदों से

समर्थन मांग रहे हैं।

ज्ञात हो कि वर्तमान उपाध्यक्ष व अपने वार्ड 12 को छोडक़र दूसरे वार्ड 11 में पार्षद चुनकर आये पद्मिनी नन्नू साहू सहित वार्ड 6 के निर्वाचित पार्षद नरेंद्र सांखला व वार्ड 18 के निर्वाचित पार्षद अनिल यादव एवं वार्ड 5 के नवनिर्वाचित पार्षद सतीश यादव के नाम सामने आ रहे हैं। विकास चोपड़ा की बात करें तो वर्तमान में ये नपाध्यक्ष हैं, और 5 साल सत्ता चलाने का अनुभव है। विकास चोपड़ा अपने 5 साल के कार्यकाल के दौरान पार्षदों को लेकर समन्यव बनाकर रखना कुशल नेतृत्व को दर्शाता हैं। जिसके दम पर नगर की सरकार चलाई है।

वहीं अनिल यादव चौथी बार पार्षद चुनाव जीत कर आये हैं, जिसके कारण इस वार्ड के अजय योद्धा के नाम से लोग जानने लगे हैं और कांग्रेस के वरिष्ट नेता में गिने जाते हैं और किसी भी गुट से शामिल नहीं हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता की वजह से लगातार इस वार्ड में जीत दर्ज चौका दिया है। जिसके कारण अध्यक्ष पद के लिए उनका नाम प्रमुखता से सामने आ रहा है। वहीं वर्तमान उपाध्यक्ष सरल स्वभाव की पद्मिनी नन्नू साहू जो अपने वार्ड 12 को छोडक़र वार्ड 11 में ऐतिहासिक जीत कर कांग्रेस का परचम लहराया है। जिसके कारण अध्यक्ष पद की उम्मीदवार के रूप में देखी जा रही है। कांग्रेस नेता नरेंद्र सांखला भी अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदारों में देखे जा रहे हैं। नरेंद्र सांखला को नपा अध्यक्ष बनाने के लिए कांग्रेस के बड़े नेता की सहमति होने की जानकारी भी सामने आ रही है।

मई में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को बालोद शहर से भारी सफ्लता मिली थी। सिर्फ 7 महीने के अंतराल के बाद ही नगर पालिका चुनाव में उसे मुंह की खानी पड़ी। पालिका चुनाव में 6 सीट आने के बाद भी भाजपा ने अपना अध्यक्ष बनाने के लिए कोई कसर बाकी नहीं रखी है, भाजपा के 6 , निर्दलीय 2 के अलावा कांग्रेस के 3 पार्षदों पर उसकी नजर है।

दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी अपने पार्षदों को एकजुट रखने में कामयाब मिलती है या नहीं ये चुनाव परिणाम के बाद हो सामने आएगी। जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में ही नगरपालिका अध्यक्ष का चुनाव होना बताया जा रहा है, जिसके लिए कांग्रेस लगातार बैठक करके सभी पार्षदों को एकजुट कर रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी भी पालिका में कब्जा हो जाए ऐसे प्रयास में अंदरूनी तौर पर लगी हुई है।

कांग्रेस ने दीपक दुबे को बनाया पर्यवेक्षक

कांग्रेस ने नगर पालिका चुनाव के लिए दीपक दुबे को पर्यवेक्षक बनाया है।नगर पालिका अध्यक्ष के पद चल रही रस्सा कस्सी के बीच पार्षदों की राय जानने और एक नाम तय करने के लिए कांग्रेस ने दीपक दुबे को पर्यवेक्षक बनाया है। कांग्रेस में चार दावेदार को मनाने में पर्यवेक्षक कहां तक सफ्ल होते है ये आने वाला वक्त ही बताएगा। वहीं विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के पास 6 पार्षद ही इस चुनावी समर में जीत कर आए हैं। इसके अलावा दो निर्दलीय पार्षदों के भाजपा में जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच भाजपा कई गुटों में विभक्त नजर आई, इसका खामियाजा यह हुआ कि 20 वार्डों में कुल मिलाकर 573 वोटों से पिछड़ गई। इस चुनाव में हुए शहरी मतदाताओं में कांग्रेस को 6 257 तथा भारतीय जनता पार्टी को 56 8 4 मत प्राप्त हुए। इस आधार पर कांग्रेस बालोद शहर में 573 वोटों से आगे रही।

मिट्टी की सड़क, उठने लगे सवाल

सड़क निर्माण में कंपनी कर रही मिट्टी का उपयोग, आर के कंट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है सड़क का निर्माण

- 1.80 किलोमीटर प्रधान मंत्री ग्राम सड़क का निर्माण
- अवधि पूर्ण होने के बाद भी अब नहीं बनी सड़कए बनी परेशानी का कारण

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई/पंडरीया। देवपुरा से कोदवा तक आर के कंट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है सड़क का निर्माण देवपुरा से कोदवा तक 1.80 किलोमीटर प्रधान मंत्री ग्राम सड़क का निर्माण आर के कंट्रक्शन कंपनी कर रही है। सड़क के निर्माण में मुरम की जगह मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों को बदहाल सड़क व्यवस्था से जूझना पड़ रहा है। करीब 1.80 किलोमीटर लंबी सड़क खस्ताहाल में है। सड़क का निर्माण कार्य चालू हुये करीब 17 माह हो जाने के बाद भी पूर्ण नहीं हुआ है ।खास बात देखने को यह भी है की कार्य प्रारम्भ की तिथि 20.07.2018 से लेकर कार्य पूर्णता की संभावित तिथि 28.03.2019 थी लेकीन कार्य अब तक पूरा नही हो पाया है ।

सड़क का लगभग पूरे हिस्से की हालत खराब हैए जो बड़े वाहन चालकों के साथ ही दुपहिया वाहनों के लिए किसी बड़ी मुसीबत से कम नहीं है इस सड़क पर बाइक ठीक से चल नहीं पते और बाइक सवार चोटिल हो जाने की संभावना होती हैं। ग्राम पंचायत और ग्रामीण इस सड़क के निर्माण को लेकर कई बार स्थानीय अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैंए लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं हैं।

सड़क 10 फुट चौड़ी बनाई जा रही है। ठेकेदार ने सड़क का कुछ हिस्सा तो बना दिया लेकिन आधा से ज्यादा हिस्सा बाकी है। कुछ हिस्सो पर सीमेंट कांकरेटिंग करना था जो की बन कर तैयार हो चुका है और उसके किनारो पर मुरुम डलना था लेकिन सड़क के दोनों साइडों के किनारे भी कमजोर हैए क्योकि मुरुम की जगह मिट्टी डाला गया है । यह मिट्टी हादसे को बुलावा देती देती है बारिश के दिनो मे मिट्टी गीली होने से फ़िसलन होता है और गाड़ीयो को आने जाने मे भी दिक्कते खड़ी हो सकती है । देखने को यह भी है की यहा कुछ नाबालिक बच्चे भी कार्य मे है।

कोमल ग्रामवासी का कहना है की ये रोड खराब बन रही है कि मुरुम की जगह पर मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है और कही देखा जाए तो इसकी चौड़ाई भी कम है इस पर मुरुम की जगह पर मिट्टी डाला गया और थोड़ा गिट्टी डालकर खुदाई कर मिक्स करने के बाद रोलर चलाया । बताया की यह रोड पूरी तरह से खराब बन रही है ए जिस तरीके से बनना था उस तरीके से नहीं बन पा रहा है । जो बोर्ड लगी हुई थी उसे भी उखाड़ ले गए । यह रोड को अच्छे से बनाए ।

प्रदीप यादव कृषक देवपुरा इनका भी कहना है की यह सड़क पूरी तरह से खराब बन रही है । मिट्टी पर पानी डालकर जुताई कर रोलिंग कर दिया गया है । इस सड़क मे एक हाइवे 10 चक्केद्ध गिट्टी को 1 किलोमीटर मे डाला गया है यानि मिट्टी मे भी घपला । और बोर्ड स्वीकृति वाली बस ही बोर्ड लगी है । इस रोड के लिए अभी बहुत माटेरियल की आवश्यकता है। यह रोड 1ण्5 से 2 किलोमीटर तक लंबी है । यह मिट्टी को उखाड़ फेक कर मुरुम डालने के बाद रोड नया बनाया जाए । यह पूर्ण उप से अवैध है ।

विपिन कुमार आरण् केण् कंट्रक्शन कवर्धा सुपरवाइज़र का कहना है की वह बिहार मे रहता हूँए ये रोड की खुदाई टेराजें मिक्स करने के लिए और गित्तिकों बांड बनाने के लिए खुदाई की है इस गिट्टी मे पहले से मिला हुआ कुछ नहीं आता ए हमारे स्टीमिट मे जो मुरुम है उसे मिक्स करने के लिए खुदाई की गई है । जबकि हमारे साथी वहा पहुँच कर देखे तो इसमे मुरुम नहीं मिट्टी है ।

> मै आफिस मे जकार ही बता पाऊँगा । स्टीमिट की कापी मेरे पास अभी नहीं है ।
>
> **सतीश ताम्रकार,** एसडीओ
>
> मेरे सुपरवाइज़र के पास स्टीमिट की कापी नहीं है । उनको कैसे पता होगा की मिट्टी की जगह मुरुम और मुरुम की जगह मिट्टी डालनी है ।
>
> **सय्यद रशीद अली,** आरके कंट्रक्शन ऑनर

छत्तीसगढ़ी फिल्म ससुराल तीन जनवरी से प्रदेश के सिनेमाघरों में

बालोद। मनोकामना फिल्म्स शिवरीनारायण की पेशकश निर्माता सागर केसरवानी एवं मदन कहरा का प्रस्तुति प्रभास द्वारा निर्देशित फिल्म छत्तीसगढ़ी फिल्म ससुराल नये साल में 3 जनवरी से प्रदर्शित होगी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान फिल्म के निर्माता सागर एवं मदन ससराल को लेकर कहा कि यह फिल्म पारिवारिक ताने.बाने रीति रिवाजों से परिपूर्ण इसमें रिश्तो की आपसी प्यार तकरार व सामंजस्य और हल्की फुल्की नोकझोंक के साथ एक्शन कॉमेडी इमोशन दर्शकों को देखने मिलेगी करण खान एवं सोनाली सहारे व टीकम सिंह प्रगति राव अभिनीत फिल्म 3 जनवरी से शिवा बालीवुड बलोदाबाजार एवं बालाजी कसडोल, दुर्ग के शेरा- शेरा मूवी विनय टॉकीज बालोद सहित प्रदेश के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है इस फिल्म के गाने व्हाट ट्रेलर यूट्यूब में काफी चर्चित हो रहे हैं खासकर युवाओं में जबरदस्त क्रेज गाने को लेकर टिक टॉक के माध्यम से भिन्न भिन्न प्रकार से अपने वीडियो के माध्यम से प्रचार प्रसार कर रहे निर्माताओं ने इस फिल्म को लेकर टिक टॉक प्रतियोगिता का आयोजन किया था जिसका बहुत अच्छा रिस्पांस मिल रहा है तो सिंगर एवं संगीतकार सुनील सोनी ने सभी गाने बेहद कर्णप्रिय बनाएं जो सभी वर्गों के द्वारा पसंद किए जा रहे हैं फिल्म में पुष्पेंद्र सिंह का हमेशा की तरह इस बार भी बेहतरीन किरदार में है इनके बेटे के रूप में युवा विलन के रूप में अजय पटेल नजर आयेंगी। भिलाई के वरिष्ठ अदाकार प्रदीप शर्मा ललित उपाध्याय उपासना वैष्णव कलाकार अपनी बेहतरीन अदाकारी से इस फिल्म में एक मिसाल कायम करेंगे संतोष निषाद मोहन चौहान दर्शकों को हंसा हंसा कर लोटपोट करें पहली बार मनीषा वर्मा की बेहतरीन कॉमेडी देखने को मिलेगी फिल्म गायत्री निषाद संगीता निषाद पूजा साह सोनिया दास वंदना खन्ना अमित दुवे लता राही श्याम पटेल बद्री सिंह अनिल टॉंडिया गंगा प्रसाद साह की अहम भूमिका होगी कैमरामैन लक्ष्मण यादव हैं और एडिटिंग दरश विश्वकर्मा ने की पोस्ट प्रोडक्शन कामना फिल्म्स ने किया।

हैंडपंप की रिपेयरिंग को लेकर शिकायत

पिथौरा (पथरला)। नल जल योजना पर सरकार द्वारा पंचायतों को लाखों रुपए खर्च करने के लिए दिया जा रहा है वहीं कुछ पंचायत द्वारा संचालित पानी की सुविधाओं का संरक्षण नहीं किये की स्थिति में दिक्कतों का सामना करने को मजबूर हैं गांव के ग्रामीण । मामला ग्राम पंचायत पथरला के आश्रित ग्राम तिलकपुर के वार्ड क्रमांक- 8,9 के बोरिंग हैंडपंप पिछ्ले सात माह से खराब होने के कारण वहाँ के निवासी परेशान हैं ग्रामीणों ने सरपंच से गुहार लगाई पर सरपंच द्वारा भी सुनवाई नहीं की गई और रिपेयरिंग खर्च को सरपंच द्वारा जनपद पंचायत पिथौरा में आवेदन करने की सलाह देते हुए पल्ला झाड़ना समझ से परे है। ग्राम निवासी अपनी समस्या को लेकर महासमुंद माननीय कलेक्टर से दिनांक 19-12-2019 को की किन्तु समस्या का समाधान नहीं किया गया है जिसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों मे नितेन्द्र चौहान, टीकाराम कोसरिया, खेमराज रात्रे,नरेश कोसरिया, हेमंत कोसरिया,नंदलाल रात्रे, कन्हैया रात्रे,नकुल रात्रे, बिहारी लाल रात्रे व अन्य ग्रामीणों मे रोष व्याप्त है।

आपातकालीन सेवाओं का बुरा हाल खराब पड़ी है महतारी एक्सप्रेस

बालोद में 102 महतारी एक्सप्रेस की सेवा बदहाल है. हालात ये हो गए हैं कि, गर्भवती महिलाओं को महतारी एक्सप्रेस के इंतजार में घंटों तड़पना पड़ रहा है. कई बार सूचना के बाद भी घंटों एंबुलेंस नहीं पहुंच रही है. जिसके कारण महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

बालोद। 102 महतारी एक्सप्रेस जिसपर छत्तीसगढ़ सरकार कभी दंभ भरा करती थी, आज इस योजना का दम निकल गया है. खराब वाहनों के कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. इन दिनों आपातकालीन सेवाओं का हाल बेहाल है. जिले में ज्यादातर महतारी एक्सप्रेस गराज में खड़ी दिख रही है

घटों इंतजार कर रही महिलाएः बालोद जिले में आपातकालीन सेवाओं के लिए संचालित 102 और 108 का हाल बेहाल है. गर्भवती महिलाओं ने बताया कि, आये दिन उन्हें अस्पताल आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. वहीं ऑपरेशन के बाद अस्पताल में बैठी एक महिला ने बताया कि वो वे सुबह से एंबुलेंस की इंतजार में अस्पताल में बैठी है, लेकिन शाम तक गाड़ियां नहीं पहुंची है

रायपुर से मिलेगी जानकारी

आपातकालीन सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों से जब इस संबंध में बात की गई तो, उन्होंने नौकरी चले जाने के डर से कैमरे के सामने आने से मना कर दिया. उनका कहना है कि सरकार और प्रशासन इस संबंध में किसी तरह का ध्यान नहीं देती. यहां का स्वास्थ्य विभाग केवल उन्हें त्वरित निराकरण करने की बात कहती है, लेकिन मेंटेनेंस के संदर्भ में वह भी किसी तरह का कोई ध्यान नहीं देते. उन्होंने बताया कि वाहन के संदर्भ में जिले में कोई भी आधिकारिक व्यक्ति नहीं है. इसके लिए सीधे रायपुर को जानकारी देनी पड़ती है।

बाल श्रम, पलायन, भिक्षावृत्ति रोकथाम के लिए जागरुकता अभियान

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। एकीकृत बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस, चाईल्ड लाईन 1098 के सयुक्त दल द्वारा जिलें में बाल श्रम भिक्षावृत्ति पलायन के प्रभावी रोकथाम,देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालको को मुख्यधारा से जोड़ने जिले के गुड़ फैक्ट्रियों, होटल ढाबों, ठेलों, बस स्टैण्ड एवं शहर विभिन्न वार्डो एवं गांवो में जाकर बाल श्रम बाल भिक्षावृत्ति, पलायन नशा वृत्ति एवं बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम हानियों के बारे में लोगों को बताकर जागरूकता कार्यक्रम, पाम्प्लेट वितरण कर प्रचार-प्रसार के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। दल द्वारा बोडला कवर्धा एवं पोड़ी क्षेत्र अंतर्गत हरिन छपरा खड़ैदाखुर्द मानिकपुर सांरगपुर के गुड़ फैक्ट्रियों और शहर के बस स्टैण्ड होटल ठेले में जाकर बाल श्रम निषेध और विनियमन, किशोर न्याय (बालको के देखेरख एवं संरक्षण) अधिनियम, लैगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों, बाल अधिकार एवं चाईल्ड हेल्प लाईन टोल फ्री नम्बर 1098 की जानकारी दिया गया। होटल, ढाबो, गुड फैक्ट्रियो के संचालको को जानकारी दिया गया कि बाल श्रम अधिनियम के उल्लंघन करने पर नियोक्ता को 2 साल तक की कैद तथा 20-50 हजार रुपये जुर्माना हो सकता है।

आयोजन | **सॉफ्टबॉल बॉयज और गर्ल्स दोनों प्रतियोगितों में सीबीएसई टीम ने किया मैदान फतह**

नेशनल स्कूल गेम्स 2019 का समापन समारोह रहा रंगारंग

कवर्धा। 26 दिसम्बर से प्रारंभ हुए नेशनल स्कूल गेम्स 2019 का समापन समारोह अभ्युदय स्कूल परिसर में माननीय अभिषेक सिंह जी, श्रेया सिंह जी, सपन चोपड़ा जी, शाकिर अली जी, एस आर कर्ष जी, विजय गौड़ जी, मृत्युंजय मिश्रा, हाफिज कुरैशी जी व प्राचार्या श्रीमती व्ही शोभा जी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अभिषेक सिंह ने समापन कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में खेल के प्रति बच्चों के लगाव और समर्पण की प्रशंसा करते हुए विजेता टीम को बधाई दी और कार्यक्रम के सफल आयोजन में पुलिस विभाग, स्वास्थ विभाग, नगर पालिका व मीडिया के अहम योगदान के लिए सभी को ह्रदय से धन्यवाद् दिया. शाकिर अली जी ने कार्यक्रम को सफ्लतापूर्वक नियोजित करने के लिए शाला प्रबंधन की काफी प्रशंसा की. सॉफ्टबॉल नेशनल टूर्नामेंट अंडर14 जो सीबीएसई वेलफेयर स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा आयोजित किया गया था. जिसमें आंध्रप्रदेश, चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना आदि राज्यों की 14 टीमों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. चार दिवसीय खेल स्पर्धा में बॉयज और गर्ल्स दोनों प्रतियोगिताओं में सीबीएसई टीम ने अपना परचम लहराया. बॉयज सॉफ्टबॉल में दिल्ली द्वितीय और छत्तीसगढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं गर्ल्स सॉफ्टबॉल में छत्तीसगढ़ ने द्वितीय और महाराष्ट्र ने तृतीय स्थान पर रहे।

525 बोरी धान जप्त

बसना। रायपुर आईजी आनंद छाबड़ा, पुलिस अधीक्षक महासमुंद जितेंद्र शुक्ला, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सरायपाली राजीव शर्मा, तहसीलदार ललिता भगत,खाद्य विभाग के अधिकारी एवं बसना थाना प्रभारी वीणा यादव के मार्गदर्शन पर बसना थाना अंतर्गत ग्राम पोटापारा में बृजलाल साव पिता पेतराम साव के घर से आज बिना टोकन कटे अवैध रूप से रखे 525 बोरी धान को रायपुर आईजी आनंद छाबड़ा, एसपी जितेंद्र शुक्ला, एसडीओपी राजीव शर्मा,बसना थाना प्रभारी वीणा यादव के दल के द्वारा जब्त कर कृषि उपज मंडी बसना को अग्रिम कार्रवाई हेतु निर्देशित किए।

न्यूज गैलरी

ईरान एफए प्रमुख ने बीमारी के कारण दिया इस्तीफा

तेहरान (वार्ता)। ईरान फुटबाल महासंघ के प्रमुख मेहदी ताज ने स्वास्थ्य समस्याओं का हवाला देते हुये तुरंत प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट के अनुसार ताज को गत सप्ताह ही अस्पताल में भर्ती कराया गया था और डॉक्टरों ने उन्हें अपने पद से इस्तीफे की सलाह दी थी। ताज पिछले दो वर्षों से काम के दबाव के कारण तनाव की बीमारी से जूझ रहे थे और इसके चलते उन्हें दिल की बीमारी भी हो गयी है। ईरान फुटबाल संघ के प्रवक्ता आमिर मेहदी अलवी ने कहा,÷ ताज के इस्तीफे के बाद उनके कामकाज को नियमानुसार उपाध्यक्ष देखेंगे। ताज को मई 2016 में ईरान फुटबाल संघ का प्रमुख चुना गया था, वह इस पद पर अली कफाशियन की जगह चुने गये थे जिन्होंने आठ वर्ष के बाद यह पद छोड़ा था।

निशिकोरी आस्ट्रेलियन ओपन से हटे

टोक्यो (वार्ता)। जापान के केई निशिकोरी ने कोहनी की चोट के कारण वर्ष के पहले ग्रैंड स्लेम आस्ट्रेलियन ओपन और पहली बार होने जा रहे एटीपी कप टेनिस टूर्नामेंटों से सोमवार को हटने की घोषणा कर दी। निशिकोरी चोट के कारण यूएस ओपन के बाद से ही टेनिस से बाहर हैं। पूर्व नंबर चार खिलाड़ी इस कारण से 13वें नंबर पर खिसक गये हैं। उन्होंने वर्ष 2020 के पहले ग्रैंड स्लेम में हिस्सा नहीं ले पाने पर दुख जताते हुये कहा,÷ दुर्भाग्य से मुझे आस्ट्रेलियन ओपन और एटीपी कप टूर्नामेंटों से हटना पड़ा है। मैंने अपनी टीम के साथ मिलकर यह फैसला किया है। मैं अभी 100 फीसदी ठीक नहीं हूं और शीर्ष स्तर पर खेलने के लिये मुझे पूरी तरह फिट होने की जरूरत है। जापान के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी ने कहा,÷ आस्ट्रेलिया मेरी पसंदीदा जगह है और वहां नहीं खेल पाने का मुझे बहुत अफसोस है।

भारतीय खिलाड़ी पर लगा 2 साल का बैन

नई दिल्ली। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ की रविवार को वार्षिक आम सभा में कई फैसले लिए गए। इसी दौरान भारतीय टीम को एक वर्ल्ड कप जिताने वाले खिलाड़ी मनजोत कालरा को दो साल के लिए बैन करने का फैसला भी लिया गया। इसी के साथ-साथ कोलकाता नाइट राइडर्स के 2 खिलाड़ियों पर अभी भी तलवार लटकी हुई है। साल 2018 में भारतीय टीम को अंडर-19 वर्ल्ड कप खिताब दिलाने वाले मनजोत कालरा को उम्र की धोखाधड़ी के चलते दो साल के लिए एज ग्रुट टूर्नामेंट्स से बाहर कर दिया है। अंडर 19 वर्ल्ड कप 2018 के फाइनल में शतक जड़कर भारतीय टीम को जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले और मैन ऑफद मैच हासिल करने वाले मनजोत कालरा को DDCA ने उम्र धोखाधड़ी का दोषी पाया है।

आईसीसी बदलने जा रही 142 साल की परंपरा

अब चार दिनों का हो सकता है टेस्ट मैच

पिछले कुछ साल में टेस्ट क्रिकेट में नतीजों का प्रतिशत बढ़ा है. कई मैच 5 दिन से पहले ही खत्म हुए हैं. ऐसे में अब आईसीसी टेस्ट को और रोमांचक बनाने के लिए बड़े कदम उठा सकती है।

नई दिल्ली (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) वैश्विक क्रिकेट कैलेंडर के व्यस्त कार्यक्रम को कुछ सहज बनाने के इरादे से अब टेस्ट मैच के दिनों को घटाकर पांच के बजाय चार दिन करने पर विचार कर रहा है, जो संभवतः वर्ष 2023 से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा बन सकता है। आईसीसी की क्रिकेट समिति वर्ष 2020 में इस मुद्दे पर विचार कर सकती है, और सदस्य क्रिकेट बोर्डों से विचार-विमर्श करने के बाद इस बड़े बदलाव को अमल में लाया जा सकता है। हालांकि विश्व क्रिकेट के इस बदलाव के खिलाफ खड़े होने की उम्मीद है जो क्रिकेट के सबसे पुराने और महत्वपूर्ण प्रारूप में इतने बड़े बदलाव को मंजूरी नहीं देना चाहेगा। यह भी अहम है कि प्रथम श्रेणी क्रिकेट में चार दिनों के मैच और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेले जाने वाले आधिकारिक टेस्ट प्रारूप में पांच दिनों का मैच ही सबसे बड़ा अंतर भी है, जो नये बदलाव से खत्म हो जाएगा। आईसीसी से लगातार अपने टूर्नामेंटों के विंडो को बढ़ाये जाने की मांग उठ रही है। लगातार घरेलू ट्वंटी 20 क्रिकेट लीगों की बढ़ती संख्या, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अपने निजी द्विपक्षीय कैलेंडर को जगह देने तथा टेस्ट सीरीज़ आयोजित करने की कीमत, हालांकि कुछ ऐसे बिंदू हैं जिन्हें ध्यान में रखते हुये टेस्ट में इस बदलाव की मांग भी उठ रही है, जो 2023 से 2031 के कैलेंडर में समय और पैसे के खर्च को कम कर सकता है। आईसीसी की दलील है कि पांच के बजाय चार दिनों के अनिवार्य टेस्ट मैच की स्थिति में 2015 से 2023 के मौजूदा चक्र में करीब 335 दिनों की बचत होगी, जिससे समय की बचत होगी और गुरूवार से रविवार के समयावधि में मैच कराये जा सकेंगे।

चार दिन कराने के साथ टेस्ट सीरीज़ की संख्या भी बढ़ाई जा सकेगी और इससे प्रसारणकर्ताओं और मेज़बान बोर्डों के राजस्व में बढ़ोतरी होगी क्योंकि उन्हें फिर पांच दिनों तक मैच आयोजित करने का खर्च वहन नहीं करना होगा। हाल में भारत और आस्ट्रेलिया के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज़ आयोजित की गयी थी जो 20 दिनों तक खेली गयी थी जबकि यदि मैच चार दिन का होगा तो इसमें पांच मैचों की सीरीज़ करायी जा सकेगी।

आईसीसी की नयी योजना के अनुसार मैच के चार दिनों तक कराने की स्थिति में एक दिन में 90 के बजाय न्यूनतम 98 ओवर खेले जा सकेंगे, जिससे निर्धारित चार दिनों में 58 निर्धारित ओवर ही कम खेले जाएंगे। यह भी देखा गया है कि अधिकतर टेस्ट मुकाबले चार दिन में ही समाप्त हो जाते हैं, वर्ष 2018 में भी 60 फीसदी मैच चार या उससे कम दिन में ही संपन्न हो गये थे।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी केविन रॉबर्ट्स ने कहा,÷ चार दिनों के टेस्ट को लेकर हमें गंभीरता से विचार

पेसर भुवनेश्वर अपनी 'बीमारी' से हैरान

बोले- पहले क्यों नहीं पता चला

नई दिल्ली। तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को अभी नहीं पता कि वह कब प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे. फिलहाल यह तय नहीं किया जा सकता है कि उनकी स्पोर्ट्स हर्निया के उपचार के लिए सर्जरी की जरूरत है या नहीं. यह अनुभवी तेज गेंदबाज कथित तौर पर अपने रिहैबिलिटेशन में खामी के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) को जिम्मेदार नहीं ठहराना चाहता. वह हालांकि हैरान हैं कि उनके हर्निया का पता पहले क्यों नहीं चला. भुवनेश्वर ने कहा, 'टी-20 वर्ल्ड कप में अब भी 9 महीने का समय है. मैं इस बारे में नहीं सोच रहा. सबसे पहले मुझे फिट होना है और मुझे नहीं पता कि मैं कब फिट हो पाऊंगा।

10 खिलाड़ियों के साथ मुंबई ने खोला खाता

मुंबई (वार्ता)। दूसरे हाफ में सार्थक गोलुई को दूसरी बार पीला कार्ड दिए जाने के बाद 10 खिलाड़ियों से खेल रही मुंबई सिटी एफसी ने हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सीजन में अपने घर मुंबई फुटबाल एरेना में हैदराबाद एफसी को 2-1 से हरा घर में अपनी पहली जीत दर्ज की। मुंबई के लिए दोनों गोल मोदू सोगू ने किए। इस जीत ने मुंबई को चौथे स्थान पर पहुंचा दिया है। उसके अब 10 मैचों में 16 अंक हो गए हैं। मैच के छठवें मिनट में ही उसने गोल किया और उसे 1-0 की बढ़त मिल गयी। शुरुआत शुभाशीष बोस के पास से हुई जिससे गेंद कार्लोस डिएगो के पास चली गई। मौका देखते ही उन्होंने सोगू को गेंद दे दी।

पोंटिंग ने चुनी दशक की टीम, कोहली कप्तान, धोनी बाहर

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारत के कप्तान विराट कोहली को दशक की अपनी ऑल-स्टार टेस्ट टीम का कप्तान चुना है, जिसमें चार अंग्रेज खिलाड़ी हैं.

नई दिल्ली। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारत के कप्तान विराट कोहली को दशक की अपनी ऑल-स्टार टेस्ट टीम का कप्तान चुना है, जिसमें चार अंग्रेज खिलाड़ी हैं. इससे पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2010 से 2019 तक की बेस्ट टेस्ट प्लेइंग इलेवन का चुनाव किया था, जिसकी कप्तानी विराट कोहली को ही सौंपी गई थी. पोंटिंग की दशक (2010 से 2019) की टेस्ट टीम में विराट कोहली के अलावा कोई अन्य भारतीय नहीं है. 31 साल के विराट आईसीसी रैंकिंग में नंबर-1 टेस्ट और वनडे बल्लेबाज हैं. पोंटिंग ने महेंद्र सिंह धोनी को दशक की अपनी प्लेइंग इलेवन में स्थान नहीं दिया है. उन्होंने श्रीलंकाई दिग्गज कुमार संगकारा को कीपिंग ग्लव्स सौंपे हैं. पोंटिंग की टीम में इंग्लैंड के चार खिलाड़ी हैं, जिनमें ऑलराउंडर बेन स्टोक्स, बल्लेबाज एलिस्टेयर कुक और स्टुअर्ट ब्रॉड तथा जेम्स एंडरसन की पेस जोड़ी शामिल है. ऑस्ट्रेलिया से उन्होंने स्टीव स्मिथ और डेविड वॉर्नर के अलावा स्पिनर नाथन लियोन को चुना है. 45 साल के पोंटिंग ने ट्वीट कर लिखा, 'सभी ने दशक की टीमें चुनी हैं, इसलिए मैंने सोचा कि मैं भी इस 'मजे' में शामिल जाऊं. यह मेरी 2010 के दशक की टेस्ट टीम होगी- डेविड वॉर्नर, एलेस्टेयर कुक, केन विलियमसन, स्टीव स्मिथ, विराट कोहली (कप्तान), कुमार संगकारा (विकेटकीपर), बेन स्टोक्स, डेल स्टेन, नाथन लियोन, स्टुअर्ट ब्रॉड, जेम्स एंडरसन.' विराट कोहली पहले ही 70 अंतरराष्ट्रीय शतक लगा चुके हैं और वह केवल पोंटिंग (71) और सचिन तेंदुलकर (100) से पीछे हैं. दिल्ली के कोहली सभी प्रारूपों में 50 से अधिक की औसत रखते हैं. टीम इंडिया के कप्तान कोहली ने वर्ष 2019 का समापना सर्वाधिक रन (2455) बनाने वाले बल्लेबाज के तौर पर किया है।

क्वालिफायर के लिये 8 मुक्केबाज़ों की घोषणा

नई दिल्ली (वार्ता)। ओलंपिक क्वालिफायर के लिये सोमवार को पूर्व विश्व चैंपियनशिप के कांस्य विजेता विकास कृष्णन(69 किग्रा) और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता गौरव सोलंकी (57 किग्रा) सहित आठ पुरूष मुक्केबाज़ों के नामों की घोषणा कर दी गयी। बेलारी के इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट में सोमवार को पहले ओलंपिक क्वालिफाइंग टूर्नामेंट के लिये आठ मुक्केबाज़ों के नामों की घोषणा की गयी। जिन मुक्केबाजों ने पिछले दो दिन में ट्रायल जीते हैं उनमें 75 किग्रा वर्ग में आशीष कुमार, 81 किग्रा वर्ग में सचिन कुमार, 91 किग्रा वर्ग में नमन तंवर और 91+ किग्रा वर्ग में सतीश कुमार शामिल हैं। सोलंकी ने थाईलैंड ओपन के रजत विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन के खिलाफ फाइनल में अपने आक्रामक प्रदर्शन की बदौलत क्वालिफायर का टिकट कटाया।

बेटी को आरती करता देख आफरीदी ने तोड़ी टीवी

नई दिल्ली। पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर के टीम में गैर मुस्लिम (हिंदू) खिलाड़ियों के साथ भेदभाव वाले बयान ने पूरे पाकिस्तान में खलबली मचा दी है. शोएब अख्तर ने टीवी कार्यक्रम में बताया था कि हिंदू खिलाड़ी दानिश कनेरिया के साथ टीम के दूसरे खिलाड़ी खाना-खाने से भी कतराते थे. ऐसे में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के ही ऑलराउंडर खिलाड़ी शाहिद आफरीदी का अब एक पुराना इंटरव्यू वायरल हो रहा है, जिसमें साफ तौर पर दिख रहा है कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को हिंदू धर्म और रीति-रिवाजों से कितनी नफरत है. एक पुराने इंटरव्यू में शाहिद आफरीदी ने बताया कि जब उन्होंने घर में अपनी बेटी को आरती करते हुए देख लिया था तो गुस्से में आकर उन्होंने टीवी ही तोड़ दिया था. इंटरव्यू के दौरान आफरीदी हिंदू रीती-रिवाजों का मजाक बनाते हुए भी नजर आ रहे हैं. पाकिस्तानी टीवी चैनल की होस्ट निदा के साथ इंटरव्यू में आफरीदी ने हिंदुओं की आरती का मजाक बनाया. आफरीदी इंटरव्यू में बताते हैं कि उन्होंने अपने घर में बेगम (पत्नी) की वजह से टीवी तोड़ा था क्योंकि वो भारतीय टीवी चैनल स्टार प्लस पर आने वाले शो देखा करती थी. इस दौरान बच्चे भी देखते थे. एक दिन उसकी बेटी टीवी सीरियल देखकर ही अपने हाथ में थाली लेकर (हाथ घुमाते हुए) आरती करते हुए नजर आई जिससे उन्हें इतना गुस्सा आया कि उन्होंने दीवार पर लगी टीवी ही तोड़ दी।

डीडीसीए की बैठक में जमकर हाथापाई

गांगुली से बोले गौतम गंभीर- फौरन करें भंग

नई दिल्ली। दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन की सालाना बैठक में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई. पूर्व क्रिकेटर और बीजेपी सांसद गौतम गंभीर ने बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली से मांग की है कि इस मामले पर संज्ञान लें और डीडीसीए को तत्काल भंग कर दें. दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन की सालाना बैठक में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई. इस बैठक में एक पक्ष रिटायर्ड जस्टिस बदर दुरेज़ अहमद को हटाने की मांग कर रहा था. इस झड़प में भारतीय जनता पार्टी(बीजेपी) विधायक ओपी शर्मा को भी चोट लगी है. पूर्व क्रिकेटर और बीजेपी सांसद गौतम गंभीर ने बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली को ट्वीट करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है. गौतम गंभीर ने कहा कि डीडीसीए के पदाधिकारी हद से बाहर चले गए हैं. डीडीसीए ने शर्मनाक काम किया है. गौतम गंभीर ने मांग की है कि डीडीसीए को तत्काल भंग किया जाए, साथ ही इसमें शामिल दोषियों पर ही आजीवन प्रतिबंध लगा दिया जाए. अभी तक सौरव गांगुली की इस घटना पर कोई

प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है. मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि आगे की पंक्ति में बैठे कुछ लोग सामने आते हैं और आपस में उलझ जाते हैं. लोग एक-दूसरे पर बुरी तरह झपटते हैं और धक्का-मुक्की करते हैं. दोनों गुटों में कौन लोग शामिल थे, इसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है. थोड़ी देर में ही यह मामला शांत हो गया लेकिन शुरुआत में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जमकर घूंसे बरसाए।

2019 में 274 दिन नंबर-1 रहे विराट

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय कप्तान और बल्लेबाजी की रन मशीन विराट कोहली ने साल 2019 का समापन नंबर एक रैंकिंग के साथ किया और इस साल के दौरान वह कुल 274 दिन शीर्ष स्थान पर विराजमान रहे। आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड तथा दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच बॉक्सिंग डे टेस्टों की समाप्ति के बाद सोमवार को जारी साल की आखिरी टेस्ट रैंकिंग में विराट नंबर एक स्थान पर और आस्ट्रेलिया के स्टीवन स्मिथ नंबर-दो स्थान पर रहे। विराट के 928 और स्मिथ के 911 अंक रहे। विराट साल में कुल 274 दिन नंबर एक रहे जबकि स्मिथ ने इस साल कुल 91 दिनों तक नंबर एक की कुर्सी संभाली।

पाकिस्तानी टीम में बुकियों का होता है स्वागत: दानिश कनेरिया

पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने खुलासा किया है कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम में मैच फिक्सिंग करने वाले खिलाड़ियों को भी खुले दिल से स्वागत किया जाता है।

लाहौर (वार्ता)। पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के एकमात्र हिंदू खिलाड़ी दानिश का करियर अचानक राष्ट्रीय टीम में खत्म हो गया था। हाल ही में शोएब अख्तर के दानिश के साथ पाकिस्तानी टीम में भेदभाव किये जाने के सार्वजनिक बयान के बाद से फिर पूर्व क्रिकेटर दानिश सुर्खियों में आ गये हैं जो पिछले कई वर्षों से टीम का हिस्सा नहीं है। दानिश ने अपने यू-ट्यूब चैनल पर पाकिस्तानी टीम प्रबंधन, खिलाड़ियों पर कई आरोप लगाये और साथ ही जावेद मियांदाद की भी आलोचना की जिन्होंने दानिश पर आरोप लगाये थे कि वह पैसे के लिये कुछ भी कर सकते हैं। पूर्व क्रिकेटर दानिश ने अपने चैनल पर कहा कि खुद शोएब अख्तर पर उनके साथ भेदभाव की बात कबूल की। लेग स्पिनर दानिश ने कहा कि पाकिस्तान के टीम साथियों ने उनके साथ काफी बुरा बर्ताव किया और कई टीवी चैनलों ने उनकी सेवाओं के लिये भुगतान भी नहीं किया। उन्होंने कहा कि वह करीब एक दशक से बेरोज़गार हैं जबकि उन्होंने अपनी ओर से पाकिस्तान क्रिकेट के लिये 100 फीसदी प्रदर्शन किया।

लीज का मामला | उद्धव ठाकरे सरकार ले सकती है बड़ा फैसला, उद्धव ठाकरे से मिले थे सुनील गावस्कर

छिन सकती है सुनील गावस्कर की जमीन

टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर को बड़ा झटका लगने वाला है. महाराष्ट्र आवासीय व क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण ने बांद्रा में 21,348 स्क्वायर फुट के प्लॉट की लीज वापस लेने की तैयारी कर ली है. सुनील गावस्कर क्रिकेट फाउंडेशन ट्रस्ट को ये प्लॉट 31 साल पहले इंडोर क्रिकेट एकेडमी बनाने के लिए आवंटित किया गया था।

नई दिल्ली। महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी के उपाध्यक्ष और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर मिलिंद म्हासकर ने बताया कि अथॉरिटी ने इस आवंटन को रद्द करने के लिए सरकार का दरवाजा खटखटाया है। बता दें कि 24 दिसंबर को ही सुनील गावस्कर ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से उनके घर मातोश्री पर मुलाकात की थी. इस मुलाकात में किस मुद्दे पर बात की गई, ये अभी तक साफ नहीं हुआ है, लेकिन मुंबई क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष आशीष शेलार ने इस बैठक का हवाला देते हुए 27 दिसंबर को उद्धव ठाकरे को लिखे पत्र में महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी की कार्रवाई को न्यायसंगत बताया था. शेलार ने पत्र में लिखा, 'मैं आपको जमीन के आवंटन और सुनील गावस्कर की हाल में आपसे हुई मुलाकात के बारे में पत्र लिख रहा हूं. जमीन का आवंटन किए जाने के बाद से सुनील गावस्कर ने कई बार नियम व शर्तों में छूट की मांग की, जिसे समय-समय पर मंजूर भी किया जाता रहा. लेकिन, अभी तक लीज के एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं और न ही अतिक्रमण को रोकने के लिए जमीन पर किसी तरह का सुरक्षा उपाय किया गया है।

31 साल पहले आवंटित हुई थी जमीन

मिलिंद के अनुसार, 'एकेडमी के लिए जमीन का आवंटन 31 साल पहले किया गया था, लेकिन निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो सका है. हमने इसे वापस लेने के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा है.' आधिकारिक रिकॉर्ड्स के अनुसार, महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी ने बांद्रा में रंगशारदा ऑडिटोरियम के पास क्रिकेट एकेडमी बनाने के लिए सुनील गावस्कर क्रिकेट फाउंडेशन ट्रस्ट को जमीन लीज पर दी थी. आवंटन को लेकर नियम व शर्तें साल 1999, 2002 और 2007 में संधोशित की गईं, लेकिन फाउंडेशन ने किसी भी तरह का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं किया है।

60 साल की लीज पर थी जमीन

शर्तों के अनुसार, सुनील गावस्कर क्रिकेट फाउंडेशन ट्रस्ट को जमीन का आवंटन मिलने के तीन महीनों के अंदर काम शुरू करना था और तीन साल में खत्म करना था. कई बार समयसीमा बढ़ाने के बाद भी ट्रस्ट ऐसा करने में नाकाम रहा. एग्रीमेंट की शर्तों के अनुसार, सरकार ने जमीन 60 साल की लीज पर दी थी. इस पर ट्रस्ट को गैर लाभकारी आधार पर एकेडमी चलानी थी. इसमें इंडोर क्रिकेट एकेडमी के अलावा हेल्थ क्लब, फिटनेस सेंटर, जिम्नेजियम, स्वीमिंग पूल, स्क्वॉश कोर्ट और रेजीडेंशियल कॉम्पलेक्स भी बनाए जाने थे।

भारत दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम में बड़ा बदलाव

मेलबर्न। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अगले साल वनडे सीरीज खेली जानी है। जनवरी में भारत दौरे पर आने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम में एक बदलाव किया गया है। तेज गेंदबाज शीन एबॉट चोटिल होने की वजह से सीरीज से बाहर हो गए हैं, उनकी जगह आतिशी बल्लेबाज डार्सी शॉट को टीम में शामिल किया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को अगले साल जनवरी में भारत दौरे पर आने वाली टीम में डार्सी शॉट को शामिल किया है। उन्हें तेज गेंदबाज शीन एबॉट की जगह टीम में जगह दी गई है। एबॉट को साइड स्टेन हुई है जिसकी वह से वह अगले चार हफ्ते तक मैदान पर नहीं उतर पाएंगे। बिग बैश में मैच के दौरान एबॉट को चोट लगी थी जिसके बाद उनके भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर होन की घोषणा की गई। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 14 से 19 जनवरी के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जानी है।

www.cricket.com.au से चयनकर्ता ट्रेवर हॉन्स ने बात करते हुए कहा, ÷यह शीन के लिए बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है जो हमारे लिमिटेड ओवर फॉर्मेट की टीम का हिस्सा हैं।

■ न्यूज गैलरी

श्रीराम कथा अनुष्ठान 3 जनवरी से

रायपुर (नवप्रदेश)। युगतुलसी महाराज श्रीरामकिंकर की उत्तराधिकारी दीदी मां मंदाकिनी की रामकथा अनुष्ठान 3 से 9 जनवरी 2020 तक गुरू तेगबहादुर हाल, राजभवन के समीप हर साल की भांति आयोजित है। कथा अवधि के दौरान यहां स्काई विलास, फ्लैट नंबर 601, कमल विहार सेक्टर-8 उनका निवास स्थान होगा। यहां सुबह 10 से 11.30 बजे तक दैनिक प्रार्थना,भजन व आरती दर्शन होंगे। कथा स्थल पर रोजाना शाम 5 से 6 बजे भक्ति सत्संग तथा 5.30 से 8 बजे तक कथा होगी। श्रीरामकिंकर आध्यात्मिक मिशन परिवार के नर्मदा प्रसाद मिश्र ने बताया कि दीदी मां मंदाकिनी पिछले कई वर्षों से निरंतर श्रीरामकथा अनुष्ठान के लिए अलग-अलग प्रसंगों को लेकर रायपुर आ रही हैं। रामचरित मानस के प्रसंग को काफी सरल व सहज ढंग से श्रद्धालुओं के लिए वे परिभाषित करती हैं।

रेलवे ने अर्जित किया दो लाख रू. का राजस्व

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा समय-समय पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । जिससे यात्रियों को टिकट लेने के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है, साथ ही यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है कि वे उचित टिकट लेकर सही कोच में बैठे एवं अपनी सुखद यात्रा करें। टिकट चेकिंग अभियान में दिनांक 29 दिसम्बर, 2019 को चलाया गया जिसमें बिना टिकट यात्रा करने वाले लगभग 146 मामलों से 1,00,200 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ, वही अनियमित टिकट के 154 मामलों से 67,515 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ, अन बुकड़ लगेज के 240 मामलों से 24,550 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ, कुल 540 मामलों से रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा 1,92,265 रू. का राजस्व प्राप्त किया गया, इस टिकट चेकिंग अभियान में 28 टीटीई, 02 मुख्य वाणिज्य निरीक्षक 01 रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा के द्वारा 06 लोकल एवं लगभग 25 एक्सप्रेस ट्रेनों में जांच की गई ।

नगरीय निकाय के पर्यवेक्षकों की सूची में तीन संशोधन

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देशानुसार नगरीय निकाय चुनाव 2019 नियुक्ति पर्यवेक्षको की सूची में संशोधन किया है। जगदलपुर नगर पालिक निगम में कवासी लखमा के स्थान पर ताम्रध्वज साहू पर्यवेक्षक बनाया गया है। धमतरी नगर पालिक निगम में अग्नि चंद्राकर के स्थान पर कवासी लखमा पर्यवेक्षक बनाया गया है। गरियाबंद नगर पालिका परिषद के लिये इंदरचंद धाड़ीवाल के स्थान पर मदन तालेड़ा पर्यवेक्षक बनाया गया है।

सीएम हाऊस में कल ‘जनचौपाल स्थगित

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर स्थित निवास में एक जनवरी बुधवार को आयोजित होने वाला ‘जनचौपाल भेंट-मुलाकात‘ का कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित रहेगा।

हनी ट्रैप में फंसी लेडी डॉक्टर का सनसनीखेज आरोप

दावा, मैं नहीं कारोबारी केतन शाह करता था ब्लैकमेल

होटल कोर्ट मेरियॉट में पत्नी बताकर रुकवाया और किया दुष्कर्म, वीडियो बना शादी नहीं करने करता रहा ब्लैकमेल, फिर फंसाया

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। हनी ट्रैप की खबरों के बीच खुद को पाक-साफ बताने की ऐसी कोशिश हुई कि पुलिस भी डेंटल की पढ़ाई कर रही छात्रा को ब्लैकमेलर समझ गई। शादिशुदा कारोबारी को हनी ट्रैप में फसा मजबूर समझकर बिना जांच किये ही एकतरफा कार्रवाई कर दिया। अब छुटकर आई डेंटल की छात्रा बदनामी के बाद जो दावे और जांच के बिंदु पर पुलिस से मदद मांग रही है तो उसकी सुनवाई नहीं हो रही। बीते दस दिनों से सीएसपी, थाना और आखिरकार एसएसपी कार्यालय में शिकायत आवेदन ले जांच कराने की अपील कर रही है।

जानकारी के मुताबिक राजधानी हनी ट्रैप मामले में डाक्टर युवती के बयान के बाद मामला अब उलझ गया है। हनी ट्रैप की आरोपी डाक्टर का आरोप है कि उसने किसी का हनी ट्रैप नहीं किया, बल्कि वो ट्रैप की शिकार बनायी गयी है। मामले में करोड़पति कारोबारी केतन शाह पर डेंटिस्ट युवती ने रेप का संगीन आरोप लगाया है। डेंटल छात्रा का कहना था कि आरोपी कारोबारी केतन शाह उससे शादि नहीं करने और जब मन करता वह वीडियो व दस्तावेज के आधार पर उसका दैहिक शोषण करता था। जब परिजनों ने युवती की शादि की बात चलाई तब आरोपी ने हनी ट्रैप की कहानी गढ़कर उसे सबक सिखाया है।

घर में बहन, होटल में पत्नी बताता था केतन

युवती ने सनसनीखेज खुलासा किया है कि कारोबारी केतन शाह की नियत ही खराब थी। वह पुलिस को ही नहीं बल्कि मुझे भी उलझाए रखा। युवती ने दावा किया है कि कारोबारी केतन शाह घर में उसे बहन बताकर मिलाता और फिर होटलों में उसे पत्नी बताकर रुकवाता रहा। पुलिस ने भी इस दावे की जांच करने की बजाए या सीधे तौर पर युवती को ही हनी ट्रैप का दोषी समझ सादे कागज पर हस्ताक्षर ले कार्रवाई की है ऐसा युवती का कहना है। अगर युवती ने कारोबारी से लाखों रुपए ठगा और ब्लैक मेल कर रही थी तो न ही रकम मिली और न ही युवती पर कब, कितने पैसे लुटवाए उसकी पुलिस ने जांच की है।

यह मामला, बदनामी के नाम पर रही चुप

सितंबर महीने में राजधानी के एक बड़े कारोबारी ने मेडिकल स्टूडेंट पर हनी ट्रैप का गंभीर आरोप लगाया था। कारोबारी का कहना था कि डेंटिस्ट ने उसका हनी ट्रैप किया है और उसके एवज में 1 करोड़ से ज्यादा वसूल चुकी है। शिकायत के बाद पुलिस ने उसी वक्त उस युवती को गिरफ्तार कर लिया था। जमानत के बाद युवती लगातार इस मामले में शिकायतकर्ता केतन शाह पर ही पूरे मामले में संलिप्तता का आरोप लगाया था और शिकायतें की थी। आरिफ शेख से शिकायत करने पहुंची आरोपी डेंटिस्ट का कहना है कि 2012 में केतन ने उसके साथ कार में बलात्कार किया। वो उसे झांसा देकर कार में ले गया था कि कि उसकी बहन डेंटिस्ट हैज्क्योंकि वो [illegible] की पढ़ाई कर रही थी, लिहाजा वो केतन के साथ कार में जाने पर राजी हो गयी, लेकिन उसी दौरान केतन ने उसके साथ रेप किया। बलात्कार की इस घटना को वो बदनामी की वजह से चुप रही।

सुलगते सवाल

- पुलिस ने मामले में इकतरफा कार्रवाई क्यों की
- कारोबारी को पुलिस ने क्यों क्लीन चिट दे दिया
- होटल कोर्ट मेरियॉट के रजिस्टर की जांच क्यों नहीं की
- युवती ने करोड़ों ठगा तो पुलिस को पैसा मिला क्यों नहीं
- सीएसपी शर्मा ने युवती से क्यों की बदतमीजी, सुना भी नहीं
- कारोबारी ने जैसा किस्सा सुनाया पुलिस उसे ही सहीं क्यों मानी

सीएम बघेल से मिले सिख समाज के प्रतिनिधि मंडल

गुरू गोविंद सिंह की जयंती पर ऐच्छिक अवकाश की घोषणा पर आभार जताया

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में विधायक कुलदीप जुनेजा और छत्तीसगढ़ राज्य अल्प संख्यक आयोग के अध्यक्ष महेन्द्र छावड़ा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की।

मुख्यमंत्री श्री बघेल को प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश में गुरू गोविंद सिंह की जयंती पर 2 जनवरी को ऐच्छिक अवकाश की घोषणा करने पर आभार व्यक्त किया। साथ ही प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को राजधानी रायपुर के पण्डरी में गुरू गोविंद सिंह की जयंती के अवसर पर 2 जनवरी को आयोजित होने वाले समारोह के लिए आमंत्रित भी किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के संयोजक सुरेन्द्र सिंह छावड़ा और पदाधिकारी गुरमीत सिंह गुरूदत्ता, तेजिंदर होरा, गुरूबक्श छावड़ा, जसमीत चावला, सुरेन्द्र छावड़ा, मंजीत सलूजा, राजा भल्ला तथा इन्द्रजीत छावड़ा आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना में 73 हजार से अधिक लोगों का इलाज

प्रदेश के 1,369 शहरी स्लम्स में मोबाइल मेडिकल टीम द्वारा नि:शुल्क जांच, उपचार एवं दवा वितरण

रायपुर। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत पिछले तीन महीनों में 73 हजार से अधिक लोगों का इलाज किया गया है। प्रदेश के सभी 13 नगर निगमों के कुल एक हजार 369 स्लम्स में स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल मेडिकल टीम ने पहुंचकर लोगों को निःशुल्क उपचार, चिकित्सा परामर्श एवं दवाईयां उपलब्ध कराई हैं। स्लम क्षेत्रों में आयोजित शिविरों में मलेरिया, एचआईव्ही, मधुमेह, एनिमिया, टीबी, कुष्ठ, उच्च रक्तचाप, नेत्र विकार व गर्भवती महिलाओं की जांच के साथ ही बच्चों का टीकाकरण भी किया जा रहा है। सभी लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और इसके सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य शासन द्वारा इस वर्ष 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन से मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना शुरू की गई है। शुरूआत से ही इस सुविधा को लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। स्लम क्षेत्रों में लगाए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों में बड़ी संख्या में लोग इलाज कराने पहुंच रहे हैं। प्रदेश के नगर निगम क्षेत्रों की एक हजार 567 स्लम्स में रहने वाली करीब 16 लाख आबादी को विद्यमान स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ही इस योजना के जरिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराई जा रही है।

13 पार्षदों पर खतरा, मंत्री एक मात्र सहारा

- ■ पार्षदों की शून्य हो चुकी पार्षदी को बचाने मंत्री ने की घोषणा
- ■ नियमों में संशोधन कर पार्षदों को दिलाएंगे पार्षदी

नवप्रदेश संवाददाता

उतई। राज्य शासन द्वारा नगर निगम रिसाली के गठन पश्चात 13 पार्षदों की पार्षदी चली गयी ,जिसे वापस पाने पार्षदों ने मंत्री से अनुरोध किया जिस पर मंत्री ने पार्षदों को मंच से घोषणा किया कि आप लोगो की पार्षदी बचाने मैं प्रयास करूंगा । पार्षदों में केशव बंछोर, नरेश कोठारी, व चंद्रभान सिंह ठाकुर आये थे। खोपली में गुरूघासीदास जयंती को संबोधित करते हुए मंत्री ने पार्षदों को आश्वत किया किया उनकी पार्षदी को बचाने का प्रयास किया जाएगा ।

अब 13 वार्ड होगा 40 , पार्षदों को ढूढना होगा नया

रिसाली निगम को 40 बनाये जाना अनिवार्य है जिसमे आरक्षण की प्रक्रिया भी अपनायी जाएगी ,जिससे कई निर्वतमान पार्षदों को अपनी पसंद का सीट नही मिल पाएगी ,उनको नए सीट से लड़ना पड़े।

चुनाव अब दिसम्बर 2020 में संभव

नगर निगम रिसाली में वार्डो के परिसीमन व आरक्षण पश्चात चुनाव भिलाई नगर निगम व चरोदा निगम के साथ करने के लिए शासन की तैयारी चल रही है । तब तक नए आयुक्त ही अब कार्यो को सुचारू रूप से संचालित करेंगे।

इन 13 पार्षदी की पार्षदी गयी

रिसाली जोन के उन 13 पार्षदों की पार्षदी शून्य हो चुकी है जिसमे वार्ड 39 से भैरो सिंह सोनवानी, वार्ड 40 से ममता बाग़, वार्ड 41 से संजू साहू, वार्ड 42 से गोविंद चतुर्वेदी, वार्ड 43 से नरेश कोठारी, वार्ड 44 से राजू मंडावी, वार्ड 45 केशव बंछोर, वार्ड 58 से भुपेश ठाकुर, वार्ड 59 से चंद्रभान ठाकुर, वार्ड 60 से चुम्मन ठाकुर, वार्ड 61 से मोनिका चन्द्राकर, वार्ड 62 से रंग बहादुर वार्ड 63 से राजेन्द्र रजक, अब इन पार्षदों को न ही पार्षद निधि मिल पाएगी न ही उनका वेतन । शासन ने कलेक्टर को मुख्य प्रशासक नियुक्त किया है जो 15 लाख तक के विकास कार्यो के लिए राशि दे सकेगी। लेकिन बिना परिषद के इन पार्षदों की वैधानिक मान्यता शून्य हो गयी है। दो एल्डरमेन को मिला जीवनदान, मगर क्षेत्र में नही करा पाएंगे विकास कार्य – राज्य शासन द्वारा अभी अभी नए बनाये एल्डरमेन में रिसाली जोन से दो एल्डरमेन तरुण बंजारे व संगीता सिंग की नियुक्ति की गई थी ।जिसे लेकर कयास लगाए जा रहे थे कि इनकी भी नियुक्ति शून्य हो गयी करके ।मगर उनके वेतन भिलाई से जारी हो सकते है मगर रिसाली क्षेत्र में विकास कार्य नही करा पाएंगे । न ही अपनी निधि का प्रयोग इस क्षेत्र में कर पाएंगे । इस पर भी अभी भी संशय की स्थिति बनी हुई है ।

नियम नहीं, कलेक्टर ही दे सकेंगे उनके आवेदन को महत्व

राज्य शासन ने की जल्दी ,नही तो 6 महीने तक और निभाते पार्षदी, मिलता वेतन

राज्य शासन के फैसले को अधिकांस पार्षद दबी जुबान स्वागत जरूर कर रहे है मगर बहुत से पार्षदों के अंदर अपने 1 साल के पार्षदी के लिए थिस भी है जिससे जगह जगह चर्चा चल रही है कि 6 महीने बाद में गठन करने था जिससे हमें विकास करने का मौका मिलता , व वेतन भी का फायदा होता।

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा का पहला नगर निगम तो राज्य का 14 वां

रिसाली नगर निगम दुर्ग जिले के दुर्ग भिलाई व चरौदा के बाद चौथे नंबर का होगा तो दुर्ग ग्रामीण विधानसभा का पहला व राज्य का 14वां निगम बन गया है। 27 दिसम्बर को विधिवत आदेश जारी कर गठन हो चुका है।

मेरा प्रयास जरूर रहेगा

मैंने पार्षदों के निवेदन पर खोपली में घोषणा किया हु मेरा प्रयास जरूर रहेगा कि 13 पार्षदों की पार्षदी को बचाने का प्रयास किया जाएगा। या उनकी विकास कार्यो के लिए कलेक्टर को मान्य किया जाएगा जिससे उनके वार्डो में विकास हो सके।

ताम्रध्वज साहू , मंत्री छत्तीसगढ़ शासन

निगम का गठन होते ही उनकी पार्षदी शुन्य हो चुकी है : कलेक्टर

अभी इस बारे में मुझे कोई सूचना प्राप्त नहीं हुआ है, मगर निगम का गठन होते ही 13 पार्षदों की पार्षदी शून्य हो चुकी है, मंत्री जी आदेश आये तो पार्षदों के आवेदन पर वार्डो का विकास सुचारू रूप से करेंगे।

अंकित आनंद , कलेक्टर दुर्ग